

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran



11 भारत ने कैसे निकाली बैजबॉल की हवा ...

अभी और सांसद-विधायक टूटेंगे ... 12

वर्ष : 14 | अंक : 278 | नई दिल्ली, मंगलवार, 20 फरवरी, 2024 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

# विकास के साथ विरासत के मंत्र को आत्मसात कर रहा है नया भारत: मोदी

## प्रधानमंत्री ने श्रीकल्कि धाम मंदिर की आधारशिला रखी

प्रात : किरण

संभल/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि आज का नया भारत विकास के साथ विरासत के मंत्र को आत्मसात कर रहा है। कल्कि मंदिर के शिलान्यास के अवसर पर श्री मोदी ने कहा, हम विकास भी, विरासत भी के मंत्र को आत्मसात करते हुए चल रहे हैं। आज एक ओर हमारे तीर्थों का विकास हो रहा है, तो दूसरी ओर शहरों में हाइटेक इंफ्रास्ट्रक्चर भी तैयार हो रहा है। आज अगर मंदिर बन रहे हैं, तो देश भर में नए मेडिकल कॉलेज भी बन रहे हैं। आज विदेशों से हमारी प्राचीन मूर्तियां भी वापस लाई जा रही हैं और रिकॉर्ड संख्या में विदेशी निवेश भी आ रहा है।

कांग्रेस का नाम लिये बगैर उन्होने कहा, कई ऐसे अच्छे काम हैं, जो कुछ लोग मेरे लिए ही छोड़ कर चले गए हैं। आगे भी जितने अच्छे काम रह गए हैं, उनको भी संतों और जनता-जनार्दन के आशीर्वाद से हम पूरा करेंगे। मुझे विश्वास है कि कल्कि धाम



भारतीय आस्था के एक और विराट केंद्र के रूप में उभरकर सामने आएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत पराभव से भी विजय को खींच लाने वाला राष्ट्र है। हम पर सैकड़ों वर्षों तक इतने आक्रमण हुए। कोई और देश होता, कोई और समाज होता तो लगातार इतने आक्रमणों की चोट से पूरी तरह नष्ट हो गया होता। फिर भी हम न केवल डटे रहे, बल्कि और भी ज्यादा मजबूत होकर सामने आए। आज पहली बार भारत उस मुकाम पर है, जहां हम अनुसरण नहीं कर रहे, उदाहरण पेश कर रहे हैं। उन्होने कहा कि आज पहली बार भारत को टेक्नोलॉजी और डिजिटल टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में संभावनाओं के केंद्र के रूप में देखा जा रहा है। हमारी पहचान इनोवेशन हब के तौर पर हो रही है। पहली बार भारत का नागरिक चाहे वो दुनिया के किसी भी कोने में हो, अपने आप को गौरवान्वित महसूस करता है। श्री मोदी ने कहा, देश में सकारात्मक सोच और आत्मविश्वास का ज्वार अद्भुत है। इसलिए आज हमारी शक्ति भी अनंत है और हमारे लिए संभावनाएं भी अपार हैं। उन्होने कहा कि कई एकड़ में फैला ये विशाल धाम कई मायनों में विशिष्ट होने वाला है। ये ऐसा मंदिर होगा, जिसमें 10 गर्भगृह होंगे और भगवान के सभी 10 अवतारों को विराजमान किया जाएगा। दस अवतारों के माध्यम से हमारे शास्त्रों में केवल मनुष्य ही नहीं बल्कि अलग-अलग स्वरूपों में ईश्वरीय अवतार को प्रस्तुत किया गया है। यानी हमने हर जीवन में ईश्वर की ही चेतना के दर्शन किये हैं। श्री मोदी ने कहा कि आज छत्रपति शिवाजी महाराज की जन्म-जयंती भी है। ये दिन इसलिए और भी पवित्र और प्रेरणादायक हो जाता है। आज हम देश में जो सांस्कृतिक पुनरोदय देख रहे हैं, अपनी पहचान पर गर्व कर रहे हैं, ये प्रेरणा हमें छत्रपति शिवाजी महाराज से ही मिलती है। मैं इस अवसर पर छत्रपति शिवाजी महाराज के चरणों में श्रद्धापूर्वक नमन करता हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज यूपी की धरती से भक्ति, भाव और अध्यात्म की एक और धारा प्रवाहित होने को लालायित है। आज पूज्य संतों की साधना और जनमानस की भावना से एक और पवित्र धाम की नींव रखी जा रही है।

## मौसम

अधिकतम तापमान 31°C

न्यूनतम तापमान 25.0°C

| | |
|---|---|
| हां | 30% |
| नहीं | 50% |
| कह नहीं सकते | 10% |

## बाजार

सोना 59,340

चांदी 55,350

सेंसेक्स 63,327

निफ्टी 18,816

## संक्षिप्त खबरें

### पीएम आईआईएम के तीन परिसरों का आज करेंगे उद्घाटन

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शिक्षा क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए मंगलवार को जम्मू, बोधगया और विशाखापत्तनम में भारतीय प्रबंधन संस्थान के परिसरों का उद्घाटन करेंगे और 13,000 करोड़ रुपये से अधिक की कई परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे। मोदी जिन परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित करेंगे उनमें सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान भिलाई, आईआईटी तिरुपति, आईआईटी जम्मू, भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी, अभिकल्पना एवं विनिर्माण संस्थान कांचीपुरम, कानपुर में उन्नत प्रौद्योगिकियों पर एक अग्रणी कौशल प्रशिक्षण संस्थान और उत्तराखंड के देवप्रयाग एवं त्रिपुरा के अगरतला में केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के दो परिसर शामिल हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय के एक बयान में कहा गया है, देश भर में कौशल संबंधी बुनियादी ढांचे और शिक्षा के उन्नयन एवं विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए प्रधानमंत्री लगभग 13,375 करोड़ रुपये की कई परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे, कई परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित करेंगे और कई परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे। बयान में कहा गया है, वह देश भर में केंद्रीय विद्यालयों के 20 नए भवनों और 13 नए नवोदय विद्यालयों भवनों का भी उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी देश भर में पांच केवी परिसरों, एक एनवी परिसर और एनवी के लिए पांच बहुउद्देशीय सभागार की आधारशिला भी रखेंगे।

### केजरीवाल ईडी के छठे समन पर भी पूछताछ के लिए नहीं हुये पेश

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी ने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में पूछताछ के लिए सोमवार को ईडी के सामने पेश नहीं होंगे। पार्टी ने अपने राष्ट्रीय संयोजक को एजेंसी द्वारा जारी छठे समन को अवैध करार दिया और कहा कि केजरीवाल को बार-बार समन भेजने के बजाय ईडी को अदालत के फैसले का इंतजार करना चाहिए। कई बार समन जारी करने के बाद भी केजरीवाल के पूछताछ में शामिल नहीं होने पर ईडी ने अदालत में शिकायत दर्ज कराई है। अदालत ने केंद्रीय एजेंसी द्वारा दायर शिकायत के संबंध में केजरीवाल को शनिवार को व्यक्तिगत तौर पर पेश होने से राहत दे दी थी। केजरीवाल के अधिवक्ता द्वारा दायर आवेदन में कहा गया कि दिल्ली विधानसभा का बजट सत्र 15 फरवरी से शुरू हो गया है और मार्च के पहले सप्ताह तक चलेगा।

### लेफ्टिनेंट जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने सेना उपप्रमुख का पदभार किया ग्रहण

नई दिल्ली, । लेफ्टिनेंट जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने सोमवार को लेफ्टिनेंट जनरल एम. वी. सुचिन्द्र कुमार की जगह सेना के उपप्रमुख का पदभार ग्रहण किया। लेफ्टिनेंट जनरल द्विवेदी इससे पहले नॉर्थन आर्मी कमांडर के पद पर कार्यरत थे। लेफ्टिनेंट जनरल कुमार को उधमपुर स्थित नॉर्थन कमांड का जनरल-ऑफिसर-कमांडिंग नियुक्त किया गया है। मौजूदा सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे 31 मई को सेवानिवृत्त होंगे। उनके बाद सेना प्रमुख बनने की दौड़ में लेफ्टिनेंट जनरल द्विवेदी सबसे आगे हैं। अपनी नई जिम्मेदारी संभालने से पहले लेफ्टिनेंट जनरल द्विवेदी ने यहां राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर शहीद नायकों को श्रद्धांजलि दी और गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण किया।

## मुख्यमंत्री ने 383 पुलिस वाहनों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

# राज्य में पुलिसिंग की कार्यक्षमता एवं दक्षता और बढ़ेगी

### विधि व्यवस्था के संधारण में भी होगी सहूलियत

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को पुलिस को सुदृढ़ करने हेतु थानों एवं इकाईयों के लिए 383 पुलिस वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इन पुलिस वाहनों की उपलब्धता से राज्य में पुलिसिंग की कार्यक्षमता एवं दक्षता और बढ़ेगी, साथ ही विधि व्यवस्था के संधारण में सहूलियत होगी। 1 अणे मार्ग प्रांगण में आयोजित लोकार्पण कार्यक्रम में पुलिस महानिदेशक आरएस भट्टी ने मुख्यमंत्री को पौधा भेंटकर उनका अभिनन्दन किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव आमिर



सुबहानी, पुलिस महानिदेशक आर एस भट्टी, गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव सह मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ एस सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, गृह विभाग के सचिव प्रणव कुमार, गृह विभाग की विशेष सचिव के सुहिता अनुपम, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह सहित अन्य वरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

# सीएम नीतीश के नेतृत्व में आगे बढ़ रहा बिहार : सम्राट

### सदन में बजट पर चर्चा के दौरान उपमुख्यमंत्री ने गिनाई सरकार की उपलब्धियां

- बोलें-2005 से पहले की स्थिति सबको पता है
- यह विकास और न्याय का बजट है

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार बदल रहा है। वित्तीय बजट 2024-25 में दो लाख 78 करोड़ से ज्यादा का बजट हो गया है। यह विकास और न्याय का बजट है। सोमवार को सदन में बजट पर चर्चा के दौरान सरकार का पक्ष रखते हुए वित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने ये बातें कहीं। इस दौरान डिप्टी सीएम ने प्रमुख लालू यादव और उनके परिवार पर जमकर हमला बोला। सम्राट चौधरी ने कहा कि 2005 से पहले क्या स्थिति थी यह सब लोग जनते हैं। आज बिहार आगे बढ़ रहा है। उन्होंने सीएम नीतीश कुमार ड्रीम प्रोजक्ट सात निश्चय एक और दो की भी तारीफ की।

रोजगार पर विपक्ष के सवाल पर सम्राट चौधरी ने कहा कि यह लोग रोजगार की चिंता करते हैं, लेकिन इनको पता नहीं है कि बिहार में लालू जी मुख्यमंत्री रहे तब तक राज्य के लोगों को एक लाख नौकरी भी नहीं मिली। बिहार में 2005 से 2020 तक सात लाख से अधिक



नौकरी दी गई। सम्राट चौधरी ने दावा करते हुए कहा कि जातीय गणना करना बिहार की एनडीए सरकार का निर्णय था। जून 2022 के कैबिनेट में निर्णय लिया गया था। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार ने ठहरे बिहार को आगे बढ़ाया है। सम्राट चौधरी ने आरोप लगाते हुए कहा कि कभी मुख्यमंत्री आवास से अपराध को संरक्षण मिलता था। एक अणे मार्ग में वसूली होती थी। नीतीश कुमार ने इन सबको बदला। आज उनके नेतृत्व में बिहार न्याय और विकास के साथ साथ बढ़ रहा है।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार की अर्थव्यवस्था वर्ष 2022-23 के दौरान पूरे देश में 10.64 प्रतिशत की वृद्धि दर के साथ अग्रणी रहा है, जो एक बड़ी उपलब्धि है। मुझे यह बताते हुए हर्ष हो रहा है कि बिहार की यह वृद्धि दर देश के अन्य राज्यों एवं केन्द्र प्रशासित प्रदेशों से अधिक है जबकि 10.2 प्रतिशत के साथ असम दूसरे स्थान पर तथा 9.2 प्रतिशत के साथ दिल्ली तीसरे स्थान पर है। बिहार राज्य की इस आर्थिक विकास दर को आगे बढ़ाते हुए वित्तीय वर्ष 2024-25 में 13.69 प्रतिशत वृद्धि दर अनुमानित किया गया है।

राज्य के सर्वांगीण विकास हेतु मुख्यमंत्री के मंत्र न्याय के साथ विकास की यात्रा को अधिक तेजी से आगे बढ़ाने का संकल्प इस बजट के केन्द्र बिन्दु में है। सरकार द्वारा पूर्व से चलाये जा रहे योजनाओं व कार्यक्रमों के साथ-साथ वर्ष 2024-25 के बजट में नियुक्ति एवं रोजगार, महिला सशक्तिकरण, विभिन्न वर्गों का कल्याण, स्वास्थ्य प्रक्षेत्र, शिक्षा प्रक्षेत्र, कृषि एवं ग्रामीण विकास, उद्योग एवं उद्यमित्ता विकास एवं पर्यावरण संरक्षण एवं हरित विकास की प्राथमिकताएं भी निर्धारित की गई है। खिलाड़ियों के चहूँमुखी विकास के लिए एक नया खेल विभाग का गठन किया गया है। श्री चौधरी ने कहा कि स्वच्छता हेतु सघन अभियान चलाया जा रहा है। जीविका ने महिलाओं के सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न क्षेत्र जैसे वित्तीय समावेशन, कृषि उद्यमिता, दीदी की रसोई, बैंक सखी, स्वास्थ्य सहित स्वच्छता के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है।

# रामभक्तों को लेकर रवाना हुई आस्था स्पेशल ट्रेन

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। पटना से अयोध्या जाने वाले श्रद्धालुओं को लेकर सोमवार को आस्था स्पेशल ट्रेन रवाना हुई। पटना जंक्शन से रामभक्तों को लेकर जाने वाली आस्था स्पेशल ट्रेन को उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने झंडी



दिखाकर रवाना किया। इस दौरान पटना जंक्शन जय श्रीराम के नारे से गूंज उठा। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री श्री सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी सनातन के प्राचीन वैभव को पुनर्जीवित करने में लगे हैं। उन्होंने कहा कि 500 सालों के बाद न केवल टेंट में रह रहे प्रभु श्रीराम भव्य मंदिर में प्रवेश किए बल्कि आजादी के बाद इन गरीबों के लिए भी घर बने जो परिवार अब तक झोपड़ी में रहता था। उन्होंने कहा कि आज काशी का विकास हो रहा है तो अयोध्या में पर्यटकों की संख्या में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि यह रामभक्तों के लिए अनोखा अवसर है जब उनके लिए किसी सरकार ने रामलला के भव्य मंदिर का दर्शन करने के लिए व्यवस्था की है।

## कमलनाथ के बारे में दुष्प्रचार भाजपा का एजेंडा : कांग्रेस

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। कांग्रेस ने मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के पार्टी से रिश्ता तोड़ कर भाजपा में जाने संबंधी अटकलों को सिरे से खारिज करते हुए सोमवार को कहा कि वह पार्टी के वरिष्ठ नेता हैं और राहुल गांधी की अगुवाई वाली भारत जोड़ो न्याय यात्रा के प्रदेश में पहुंचने के बाद इसमें शामिल होंगे। पार्टी महासचिव और मध्य प्रदेश प्रभारी जितेंद्र सिंह ने यह दावा भी किया कि कमलनाथ को लेकर जो अटकलें और दुष्प्रचार हैं वो सब भारतीय जनता पार्टी का किया धरा है। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, कमलनाथ जी हमारे बहुत ही वरिष्ठ नेता हैं। जो भी अटकलें चल रही हैं, ये सब भाजपा और मीडिया के एक हिस्से द्वारा फैलाया गया दुष्प्रचार है। सिंह के अनुसार, कमलनाथ जी से मेरी रविवार भी बात हुई, शनिवार को भी बात हुई थी। उनसे चर्चा हुई कि यात्रा में किस तरह से तैयारियां करनी हैं। मंगलवार मैं भोपाल जा रहा हूं, सांसद, विधायकों और नेताओं के साथ बैठक होगी। बैठक में कमलनाथ जी भी शामिल होंगे। उनके सुझाव के हिसाब से यात्रा चलेगीकमलनाथ जी यात्रा में प्रमुख रूप से भाग लेंगे।

# आज लोग कहने लगे हैं कि सुरक्षित प्रदेश का मतलब उप्र : योगी

प्रात : किरण

लखनऊ, एजेंसी। ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी) के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हम सभी का सौभाग्य है कि जब भारत अमृत काल में प्रवेश कर चुका है तो हम इस कालखंड के साक्षी और सहभागी बन सके हैं। भारत के अमृतकाल के सारथी के रूप में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का यशस्वी मार्गदर्शन और नेतृत्व प्रदान हो रहा है। प्रधान नरेन्द्र मोदी के मिशन को हम लक्ष्य तक पहुंचाएंगे।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि मुझे याद है कि वर्ष 2018 के इन्वेस्टर समिट में प्रधानमंत्री



मोदी ने कहा था कि उप्र में बहुत कुछ है लेकिन बदले हुए समय में वैल्यू एडिशन की बहुत आवश्यकता है। वर्क कल्चर से ही नहीं बल्कि हर क्षेत्र में अपको वैल्यू एडिशन की जरूरत है। आज छह वर्ष बाद मुझे यह कहने में खुशी हो रही है कि प्रधानमंत्री मोदी के उन शब्दों को यूपी ने आत्मसात किया है। परिणाम स्वरूप आज ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का चौथा संस्करण आयोजित हो रहा है।

उन्होंने कहा कि आचार्य चाणक्य ने कहा था कि भूमि, जनसंख्या और पूंजी पर ध्यान देने की जरूरत होती है। आज उत्तर प्रदेश में यह तीनों तत्व प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है। इस सेरेमनी के माध्यम से होने वाले निवेश के माध्यम 34 लाख युवाओं को रोजगार भी मिलेगा। आज यूपी दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर उभरा है। उप्र की उपलब्धियां गिनाते हुए मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा एयरपोर्ट है। एक्सप्रेसवे बन रहे हैं। हम उम्मीद करते हैं कि जब आप प्रयागराज में महाकुम्भ में आएं तो गंगा एक्सप्रेसवे बनकर तैयार होगा। इज ऑफ डूइंग बिजनेस में यूपी का अपना स्थान है। आज यूपी में न बिल पावर की कमी है और मैन पावर की कमी है। आज हर निवेशक आना चाहता है। आज लोग कहने लगे हैं कि सुरक्षित प्रदेश का मतलब उत्तर प्रदेश। देश पांच ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनने की अग्रसर है। मोदी की गारंटी है। यूपी समेत देश को पूरा भरोसा है। यूपी राम, कृष्ण, बाबा विश्वनाथ की भूमि है। सन्तों की भूमि है। यूपी उद्योग की भी भूमि है। यूपी भारत का ग्रोथ इंजन बनकर उभरा है। मोदी मिशन को लक्ष्य तक पहुचाएंगे।

# भारत किसी भी आपदा से निपटने में सक्षम : शाह

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बहुपक्षीय आपदा प्रबंधन योजना लागू की है और इसके तहत सरकार ने त्वरित कार्रवाई बल स्थापित करने के साथ ही पूर्व चेतावनी प्रणाली विकसित की है जिससे लाखों लोगों की जान बचाने में मदद मिली। शाह ने कहा कि एक आपदा रोधी देश के निर्माण के लिए प्रधानमंत्री ने आपदाओं के प्रति भारत की प्रतिक्रिया में शून्य-हताहत दृष्टिकोण अपनाया है और अब आपदा प्रतिक्रिया दल हर व्यक्ति को सुरक्षित करने के लक्ष्य से प्रेरित होकर पूरी तरह से पेशेवर बल के रूप में काम करते हैं। शाह ने एक्स पर आपदा रोधी भारत हैशटैग के साथ पोस्ट किया, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने एक बहुपक्षीय आपदा



प्रबंधन योजना लागू की है। इस दृष्टिकोण के तहत मोदी सरकार ने त्वरित प्रतिक्रिया बल स्थापित किये और सतर्क पूर्व चेतावनी प्रणाली विकसित की जिससे लाखों लोगों की जान बचाई गई। गृह मंत्री ने कहा कि मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत आज किसी भी आपदा से निपट सकता है।

# प्राण प्रतिष्ठा समारोह में राष्ट्रपति को नहीं बुलाया जाना दुर्भाग्यपूर्ण : राहुल

### दलितों, पिछड़ों व आदिवासियों का किया गया अपमान

प्रात : किरण

प्रतापगढ़/एजेंसी। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को कहा कि राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों यहां तक कि देश की राष्ट्रपति तक को नहीं बुलाया जाना, इन सब का अपमान है। राहुल गांधी की अगुवाई वाली भारत जोड़ो न्याय यात्रा सोमवार को प्रतापगढ़ पहुंची।

यहां रामपुर खास विधानसभा क्षेत्र के लालगंज इंदिरा चौक पर जनसमूह को संबोधित करते हुए गांधी ने कहा,



राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में अडाणी, अंबानी और अभिताभ बच्चन को बुलाकर मोदी ने यह संदेश दिया कि देश की 73 प्रतिशत आबादी का कोई महत्व नहीं है। राहुल गांधी ने मोदी सरकार पर दलितों, पिछड़े वर्ग और आदिवासियों की उपेक्षा का आरोप लगते हुए कहा कि उन्हें दरकिनार कर पूंजीपतियों को तरजीह दी जा रही है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री मोदी किसानों कि जेब काटकर अमीरों की जेब भर रहे हैं। धर्म, मजहब के नाम पर देश में नफरत फैलाने का काम किया जा रहा। सरकार देश में युवाओं को रोजगार और महिलाओं की सुरक्षा देने में विफल रही है। ईडी और सीबीआई आदि एजेंसियां मोदी की कठपुतली हैं, जिसका उपयोग विपक्षी पार्टियों को धमकाने के लिए किया जा रहा है।

भारत जोड़ो न्याय यात्रा जिला मुख्यालय होते हुए लालगंज पहुंची। कांग्रेस कार्यकताओं ने जगह-जगह राहुल गांधी का स्वागत किया। इस अवसर पर राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी, विधायक मोना और कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी मौजूद रहे।

## अभ्यास

### वायु सेना का एयर शो आज से शुरू होगा, दुनियाभर की प्रदर्शन टीमें होंगी शामिल

# सारंग हेलीकॉप्टर डिस्प्ले टीम सिंगापुर एयर शो के लिए पूरी तरह तैयार

### डिस्प्ले टीम ने सिंगापुर के चांगी एयरबेस पर पहला अभ्यास प्रदर्शन किया

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। भारतीय वायु सेना की सारंग हेलीकॉप्टर डिस्प्ले टीम ने 12 फरवरी को सिंगापुर पहुंचने के बाद रविवार को पहला अभ्यास प्रदर्शन किया। यह टीम सिंगापुर गणराज्य वायु सेना के चांगी एयरबेस से काम कर रही है। सिंगापुर एयर शो 20 फरवरी से शुरू होगा, जिसमें दुनियाभर की प्रदर्शन टीमें शामिल होंगी। एयर शो में प्रमुख हेलीकॉप्टर उत्पादक कंपनियां एवं ऑपरेटर अपने उत्पादों का प्रदर्शन करेंगे। विंग कमांडर आशीष मोघे ने सोमवार को बताया कि सारंग टीम इस वर्ष सिंगापुर एयर शो में दर्शकों के लिए चार हेलीकॉप्टरों का प्रदर्शन कर रही है। इस डिस्प्ले को एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर ध्रुव की दक्षता और बहु उपयोगिता के साथ-साथ इन्हें उड़ाने वाले भारतीय वायुसेना पायलटों के उच्च स्तर के कौशल को प्रदर्शित करने के लिए



डिजाइन किया गया है। स्वदेश निर्मित एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर और इसके उन्नत संस्करण भारत की सभी सैन्य सेवाओं में संचालित किए जाते हैं। इस प्लेटफॉर्म का सफल इंडक्शन और परिचालन उपयोग रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की शानदार सफलता की गाथाओं में से एक है हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड ने एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर (ध्रुव) का निर्माण किया है, जिसे सारंग टीम संचालित करती है। हालांकि, सारंग टीम का पहला अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शन 2004 में चांगी प्रदर्शनी केंद्र एशियाई एयरोस्पेस एयर शो के लिए सिंगापुर में हुआ था लेकिन यह हेलीकॉप्टर पहली बार सिंगापुर एयरशो में शामिल हो रहा है। भारतीय वायु सेना की विश्व प्रसिद्ध सारंग हेलीकॉप्टर डिस्प्ले टीम 20 फरवरी से सिंगापुर में होने वाले एयर शो में एयरोबेटिक्स युद्धाभ्यास का प्रदर्शन करेगी। इसके लिए भारत के 71 वायु योद्धाओं की एक टीम सिंगापुर के पया लेबर एयरबेस पर पहुंच चुकी है। भारतीय वायुसेना के हेवी लिफ्ट परिवहन विमान सी-17 ग्लोबमास्टर से सारंग हेलीकॉप्टर डिस्प्ले टीम को सिंगापुर ले जाया गया है।

## एमएसपी की कानून गारंटी की मांग जारी : किसान नेता

### कहा- किसान केंद्र के प्रस्ताव पर चर्चा करेंगे

प्रात : किरण

चंडीगढ़/एजेंसी। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने सोमवार को कहा कि सरकारी एजेंसियों द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य पर दलहन, मक्का और कपास खरीदने के केंद्र के प्रस्ताव पर किसान चर्चा करेंगे, लेकिन उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि वे फसलों के लिए एमएसपी की कानूनी गारंटी की अपनी मांग से पीछे नहीं हटेंगे। उनकी टिप्पणी किसान नेताओं और तीन केंद्रीय मंत्रियों की एक समिति के बीच रविवार को हुई बैठक के बाद आई है। दिल्ली चलो अभियान को लेकर हजारों किसान पंजाब और हरियाणा की सीमा पर डटे हुये हैं। शंभू सीमा पर संवाददाताओं से पंधेर ने कहा कि केंद्र की ओर से दिये गये प्रस्ताव पर किसान चर्चा करेंगे।

एक सवाल पर उन्होंने कहा कि किसान एमएसपी की गारंटी देने वाले कानून की अपनी मांग से पीछे नहीं हटे हैं और न ही कभी पीछे हटेंगे। पंधेर ने बताया कि किसान नेता खनौरी सीमा पर पहुंच रहे हैं जहां एक किसान की मौत हो गई थी। विरोध प्रदर्शन में शामिल एक 72 वर्षीय किसान की रविवार को दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। इससे पहले शंभू सीमा पर एक अन्य 63 वर्षीय किसान की भी इसी तरह मौत हो गई थी।

# राजधानी की सड़कों पर दिखा किसानों का आक्रोश, मंडी में की तालाबंदी, लगाया जाम



**देहरादून , एजेंसी।** राजधानी देहरादून में किसानों ने निरजंनपुर मंडी गेट पर तालाबंदी कर विरोध प्रदर्शन किया। किसान प्रतिनिधियों ने कहा कि लंबे समय से किसानों का बकाया भुगतान नहीं किया जा रहा है। किसानों ने मंडी प्रशासन के खिलाफ भी नारेबाजी कर नाराजगी जताई।

सोमवार को निरंजनपुर मंडी में बकाया भुगतान की मांग को लेकर भारतीय किसान यूनियन फेल्फेयर फाउंडेशन के कार्यकर्ताओं ने तालाबंदी की। यहां किसानों के प्रदर्शन के कारण सड़क जाम हो गई। निरंजनपुर मंडी में धरना प्रदर्शन के बीच दोनों गेट पर किसानों ने ताला लगा दिया। भाकियू पदाधिकारी ने कहा कि भुगतान लिए बिना वह नहीं उठेंगे। जब तक भुगतान नहीं होगा तालाबंदी जारी रहेगी किसानों ने मंडी के दोनों गेटों पर ताला लगा दिया। इससे परेशान लोगों ने ताला तोड़ने की कोशिश की। मौके पर मौजूद पुलिस लोगों को रोकने का प्रयास कर रही।

वहीं एमएसपी की कानूनी गारंटी पर रविवार को चंडीगढ़ में किसान नेताओं और तीन केंद्रीय मंत्रियों के बीच चौथे दौर की बैठक हुई। इसमें केंद्र सरकार चार और फसलों पर एमएसपी देने को तैयार हो गई है।

केंद्र के इस प्रस्ताव पर बैठक में मौजूद किसान नेताओं ने कहा कि वह सभी संगठनों से बात कर आज इस पर अंतिम फैसला बताएंगे। वहीं हरियाणा के बॉर्डर पर किसान डटे हुए हैं।

वहीं पटियाला में कैप्टन अमरिंदर के घर के बाहर दो दिन से प्रदर्शन कर रहे एक किसान की मौत हो गई है। आंदोलन में ये तीसरे किसान की मौत है। इसके अलावा शंभू बॉर्डर पर तैनात एक एसआई की भी मौत हो चुकी है।

## देहरादून के मत्स्य पालकों के लिए राहत की खबर ! अब मछलियों का करा सकेंगे बीमा

**देहरादून, एजेंसी।** मत्स्य पालन- जिले में मत्स्य पालकों के लिए यह राहत भरी खबर है। मत्स्य विभाग की ओर से मत्स्य पालकों के हित में बीमा कराने की कवायद अप्रैल से शुरू की जा रही है। यह बीमा मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा बीमा योजना के तहत किया जाएगा। जो आनलाइन और आफलाइन दोनों माध्यम से होगा।

योजना के तहत मछलियों का बीमा किया जाएगा। योजना की खास बात यह है



कि इसमें प्रीमियम की आधी राशि राज्य सरकार की ओर से दी जाएगी। इससे मछली पालकों को सिर्फ आधा प्रीमियम ही जमा करना होगा। योजना के तहत एक वर्ष के अंदर मछली मरने या किसी अन्य प्रकार से नुकसान होने पर मछली पालक को इसकी भरपाई की जाएगी। इस योजना के बाद से अब बाढ़ से तालाब टूटने, बीमारी से मछलियों के मरने, दैवीय आपदा आदि से नुकसान होने पर मत्स्य पालक को बीमा की राशि से क्षतिपूर्ति की जाएगी। इससे पहले मत्स्य पालकों को किसी प्रकार की क्षतिपूर्ति नहीं की जाती थी। जिसकी वजह से राज्य में मत्स्य पालकों का बाढ़ और आपदा के कारण भारी नुकसान हो जाता है। जिस कारण कम लोग ही इस व्यवसाय को किया करते हैं। इस योजना के बाद जिले मत्स्य पालन को बढ़ावा मिलेगा। यह बीमा तालाबों के क्षेत्रफल के आधार पर अलग-अलग प्रीमियम पर किया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### कॉर्बेट बाघ अभयारण्य में तेंदुए ने महिला को मार डाला, घास काटने के दौरान हुआ हमला

**देहरादून, एजेंसी।** कॉर्बेट बाघ अभयारण्य के ढेला रेंज में एक तेंदुए ने 48 वर्षीय महिला पर हमला कर उसे मारा डाला। कॉर्बेट बाघ अभयारण्य के निदेशक धीरज पांडे ने बताया कि कलावती देवी पर तेंदुए ने उस समय हमला किया, जब वह घास काटने के लिए अभयारण्य के जंगल में लगभग एक किलोमीटर भीतर गई थी। उन्होंने बताया कि महिला का शव बरामद कर लिया गया है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया गया है।

### कूड़े और झाड़ियों से अटी नहर, पानी ओवरफ्लो और गंदगी से 20 हजार लोग परेशान

**हरिद्वार, एजेंसी।** शहर की चार कॉलोनियों से गुजर रही नहर का झाड़-झंगाड़ से हाल बदहाल है। ऊपर से लोगों ने नहर किनारों पर कूड़े का ढेर लगा दिया है। जिससे ओवरफ्लो होकर पानी कॉलोनियों में घुस जाता है। विभाग की लापरवाही से 25 हजार की आबादी प्रभावित हो रही है। अब शिकायत मिलने पर डीएम ने नहर की साफ-सफाई के निर्देश दिए हैं।

धर्मनगरी के कनखल क्षेत्र में स्थित एक किलोमीटर लंबी सिल्ट रिजेक्टर संजय नहर सर्वोपरि विहार, आनंदमयीपुरम, लाटोवाली, हनुमान गढ़ी कॉलोनी से गुजरती है। नहर का रख-रखाव नहीं होने से बड़ी-बड़ी झाड़ियां और घास उग आई हैं। नहर सिल्ट के मलबे से अटी पड़ी है। जगह-जगह से नहर के तटबंध क्षतिग्रस्त हैं। मलबे के कारण पानी के प्रवाह को उचित रास्ता न मिलने से मानसून काल में जल ओवरफ्लो होकर आवासीय कॉलोनी पंजाब सिंध क्षेत्र और विद्या विहार में प्रवेश कर जाता है। लोगों ने नहर के किनारों भी कूड़े के अंबार लगा दिया है। जिससे संक्रमण बीमारी के फैलने की आशंका अलग से बनी रहती है। कॉलोनियों में जलभराव होने से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

### पर्यटकों और टैक्सी चालकों में मारपीट के मामले में कार्रवाई की मांग

**नैनीताल, एजेंसी।** मां नयना देवी नैनीताल व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने पुलिस को ज्ञापन देकर टैक्सी चालकों और पर्यटकों के बीच बृहस्पतिवार को हुए मारपीट मामले में कार्रवाई करने की मांग की है।

व्यापार मंडल के अध्यक्ष पुनीत टंडन का कहना है कि नैनीताल में पर्यटकों और स्थानीय टैक्सी चालकों के बीच मारपीट के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। इसका असर पर्यटन गतिविधियों पर पड़ रहा है और कारोबार प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि इस तरह के मामलों में सख्ती से जांच होनी चाहिए। उन्होंने पुलिस से मांग की है कि मारपीट करने वाले संबंधित चालकों का सत्यापन कराया जाए। उन्होंने पर्यटकों के साथ हो रही इस तरह की घटनाओं में तत्काल प्रभाव से कार्रवाई की मांग की है।

तल्लीताल टैक्सी मालिक समिति के अध्यक्ष पंकज तिवारी का कहना है कि पर्यटकों से मारपीट करने वाले टैक्सी चालक यूनियन के सदस्य नहीं हैं। तिवारी ने कोतवाली पुलिस को ज्ञापन देकर कहा है कि ऐसे लोगों की वजह से टैक्सी चालक और यूनियन बदनाम हो रही है। उन्होंने ऐसे लोगों की खिलाफ सख्त रूप से कार्रवाई की मांग की है।

### वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए मुस्तैद रहेंगे वनकर्मी

**रामनगर, एजेंसी।** फायर सीजन की शुरुआत 15 फरवरी से हो गई है। यह सीजन 15 जून तक चलेगा। इसे देखते हुए वन कर्मियों को वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए मुस्तैद रहने के निर्देश दिए गए हैं। ऐसे में कॉर्बेट टाइगर रिजर्व, तराई पश्चिमी वन प्रभाग व रामनगर वन प्रभाग के वन कर्मियों के सामने वनाग्नि की घटनाओं को रोकने की चुनौती है।

पार्क वॉर्डन अमित ग्वासाकोटी ने बताया कि वनाग्नि की घटनाओं से निपटने के लिए 12 मास्टर क्रू स्टेशन हैं। पार्क के अंदर 120 वन चौकियां हैं जहां वनकर्मी पार्क की सुरक्षा को लेकर तैनात रहते हैं। इन 120 चौकियों के अंतर्गत 50 क्रू स्टेशन बनाए गए हैं जहां हर समय चार से पांच वनकर्मी तैनात रहते हैं। इन क्रू स्टेशन में वनाग्नि से निपटने के लिए कई उपकरण मौजूद हैं। डीएफओ प्रकाश चंद्र आर्य ने बताया कि फायर सीजन लेकर वन कर्मियों को अलर्ट किया गया है। चूनाखान में बने मॉडल क्रू स्टेशन को अलर्ट रहने को कहा गया है।

### काशीपुर क्षेत्र की स्वच्छता के लिए 1429.89 लाख रुपये स्वीकृत

**काशीपुर, एजेंसी।** काशीपुर कलस्टर की ठोस अपशिष्ट प्रबंधन परियोजना के लिए वित्त मंत्री डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल ने 1429.89 लाख रुपये स्वीकृत किए हैं। इससे काशीपुर क्षेत्र में प्रतिदिन निकलने वाले कूड़े के निस्तारण के लिए नया प्लांट लगाया जाएगा। इससे क्षेत्र को स्वच्छ बनाने में काफी मदद मिलेगी।

नगर आयुक्त विवेक राय ने बताया कि काशीपुर कलस्टर जिसमें काशीपुर, जसपुर और महुआडाबरा आदि की ठोस अपशिष्ट प्रबंधन परियोजना आती हैं। इसके लिए 1429.89 लाख रुपये का अनुमोदन किया गया है। बताया कि इसमें चतुर्थ राज्य वित्त आयोग से 571.95 लाख, स्वच्छ भारत मिशन से 500.46 लाख और काशीपुर कलस्टर से 357.47 लाख रुपये स्वयं वहन करने की व्यवस्था है।

# बनभूलपुरा में कर्फ्यू में 17 घंटे की ढील, मदरसे हटाने के बाद इलाके में भड़की थी हिंसा

**देहरादून, एजेंसी।** उत्तराखंड में हल्द्वानी के बनभूलपुरा इलाके में कर्फ्यू में और ढील दी गई है और नैनीताल जिला प्रशासन ने रविवार को बताया कि कर्फ्यू अब केवल रात 10 बजे से सुबह 5 बजे तक ही रहेगा।



बनभूलपुरा में अवैध रूप से निर्मित एक मदरसे को ढहाने के बाद 8 फरवरी को इलाके में हिंसा भड़क गई थी। स्थानीय निवासियों ने नगर निगम के कर्मियों और पुलिस पर पथराव किया था और पेट्रोल बम फेंके थे, जिसके कारण कई पुलिसकर्मियों को एक थाने में शरण लेनी पड़ी थी, जिसे भीड़ ने बाद में आग के हवाले कर दिया था। पुलिस के अनुसार, इस हिंसा में 6 लोगों की मौत हो गई थी और पुलिस एवं पत्रकारों सहित 100 से अधिक लोग घायल हो गए थे।

नैनीताल की जिला अधिकारी वंदना सिंह द्वारा रविवार को जारी एक आदेश के अनुसार, अब बनभूलपुरा में कर्फ्यू में सुबह 5 बजे से रात 10 बजे तक 17 घंटे की ढील दी जाएगी और अगला आदेश जारी किए जाने तक रात 10 बजे से सुबह 5 बजे तक रात्रि कर्फ्यू रहेगा। इस बीच, बनभूलपुरा हिंसा में नामजद आरोपी एजाज कुरैशी की संपत्ति रविवार को कुर्क कर ली गई। पुलिस ने बताया कि वह गोपाल मंदिर के पास नई बस्ती का रहने वाला है।

## एक सप्ताह में समाधान नहीं हुआ तो कलेक्ट्रेट पर ग्रामीण देंगे धरना

**हरिद्वार, एजेंसी।** जल संस्थान ने हर घर जल योजना के तहत खोदी गई सड़क में पाइप लाइन डालने के बाद उसे छोड़ दिया। इसमें ग्रामीण गिरकर चोटिल हो रहे हैं। स्थानीय लोगों ने इसकी शिकायत जिलाधिकारी और मुख्यमंत्री तक की। लेकिन गांव की मुख्य और अंदरुनी सड़कों को नहीं भरा गया। इससे स्थानीय लोगों में आक्रोश बना है।

जनसेवा टीम के सदस्य भगवान दास और अधिवक्ता अमित चौहान ने बताया करीब ढाई साल पहले जल संस्थान ने पाइप लाइन के लिए सड़क खोदी थी। पाइपलाइन डालने के बाद उसको आधा अधूरा पाट दिया गया। लेकिन उसकी मरम्मत नहीं की गई। जिस कारण जगह पानी की लीकेज हो गई। जिस वजह से पानी सड़कों पर भरा रहता है।

खजान सिंह राजेश संजय कौशल दलेल सिंह सुखबीर सिंह नागेंद्र नवीन आदि लोगों कहना है कि इस संबंध में जल संस्थान के अधिकारियों को लिखित और फोन पर भी सूचना दी गई लेकिन वह गांव आने को तैयार नहीं है यहां तक उन्होंने ग्रामीणों के फोन तक उठाने बंद कर दिए। स्थानीय लोगों ने कहा कि आगामी एक सप्ताह में सड़क ठीक नहीं हुई तो जिलाधिकारी कार्यालय में धरना प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे।

## मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हिमालयन बास्केट का किया शुभारंभ



देहरादून, एजेंसी

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को मुख्यमंत्री आवास में हिमालयन बास्केट का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने चंपावत से वर्चुअल रूप से जुड़े लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हिमालयन बास्केट की शुरूआत वर्ष 2018 में सुमित और स्नेहा थपलियाल ने की थी। उन्होंने कहा कि सुमित पेशे से एक इंजीनियर हैं और स्नेहा एक मार्केटिंग पेशेवर हैं। देवभूमि से होने के कारण, दोनों हमेशा स्थानीय लोगों को रोजगार देने के लिए कुछ अलग करना चाहते थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि दोनों ने डेयरी, खेती और उनके पहलुओं से संबंधित विकल्पों पर विचार कर हिमालयन बास्केट की स्थापना का निर्णय लिया। हिमालयन बास्केट के तहत दूध, हल्दी, पुदीना जैसे कृषि उत्पाद खरीदकर इनसे अलग-अलग उत्पाद बनाकर विदेशों में सप्लाई करते हैं। उत्पाद बनाने के लिए 200 से अधिक लोगों को रोजगार उपलब्ध करा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि दूध से बनने वाले उत्पाद ह्यचुरपीह्ल और ह्यघीह्ल की अधिक डिमांड है। क्योंकि चुरपी गाय के दूध से बना एक विशेष कठोर पनीर है और दोनों ने उत्तराखंड में इसके उत्पादन का बीड़ा उठाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस तरह सरकार और जिला प्रशासन की मदद से दोनों को बागवानी कोल्ड स्टोर लीज पर मिला है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जो लोग भी इस क्षेत्र में काम कर रहे हैं हमारी सरकार उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा स्वप्न और संकल्प है कि एक आदर्श चंपावत बनाएं। इसके लिए हमें चाहिए कि चंपावत के जो भी उत्पाद हैं, वो सभी आदर्श होने चाहिए। इस अवसर पर जिलाधिकारी नवनीत पांडे, भाजपा जिलाध्यक्ष निर्मल मेहरा आदि उपस्थित रहे।

# आग से निपटने के लिए वन महकमे ने कसी कमर, पंचायतों से ली जाएगी मदद

**देहरादून, एजेंसी।** उत्तराखंड में फायर सीजन (15 फरवरी से) शुरू हो चुका है। इसके साथ ही वन विभाग भी जंगल की आग की घटनाओं की रोकथाम को कार्य योजना बनाने में जुटा हुआ है। उपकरण व मानव संसाधन की तैनाती से लेकर कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। आग की रोकथाम में वन पंचायतों का भी विशेष सहयोग लिया जाएगा।



इस बार शुष्क मौसम वन विभाग की चुनौती बढ़ा सकता है। शीतकाल में वर्षा व बर्फबारी कम होने के कारण वनों में आग की घटनाएं बढ़ने की आशंका है।

शीतकाल में अक्टूबर से जनवरी तक वर्षा में सामान्य से 70 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई। जिससे वन विभाग की चिंता बढ़ गई है। आने वाले दिनों की चुनौतियों को देखते हुए वन विभाग ने कसरत भी तेज कर दी है। वन कर्मियों को प्रशिक्षण देने के साथ ही वन पंचायतों, महिला एवं युवक मंगल दलों से भी सहयोग मांगा जा रहा है।

प्रदेश में 11 हजार 300 से अधिक वन पंचायतें हैं। ग्राम पंचायत स्तर पर जंगल की आग प्रबंधन समितियों का गठन कर दिया गया है। इस बार भी जंगल की आग पर काबू पाने के लिए 15 करोड़ रुपये से अधिक का बजट रखा गया है। संसाधन जुटाने के साथ ही जागरूकता व प्रशिक्षण कार्यक्रमों पर भी इसे खर्च किया जा रहा है।

आने वाले दिनों में जंगल की आग विकराल होने पर एनडीआरएफ, एसडीआरएफ से भी सहयोग लिया जाएगा। मुख्य वन संरक्षक वन पंचायत निशांत वर्मा ने बताया कि जंगल की आग की मॉनिटरिंग को सिस्टम तैयार किया गया है।

इस वर्ष की शुरुआत में ही उत्तरकाशी, नैनीताल, बागेश्वर, टिहरी, पिथौरागढ़, पौड़ी और अल्मोड़ा आदि जिलों में भारतीय वन सर्वेक्षण की ओर से फायर अलर्ट जारी किए गए। साथ ही जनवरी के पहले दिन ही नैनीताल में भीषण आग की घटना हुई। जिसमें बड़े वन क्षेत्र को क्षति पहुंची। वन विभाग वन क्षेत्र में अपशिष्ट जलाना, किसानों के पराली जलाने पर भी नजर रख रहा है।

## सामाजिक सहभागिता से ही टी.बी. उन्मूलन संभव : स्वाति भदौरिया

- एन.एच.एम. सभागार में राज्य स्तरीय टी.बी. फोरम का आयोजन
- टी.बी. चैंपियन्स द्वारा साझा किये गए अपने अनुभव

देहरादून, एजेंसी



देहरादून : सामाजिक सहभागिता से ही टी.बी. उन्मूलन संभव यह बात स्वाति भदौरिया मिशन निदेशक एन.एच.एम. ने सोमवार को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन सभागार में आयोजित राज्य स्तरीय टी.बी. फोरम की बैठक के अध्यक्षता के दौरान कही। मिशन निदेशक द्वारा टी.बी. फोरम के समस्त सदस्यों से अपेक्षा की गई कि माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा टी.बी. उन्मूलन के लक्ष्य वर्ष 2025 हेतु सभी का सहयोग आवश्यक है जिस हेतु प्रदेश में 10 हजार से अधिक निक्षय मित्रों द्वारा टी.बी. रोगियों को सहयोग देने हेतु पंजीकृत किया गया है तथा टी.बी. रोग से ठीक हो चुके 130 प्रशिक्षित टी.बी. चैंपियन्स द्वारा समय-समय पर टी.बी. रोगियों की काउंसलिंग व सामाजिक जागरुकता प्रसारित किये जाने हेतु कार्य किया जा रहा है। मिशन निदेशक स्वाति भदौरिया ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की निशुल्क हेल्पलाइन सेवा 104 के माध्यम से टी.बी. रोगियों से समय-समय पर फीडबैक लिया जाए जिसमें टी.बी. रोगियों के उपचार, निक्षय पोषण योजना की जानकारी ली जाए व किसी भी प्रकार की समस्या का त्वरित निवारण किया जाए। बैठक में टी.बी. चैंपियन्स, सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं के प्रतिनिधियों द्वारा अनुभव साझा किये गये जो कि टी.बी. उन्मूलन हेतु मील का पत्थर साबित होगा। बैठक में अमनदीप कौर अपर मिशन निदेशक एनएचएम, डॉ भागीरथी जोशी निदेशक एनएचएम, डॉ पकंज सिंह राज्य कार्यक्रम अधिकारी एनटीईपी, डॉ जेएस नेगी राज्य क्षय रोग अधिकारी, डॉ फरीदुजफर कार्यक्रम अधिकारी सीपीएचसी, डॉ अनुराग अग्रवाल टीबी एंड चेस्ट फिजिशियन, डॉ ऋचा कम्युनिटी मेडिसिन दून मेडिकल कॉलेज, डॉ उमा रावत, डॉ विकास पांडे, जीत (JEET), रीच (REACH), टी.बी. चैंपियन्स व पीएलएचआईवी नेटवर्क संस्था के प्रतिनिधि आदि अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

## नेटवर्क की दिक्कत उपस्थिति दर्ज कराने में आ रही है आड़े

**नैनीताल, एजेंसी।** कुछ समय पहले शिक्षा विभाग ने शिक्षक शिक्षिकाओं के लिए ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कराने की व्यवस्था को अनिवार्य कर दिया था। शहरी क्षेत्रों में तो यह व्यवस्था सुचारू रूप से चल रही है लेकिन जिले के कई दूरस्थ गांवों में नेटवर्क न होने से शिक्षकों को ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कराने में दिक्कतें आ रही हैं।

शिक्षा विभाग की ओर से महीने भर पहले ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कराने की व्यवस्था कराई गई थी। प्रत्येक विद्यालय के प्रधानाध्यापक अथवा प्रधानाध्यापिका को स्विफ्ट ऐप में अपनी और अपने स्टाफ के साथ साथ बच्चों की उपस्थिति दर्ज कर उच्चाधिकारियों तक भेजनी थी। जिले में तराई भाबर से लेकर पहाड़ के उन गांवों में जहां नेटवर्क उपलब्ध है वहां कार्यरत प्रधानाध्यापक व प्रधानाध्यापिकाएं तो आसानी से संबंधित ऐप में उपस्थिति दर्ज करा ले रही हैं लेकिन जिले के धारी और ओखलकांडा के कुछ गांवों में नेटवर्क की दिक्कतों के चलते ऐप में उपस्थिति दर्ज कराने में दिक्कतें आ रही हैं। इसे लेकर संबंधित विद्यालयों के शिक्षक परेशान हैं। जिला शिक्षा अधिकारी, नैनीताल, जगमोहन सोनी ने बताया कि विभाग ने ऐप में उपस्थिति दर्ज कराने की व्यवस्था अनिवार्य की है। यदि स्कूल में नेटवर्क नहीं है और संबंधित प्रधानाध्यापक अथवा प्रधानाध्यापिकाएं ऐप में उपस्थिति दर्ज कर देते हैं तो जैसे ही वह नेटवर्क में आएंगे ऐप खुद ही उसे दर्ज कर लेगा।

# पानी के गलत बिल ठीक करने की योजना ये लागू नहीं करने दे रहे, पर चिंता मत करना, पहले की तरह इसे भी लागू करवाएंगे:केजरीवाल

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



सीएम अरविंद केजरीवाल ने गलत पानी के बिलों से परेशान 10 लाख से ज्यादा लोगों को सोमवार को विश्वास दिलाया कि चिंता न करें, हम आपके साथ खड़े हैं। सरकार हर हाल में दिल्ली जल बोर्ड की वन टाइम सेटलमेंट स्कीम लागू करा कर रहेगी। उन्होंने याद दिलाया कि पहले भी इन्होंने मोहल्ला क्लीनिक, सीसीटीवी, अस्पतालों की दवाइयां, फरिश्ते योजना और डीटीसी की पेंशन रोक दी थी, लेकिन हमने रूकने नहीं दी। सीएम, विधानसभा में बजट सत्र के दौरान स्कीम पर चर्चा के लिए पेश संकल्प पत्र पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि अगर भाजपा ने स्कीम पास नहीं करने दिया तो इसके विरोध में दिल्ली में बहुत बड़ा आंदोलन होगा। क्योंकि यह स्कीम लागू होने से 90 फीसद पानी उपभोक्ताओं का बिल माफ हो जाएगा। साथ ही, दिल्ली सरकार से सब्सिडी मिलने से जल बोर्ड को करोड़ों रुपए का राजस्व भी मिल जाएगा। फिर भी इस स्कीम को रोकने के लिए अफसरों को धमकी दी जा रही है कि अगर स्कीम पास की तो उन्हें छोड़ा नहीं जाएगा। इसलिए मेरी एलजी साहब से हाथ जोड़कर विनती है कि वो अफसरों को स्कीम पास करने को कहें, अगर तब भी नहीं करते हैं तो उनको सस्पेंड करें।

दिल्ली पूर्ण राज्य होता तो मुख्यमंत्री या मंत्री का आदेश न मानने वाला अफसर अपने पद पर दो मिनट भी नहीं रह पाता- अरविंद केजरीवाल

दरअसल, विधानसभा में बजट सत्र के दौरान अध्यक्ष रामनिवास गोयल की अनुमति से लेकर सदस्यों ने डीजेबी की वन टाइम सेटलमेंट स्कीम पर चर्चा करने के लिए सदन पलट पर संकल्प पत्र पेश किया। संकल्प पत्र का समर्थन करते हुए सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली में हमारी सरकार है। इसके बावजूद हमारी सरकार की एक पॉलिसी लागू नहीं हो रही है और पॉलिसी को लागू कराने के लिए दिल्ली विधानसभा के सदन में चर्चा हो रही है। दिल्ली के अंदर लोगों के गलत बिल आ रहे हैं और उन बिलों को ठीक कराने के लिए यह पॉलिसी लाई जा रही है। आज सदन में सत्ता पक्ष कह रहा है कि पानी उपभोक्ताओं के गलत बिल ठीक होने चाहिए ओर विपक्ष कह रहा है कि बिल ठीक नहीं होने चाहिए। दिल्ली को लेकर यह एक बड़ी विसंगति है। कहने के लिए तो दिल्ली आधा राज्य है, लेकिन हमें ऐसा लगता है कि 5 फीसद भी राज्य नहीं है। अगर दिल्ली पूर्ण राज्य होता तो किसी ऑफिसर की हिम्मत नहीं थी कि वो मुख्यमंत्री या मंत्री द्वारा दिए गए आदेशों की अवहेलना करके दो मिनट भी अपने पद पर बना रह जाता। वो तत्काल सस्पेंड कर दिया जाता। आज यह चर्चा इसलिए हो रही है, क्योंकि आज दिल्ली एक बहुत गंदी और नीच राजनीति की शिकार है। दिल्ली पूर्ण राज्य नहीं है और इसकी बदौलत वास्तविक पावर केंद्र सरकार के पास है। केंद्र में दूसरी पार्टी की सरकार है और वो नहीं चाहती है कि दिल्ली के अंदर चुनी हुई सरकार काम कर सके।

एक जिम्मेदार सरकार का फर्ज है कि वो गलत बिल से परेशान अपने 40 फीसद उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए पॉलिसी लाए- अरविंद केजरीवाल सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि सदन को मंत्री सौरभ भारद्वाज ने वन टाइम सेटलमेंट स्कीम के बारे में बताया। सीएम ने कहा कि दिल्ली के अंदर दिल्ली जल बोर्ड के करीब 27 लाख उपभोक्ता हैं। इसमें से करीब 10 लाख यानि 40 फीसद घरेलु उपभाक्ता अपने पानी का बिल नहीं भर रहे हैं। इन उपभोक्ताओं को लगता है कि उनके बिल गलत आए हैं, उनके बिल सही नहीं हैं। अगर किसी राज्य के 40 फीसद घरेलु उपभोक्ता पानी का बिल नहीं भर रहे हैं तो किसी भी जिम्मेदार सरकार की जिम्मेदारी बनती है कि इसके बारे में कोई पॉलिसी लेकर आए। एक तरफ सभी उपभाक्ता दुखी हैं। उपभोक्ता अपने पानी के बिल ठीक कराने के लिए चक्कर लगाते रहते हैं। बिल ठीक कराने की एवज में रिश्वतखोरी चल रही है। लोगों की ढेरों शिकायतें लंबित हैं। इसके कई कारण हैं। इसमें सबसे बड़ा कारण यह है कि कोविड के दौरान कई महीनों तक मीटर रीडर पानी के मीटर की रीडिंग लेने नहीं गए, कई बिल नहीं बनाए गए, अगर बिल बनाए गए तो औसत अनुमान के आधार पर बना दिए गए। किसी की फर्जी रीडिंग लिख दी गई। कोविड के दौरान बहुत बड़े स्तर पर समस्या हुई कि आज 40 फीसद दिल्ली के अंदर पानी के गलत बिलों की शिकार है।

भाजपा ने जनता की समस्याओं पर केवल खुशी मनाई, तभी इनकी दिल्ली में कभी तीन तो कभी आठ सीट आती है- अरविंद केजरीवाल ने कहा कि हमारी सरकार आम आदमी की सरकार है, जनता की सरकार है। हम जनता की भलाई देखते हैं। सदन को कई सदस्यों ने बताया कि अगर वो अपने कार्यालय में बैठे हैं तो गलत बिल ठीक कराने वालों का तांता लगा हुआ है। इसे कैसे नजरअंदाज किया जा सकता है। आज तक इन लोगों ने जनता की समस्याओं को नजर अंदाज किया और खुशी मनाई। इसीलिए दिल्ली में आज इनकी यह हाल है कि कभी तीन तो कभी आठ सीट आती है। वहीं, हमारी सरकार दिल्ली की जनता के पानी बिल की समस्या का समाधान करने के लिए वन टाइम सेटलमेंट योजना लेकर आए। इस योजना के अंतर्गत कोई उपभोक्ता जब से अपने पानी का बिल नहीं जमा किया है, उस दौरान उसकी दो या दो से ज्यादा ओके रीडिंग मिलती है तो उस रीडिंग को सही मान लिया जाएगा और उसका औसत लेकर उस पर बचे महीने का बिल बना दिया जाएगा। मसलन, किसी उपभोक्ता की ओके मीटर रीडिंग 18 हजार लीटर आ रही है और दूसरी ओके रीडिंग 21 हजार लीटर आ रही है। इन दोनों ओके रीडिंग पर उपभोक्ता भी सहमत है तो 18 और 21 हजार की रीडिंग मिलकर 39 हजार हो जाएगी। इसको 2 बांट दिया तो प्रतिमाह की रीडिंग 19.5 लीटर पानी की हो जाएगी। इसी आधार पर बाकी महीनों का बिल बना दिया जाएगा। अगर स्कीम में कोई कमी है तो विपक्ष बताए, हम बदलाव करने के लिए तैयार हैं- अरविंद केजरीवाल

# प्रियंका गांधी को इलाज के बाद अस्पताल से मिली छुट्टी

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी को दिल्ली के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूत्रों ने बताया कि डिहाइड्रेशन और पेट में संक्रमण की शिकायत के बाद प्रियंका गांधी वाड्रा को दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हालांकि, इलाज के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। प्रियंका को न्याय यात्रा में होना था शामिल इससे पहले प्रियंका गांधी स्वास्थ्य कारणों से 17 फरवरी को चंदौली में कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का हिस्सा नहीं बन सकीं थीं। पहले से तय कार्यक्रम के मुताबिक, उन्हें बीते शुक्रवार को चंदौली से कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होना था। बेहतर होते ही यात्रा से जुड़ूंगी- प्रियंका यात्रा में शामिल न हो पाने पर प्रियंका गांधी ने कहा था कि मैं बड़े चाव से उत्तर प्रदेश में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के पहुँचने का इंतजार कर रही थी, लेकिन बीमारी की वजह से मुझे आज ही अस्पताल में भर्ती होना पड़ा। थोड़ा बेहतर होते ही मैं यात्रा में जुड़ूँगी। अमेठी पहुंची कांग्रेस की न्याय यात्रा बता दें कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का उत्तर प्रदेश में आज चौथा दिन है। आज ये यात्रा प्रतापगढ़ होते हुए उनके संसदीय क्षेत्र अमेठी पहुंची है। अपने गढ़ अमेठी में भाजपा की स्मृति ईरानी से शिकस्त मिलने के बाद राहुल यात्रा के जरिये अपनी पैठ बनाने की कोशिश में हैं। अमेठी के देवरी में जिले के कांग्रेस नेताओं ने राहुल गांधी का स्वागत किया। देवरी से भारत जोड़ो न्याय यात्रा अमेठी शहर की ओर बढ़ रही है।

# मोरी गेट में सड़क किनारे खड़ी बस में मारी टक्कर, वैगन आर चालक की मौत

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता




सच ही कहा गया है कि जब मौत आती है, तो कोई नहीं बचा सकता है। कश्मीरी गेट इलाके में इसी तरह का एक मामला सामने आया है। रविवार सुबह मोरी गेट की लालबत्ती पर छोटा हाथी टैम्पो से वैगन आर में मामूली टक्कर लग जाने से बैगन आर चालक ने पहले तो छोटा हाथी के चालक से बहस कर उसका मोबाइल छीन लिया और कार में बैठकर वहां से चल दिए।

छोटा हाथी के चालक द्वारा पीछा करने पर भागने के दौरान वैगन आर कार चालक ने सड़क किनारे खड़ी डीटीसी बस में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में चालक रामबीर सिंह की मौत हो गई। कश्मीरी गेट थाना पुलिस ने सामवार को सिविल लाइंस स्थित सुश्रुत ट्रामा सेंटर में पोस्टमार्टम करवा शव सवजन को सौंप दिया।

सदर बाजार गए थे सामान लेने

डीसीपी उत्तरी जिला मनोज कुमार मीणा के मुताबिक राजबीर सिंह मूलरूप से लोनी, गाजियाबाद के रहने वाले थे। उनकी लोनी में ही दुकान है। रविवार को वह पत्नी के साथ दुकान का सामान खरीदने सदर बाजार आए थे। सामान खरीदने के बाद वह उक्त सामान को कार से लेकर वापस लोनी जा रहे थे।

सुबह 9.45 बजे मोरी गेट के पास एक छोटा हाथी के चालक ने वैगन आर में टक्कर मार दी। जिससे राजबीर को गुस्सा आ गया और कार से उतरकर उन्होंने छोटा हाथी के चालक से झगड़ा करना शुरू कर दिया। झगडे के दौरान राजबीर ने छोटा हाथी के चालक का मोबाइल छीन लिया और पत्नी के साथ कार में सवार वहां से चल दिए।

भागने के दौरान हुआ हादसा

छोटा हाथी के चालक ने वैगन आर का पीछा करना शुरू कर दिया। भागने के दौरान कुछ दूर आगे जाते ही राजबीर ने पीछे से एक डीटीसी बस में टक्कर मार दी। सुबह 10 बजे पुलिस को कॉल मिलने पर घायल पति-पत्नी को पुलिस ने उपचार के लिए सुश्रुत ट्रामा सेंटर में भर्ती करा दिया, जहां डॉक्टरों ने राजबीर को मृत घोषित कर दिया। पुलिस का कहना है कि पत्नी की हालत खतरे से बाहर है।

# कृष्णा सोशल वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा वीरोत्सव 2024 का आयोजन किया गया




- जरूरतमंदों की सहायता ही कृष्णा सोशल वेलफेयर ट्रस्ट का लक्ष्य - पम्मा

नई दिल्ली। दिल्ली के पश्चिम विहार में स्थित भारतीय विद्यापीठ इंस्टीट्यूट ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन एंड मैनेजमेंट में कृष्णा सोशल वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा वीरोत्सव 2024 का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम को ट्रस्ट के ट्रस्टी राजेश चौहान व अनिता चौहान के नेतृत्व में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में तत परिवर्तन से सीए रवि सेठी, गीतांजलि फाउंडेशन की फाउंडर अनु झा और अल्टीमेट फाउंडेशन के फाउंडर संतोष ठाकुर ने अपना भरपूर योगदान दिया। इस अवसर पर स्कूल के बच्चों को स्कूल बेग, स्टेशनरी और जरूरतमंद व्यक्तियों को राशन वितरित किया गया। इस अवसर पर गणमान्य अतिथि के तौर पर ट्रस्ट के प्रेजिडेंट परमजीत सिंह पम्मा, बीवीपी के डायरेक्टर एम. एन. होडा, नेशनल ह्यूमन राइट्स कमीशन से इसाम सिंह, एसएचओ जे.पी. मीना, एसएचओ प्रभांशु, एसीपी दिनेश कुमार सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन व गणेश वंदना के साथ की गई। इस अवसर पर बच्चों द्वारा डांस भी प्रस्तुत किया गया और गायक कलाकारों ने अपने गानों से कार्यक्रम में चार-चांद लगा दिए। इस अवसर पर समाजसेवी, डॉक्टर्स, मॉडल्स, मेकअप आर्टिस्ट, सिंगर्स, गायक कलाकार सहित कई वर्ग के लोग उपस्थित रहे।

इस अवसर पर परमजीत सिंह पम्मा ने कहा समिति का लक्ष्य हमेशा जरूरतमंद सहायता करना है और कृष्णा सोशल वेलफेयर ट्रस्ट पिछले कई वर्षों से समाज के हित के लिए कार्य कर रहा हैं।

इस अवसर पर सभी गणमान्य अतिथियों को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम की सभी अतिथियों ने प्रशंसा की।

# बुराड़ी में संदिग्ध हालत में महिला की मौत के बाद से पति फरार, मामले की जांच में जुटी पुलिस

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



दिल्ली के बुराड़ी थाना इलाके में महिला की संदिग्ध हालत में मौत का मामला सामने आया है। वारदात के बाद से उसका पति फरार है जिस पर हत्या का शक है। घटना की सूचना मिलते ही बुराड़ी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस हत्या मामले में परिजनों से पूछताछ के बाद आरोपी पति को तलाश कर रही है। पुलिस का कहना है कि महिला का पोस्टमार्टम डॉक्टर के पैनल की निगरानी में होगा, तभी साफ हो पाएगा कि उसकी मौत किस वजह से हुई है। उत्तरी दिल्ली के बुराड़ी थाना इलाके की कमल विहार कॉलोनी में महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वह पहली बार दिल्ली अपने पति के साथ आई थी और उसकी संदिग्ध हालत में मौत हो गई। महिला के भाई ने बताया कि वह शनिवार रात हैदराबाद से आए थे। रविवार रात सभी ने साथ मिलकर खाना खाया और 12 बजे के बाद सो गए। सुबह पता चला कि बहन की मौत हो गई है और घटना के बाद से उसका पति फरार है। घटना की सूचना बुराड़ी थाना पुलिस को दी गई। बुराड़ी पुलिस, क्राइम टीम और एफएसएल की टीम भी घटना स्थल पर मामले की पड़ताल के लिए पहुंची। पुलिस ने महिला का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और परिजनों और पड़ोसियों से पूछताछ कर मामले की पड़ताल में जुटी है।

डीसीपी मनोज कुमार मीणा ने बताया कि संदिग्ध परिस्थिति में महिला की मौत हुई है। पोस्टमार्टम डॉक्टर के पैनल की निगरानी में होगा। इसके बाद यह साफ हो पाएगा कि महिला की मौत की वजह क्या है। फिलहाल यह माना जा रहा है कि महिला की मौत गला दबाकर की गई है। बता दें, महिला का पति मजदूरी करता है। 6 साल पहले उसकी शादी हुई थी और उसे कोई बच्चा नहीं है। इस वजह से उनके बीच आए दिन झगड़ा होता था। पुलिस इस बात को भी संज्ञान में लेकर मामले की पड़ताल में जुटी है।

# चोरी की अंगूठी गोल्ड शाखा में रखवा दी गिरवी,पकड़ा

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता




चोरी की अंगूठी को गोल्ड शाखा में गिरवी रखने वाले एक शातिर बदमाश रवि कुमार उर्फ पिंकू को मन्दिर मार्ग पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से सोने की अंगूठी, एलईडी टीवी, स्मार्ट घड़ी, बिजली का सामान और वारदात में इस्तेमाल बरामद की है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीते वीरवार को मन्दिर मार्ग थाने को इलाके में चोरी होने की जानकारी मिली थी। पीड़ित ने बताया कि दिन में 11 से 2 बजे के बीच उसके घर के ताले तोडकर बदमाश सोने की अंगूठी, एक एलईडी टीवी, स्मार्ट घड़ी, इलेक्ट्रिक केतली और दस हजार रुपये रुपये की चोरी किये हैं।एसीपी अनिल समोटा की देखदेख में एसएचओ अमित कुमार के निर्देशन में एसआई संतोष, एएसआई चंद्रहास, हेड कांस्टेबल परीक्षित और रहीश खान को आरोपियों को पकडे का जिम्मा सौंपा गया। पुलिस टीम ने सीसीटीवी और हयूमैन सॉर्से की सहायता ली। फुटेज में एक संदिग्ध बाइक दिखाई दी। जिसका नंबर पता करने के लिये कई सीसीटीवी कैमरों को खंगाला। बाइक नंबर से रवि के बारे में पता चला।

आरोपी के संदिग्ध ठिकानों इंदिरापुरम,द्वारका और नरेला के इलाकों में छापेमारी करके उसको एक पुख्ता जानकारी के बाद इंदिरापुरम से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ करने पर पता चला कि वह पिछले साल आठ दिसंबर को जेल से बाहर जमानत पर आया था। पुलिस से बचने के लिये उसने द्वारका में किराये पर मकान लेकर पत्नी और बच्चों के साथ रहने लगा। जहां से चोरी का सामान बरामद किया। सोने की अंगूठी को द्वारका में 24 कैरेट की एक शाखा में बेच दिया था और चोरी की गई सोने की अंगूठी वहां से बरामद की गई थी।

# अपशब्द करने से नाराज युवकों ने दोस्त को चाकू मारा

नई दिल्ली। कंझावला इलाके में अपशब्द कहने से नाराज दो युवकों ने दोस्त को चाकू मारकर घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। 21 वर्षीय गौतम सावदा इलाके में रहता है। वह 13 फरवरी की रात घर के बाहर बैठा था। तभी शिवा और विशाल वहां पहुंचे। दोनों गौतम के पुराने दोस्त हैं। दोनों उसके पास गए और चाकू से ताबड़तोड़ हमला करना शुरू कर दिया। इस बीच चीख सुनकर आसपास के लोग जमा हो गए तो हमलावर फरार हो गए। पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया और एसआई नरेंद्र की देखरेख में टीम ने जांच शुरू की। जांच में मालूम हुआ कि दोनों आरोपी हरियाणा से पश्चिम यूपी होते हुए नेपाल भागने की फिराक में हैं।

# फेमस होने के लिए एयरपोर्ट पर बम की कॉल की

नई दिल्ली। जनकपुरी में रहने वाले एक युवक ने फेमस होने के लिए रविवार रात एयरपोर्ट पर बम की कॉल कर दी। कॉल मिलते ही हड़कंप मच गया और पूरे एयरपोर्ट पर तलाशी अभियान चलाया गया। इसके बाद कॉल को गलत करार दिया गया। मामले में कुछ घंटों के भीतर आरोपी कुशाग्र अग्रवाल को एयरपोर्ट पुलिस ने जनकपुरी से गिरफ्तार कर लिया। डीसीपी उषा रंगनानी के अनुसार रविवार रात एयरपोर्ट पुलिस को एक पीसीआर कॉल मिली। कॉल करने वाले ने बताया कि उसने एयरपोर्ट के मैदान में बम लगा दिया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए एयरपोर्ट पर तुरंत हाई अलर्ट घोषित किया और सुरक्षा जांच की गई। इसमें कुछ संदिग्ध नहीं मिला। इससे साफ हो गया कि कॉल करने वाले ने झूठी सूचना दी है। मामला दर्ज कर छानबीन शुरू की गई। पुलिस ने कॉल करने वाले के मोबाइल पर कई बार संपर्क किया, लेकिन उसने फोन नहीं उठाया। कुछ देर बाद उसने मोबाइल बंद कर दिया। टेक्निकल सर्विलांस से पता चला कि यह मोबाइल जनकपुरी निवाली कुशाग्र के नाम पर पंजीकृत है। इस पर एसएचओ विजेन्द्र राणा की देखरेख में एसआई प्रशांत ने छापा मारकर उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने बताया कि वह 12वीं कक्षा तक पढ़ा है। फेमस होने के लिए उसने झूठी कॉल की थी।

# ऑनलाइन रुपये भेजने पर पकड़ा गया हत्यारोपी

नई दिल्ली। नरेला इंडस्ट्रियल एरिया पुलिस ने हत्या और लूट के मामले में शामिल आरोपी को रविवार को गिरफ्तार कर लिया। उसकी पहचान 25 वर्षीय मनीष कुमार के तौर पर हुई है। वह लूटे हुए मोबाइल के फोन-पे से रुपये ट्रांसफर कर रहा था और पकड़ा गया। डीसीपी रवि कुमार सिंह ने बताया कि शुक्रवार रात को नरेला इंडस्ट्रियल एरिया और नरेला में हत्या और लूट की दो वारदातें हुई थीं। एक मामले में साहिल की हत्या कर दी गई थी और दूसरे में आकाश नाम के युवक की पिटाई कर घायल कर दिया था। एसीपी नरेला अजय कुमार की देखरेख में एसएचओ राजेश कुमार की टीम गठित की गई। जांच के दौरान पता चला कि बदमाशों ने आकाश से लूटे हुए फोन का इस्तेमाल शुरू किया है। इसमें आकाश के फोन-पे से रुपये दूसरे खातों में भेजे जा रहे हैं। इस पर पुलिस ने नरेला इलाके से मनीष को दबोच लिया। वारदात में अजय और राजा नाम के दो शख्स भी उसके साथ शामिल थे। पुलिस इन दोनों की तलाश कर रही है।

# विधानसभा में डीजेबी की वन टाइम सेटलमेंट स्कीम पर हुई चर्चा

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गलत पानी के बिलों से परेशान 10 लाख से ज्यादा लोगों को सोमवार को विश्वास दिलाया कि चिंता न करें, हम आपके साथ खड़े हैं। सरकार हर हाल में दिल्ली जल बोर्ड की वन टाइम सेटलमेंट स्कीम लागू करा कर रहेगी। उन्होंने याद दिलाया कि पहले भी इन्होंने मोहल्ला क्लीनिक, सीसीटीवी, अस्पतालों की दवाइयां, फरिश्ते योजना और डीटीसी की पेंशन रोक दी थी, लेकिन हमने रूकने नहीं दी। मुख्यमंत्री ने विधानसभा में बजट सत्र के दौरान स्कीम पर चर्चा के लिए पेश संकल्प पत्र पर यह बातें कही। उन्होंने कहा कि अगर भाजपा ने स्कीम पास नहीं करने दिया तो इसके विरोध में दिल्ली में बहुत बड़ा आंदोलन होगा। क्योंकि यह स्कीम लागू होने से 90 फीसदी पानी उपभोक्ताओं का बिल माफ हो जाएगा। साथ ही, दिल्ली सरकार से सब्सिडी मिलने से जल बोर्ड को करोड़ों रुपये का राजस्व भी मिल जाएगा। फिर भी इस स्कीम को रोकने के लिए अफसरों को धमकी दी जा रही है कि अगर स्कीम पास की तो उन्हें छोड़ा नहीं जाएगा। दरअसल, विधानसभा में बजट सत्र के दौरान अध्यक्ष रामनिवास गोयल की अनुमति लेकर सदस्यों ने डीजेबी की वन टाइम सेटलमेंट स्कीम पर चर्चा करने के लिए सदन पलट पर संकल्प पत्र पेश किया। संकल्प पत्र का समर्थन करते हुए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली में हमारी सरकार है। इसके बावजूद हमारी सरकार की एक पॉलिसी लागू नहीं हो रही है और पॉलिसी को लागू कराने के लिए दिल्ली विधानसभा के सदन में चर्चा हो रही है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के अंदर लोगों के गलत बिल आ रहे हैं और उन बिलों को ठीक कराने के लिए यह पॉलिसी लाई जा रही है। आज सदन में सत्ता पक्ष कह रहा है कि पानी उपभोक्ताओं के गलत बिल ठीक होने चाहिए ओर विपक्ष कह रहा है कि बिल ठीक नहीं होने चाहिए। दिल्ली को लेकर यह एक बड़ी विसंगति है। कहने के लिए तो दिल्ली आधा राज्य है, लेकिन हमें ऐसा लगता है कि पांच फीसदी भी राज्य नहीं है। अगर दिल्ली पूर्ण राज्य होता तो किसी ऑफिसर की हिम्मत नहीं थी कि वो मुख्यमंत्री या मंत्री द्वारा दिए गए आदेशों की अवहेलना करके दो मिनट भी अपने पद पर बना रह जाता।

# लूट के दो मामलों में फरार बदमाश गिरफ्तार

नई दिल्ली। राजधानी के सरिता विहार और केशवपुरम इलाके में हुई लूट के दो मामलों में फरार दो बदमाशों को क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों में शाहबाद-दौलतपुर निवासी अमित उर्फ सोनू और अनिल उर्फ सूरज शामिल हैं। अदालत ने अमित को सरिता विहार के जसोला इलाके में मनी एक्सचेंजर से हुई लूट के मामले में भगोड़ा घोषित किया हुआ था। केशवपुरम इलाके में कैश कलेक्शन एजेंट से अमित और सूरज ने मिलकर 12 लाख रुपये लूटे थे। क्राइम ब्रांच के डीसीपी अमित गोयल ने बताया कि 13 फरवरी को उनकी टीम को सूचना मिली थी कि केशवपुरम इलाके में लूट के मामले में शामिल रहे दो बदमाश सेक्टर-21, रोहिणी में आने वाले हैं। सूचना पर पुलिस ने आरके प्लाजा के पास दोनों को धर दबोचा। एक अगस्त 2018 को सरिता विहार के जसोला में बाइक सवार छह बदमाशों ने मनी एक्सचेंजर से करीब 10 लाख रुपये की विदेशी मुद्रा लूटी थी। पुलिस ने 12 अक्तूबर 2018 को अमित समेत बाकी आरोपियों को दबोच लिया था, लेकिन जमानत लेकर अमित गायब हो गया।

# दिल्ली में आर्थिक गतिविधियों को मिलेगा बढावा, 23 और दुकानों को 24 घंटे खोलने की केजरीवाल ने दी मंजूरी

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



सीएम अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को दिल्ली के अंदर 23 और दुकानों एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को 24 घंटे खोलने की मंजूरी दी है। सरकार की इस पहल से दिल्ली के अंदर आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा और लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे। इन प्रतिष्ठानों को 24 घंटे संचालित के लिए दिल्ली के श्रम विभाग की ओर से मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्ताव रखा गया था। सभी व्यवसायिक प्रतिष्ठान कमर्शियल, रिटेल ट्रेड या बिजनेस कटेगरी के हैं। सरकार इन पर कड़ी निगरानी रखेगी। दिल्ली शॉप एस्टीब्लिशमेंट एक्ट 1954 के प्रावधानों और नियमों का उल्लंघन करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। अब इसकी अंतिम मंजूरी देने के लिए एलजी के पास फाइल भेजी गई है। जिन दुकानों को 24 घंटे संचालित करने की अनुमति दी गई है, उनको दिल्ली शॉप एस्टिब्लिशमेंट्स एक्ट 1954 की धारा 14, 15 व 16 के प्रावधानों और नियमों का सख्ती से पालन करना अनिवार्य है। गर्मियों के दिनों में रात 9 से सुबह 7 बजे तक और ठंड के मौसम में रात 8 से सुबह 8 बजे के बीच किसी भी प्रतिष्ठान में महिला कर्मचारियों को काम करने की अनुमति नहीं होगी। दुकानों को निर्धारित समय के अंदर ही खोलना और बंद करना होगा। इसका उल्लंघन करने पर व्यवसायिक प्रतिष्ठान बंद कराए जा सकते हैं। अगर ग्राहक इंतजार कर रहे हैं तो दुकान खोलने के लिए 15 मिनट का अतिरिक्त समय मिलेगा। अलग-अलग इलाकों में दुकानों को खोलने या बंद रखने का अलग-अलग समय तय हो सकता है और स्वामियों को उसका पालन करना होगा। दिल्ली शॉप एंड एस्टिब्लिशमेंट्स एक्ट 1954 के तहत दिल्ली के श्रम विभाग के पास 24 घंटे दुकानों का संचालन करने के इच्छुक 33 लोगों ने आवेदन किया था। श्रम विभाग द्वारा इन आवेदन पत्रों और दस्तावेजों की गहनता से जांच की गई। जिसमें से 23 आवेदन पत्र सभी मानक पूरे करते पाए गए और उनको स्वीकृति दे दी गई है। जबकि शेष 10 आवेदन पत्रों की जांच प्रक्रिया अभी चल रही है। गौरतलब है कि पिछले कुछ वर्षों में दिल्ली के अंदर 24 घंटे दुकानों व व्यसायिक प्रतिष्ठानों के संचालन की अनुमति लेने वालों की संख्या में काफी वृद्धि हुई है। सीएम द्वारा समय-समय पर मानदंडों को पूरा करने वाले व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को मंजूरी दी जाती है। इससे पहले, सीएम ने दो जनवरी को 32 दुकानों और प्रतिष्ठानों को 24 घंटे खोलने की अनुमति दी थी। जबकि अगस्त 2023 में 29 और नवंबर 2023 में 83 दुकानों व व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को अनुमति दी थी। इसी कड़ी में सोमवार को 23 और दुकानों व व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को 24 घंटे खोलने की अनुमति दी गई है। अब इनकी संख्या बढ़कर 699 हो गई है। दरअसल, केजरीवाल सरकार दिल्ली में व्यवसायिक गतिविधियों के अनुकूल माहौल तैयार करने को लेकर बेहद गंभीर है, ताकि इसे बढ़ावा मिल सके। लिहाजा, सरकार ने इसको प्रोत्साहित करने और आर्थिक विकास को मजबूत करने के लिए कई बड़े कदम उठाए हैं। सीएम अरविंद केजरीवाल के सकारात्मक रूख के चलते 24 घंटे व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को संचालित करने के इच्छुक दुकान स्वामियों की संख्या लगातार बढ़ रही है।

# शाहबाद डेरी में चूल्हे की आग से 150 झुग्गियां जलीं

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



शाहबाद डेरी इलाके की बंगाली बस्ती स्थित झुग्गियों में रविवार देर रात आग लग गई। इसमें करीब 150 झुग्गियां जलकर राख हो गईं। हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। पुलिस की प्राथमिक जांच में चूल्हे से निकली चिंगारी से आग लगने की बात सामने आई है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि शाहबाद गांव के रोहिणी सेक्टर-28 में डेढ़ सौ झुग्गियों के समूह में एक हजार के आसपास लोग रहते हैं। इन लोगों का काम कूड़ा जमा करना और इसके बाद कबाड़ी को बेचना है। कुछ लोग कबाड़ खरीदने का भी काम करते हैं। इसकी वजह से काफी बड़े क्षेत्र में कबाड़ भी फैला हुआ है।

स्थानीय निवासी 60 वर्षीय यार मोहम्मद ने बताया कि सभी लोग रात को काम से लौटकर झुग्गी में आराम कर रहे थे। यहां के लोग भोजन अमूमन झुग्गी के बाहर पकाते हैं। इसी दौरान कुछ बच्चे चूल्हे से पॉलीथीन में आग लगाकर खेल रहे थे। तभी आग झुग्गी और कबाड़ में फैल गई। आग लगने के समय बड़ी संख्या में लोग झुग्गियों में सो रहे थे। वे सभी शरीर पर पड़े वस्त्र को पहन कर जान बचाने के लिए भागे। तभी करीब सवा 10 बजे घटना की सूचना दमकल और पुलिस को दी गई। इसके साथ ही स्थानीय लोग आग बुझाने के काम में जुट गए। दमकल की 15 गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग बुझाने के काम में जुट गईं। दमकल कर्मियों ने एक घंटे के अंदर आग पर काबू पा लिया, लेकिन तब तक डेढ़ सौ झुग्गियां जलकर राख हो गईं थी।

स्थानीय निवासी जहांआरा ने बताया कि तंग गलियों की वजह से दमकल कर्मियों को आने में दिक्कत हुई। हालांकि, स्थानीय एसएचओ राजीव रंजन और अन्य पुलिसकर्मी मौके पर पहुंच कर बचाव कार्य में जुट गए थे। ट्रैफिक और स्थानीय पुलिसकर्मियों ने रास्ता साफ कराया, जिसके बाद दमकलकर्मी घटनास्थल तक पहुंचे। आग बुझने के बाद करीब छह घंटे तक तलाशी अभियान चलाया गया, लेकिन किसी के हताहत होने की सूचना नहीं मिली।

सरकार से मदद की गुहार : ठंड की रात होने की वजह से लोगों को खुले आसमान के नीचे सोने की नौबत आ गई थी। स्थानीय पुलिस ने टेंट आदि की व्यवस्था की। इसके अलावा स्थानीय लोगों की मदद से भोजन की भी व्यवस्था कराई गई। वहीं यार मोहम्मद ने बताया कि इस हादसे में सब कुछ जलकर राख हो गया है। अब नए सिरे से जिंदगी शुरू करनी होगी। इन लोगों के सभी जरूरी दस्तावेज, फोन और बैंक कागज सब जलकर राख हो गए हैं। ऐसे में उन्होंने सरकार से मदद की गुहार लगाई है।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातः किरण

# राजधानी किरण

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com
नई दिल्ली, मंगलवार, 20 फरवरी, 2024

# आज भी ईडी के सामने पेश नहीं होंगे केजरीवाल, समन को बताया गैरकानूनी

- ईडी को समन भेजने की बजाय कोर्ट के फैसले का इंतजार करना चाहिए

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**



दिल्ली सरकार की अब समाप्त हो चुकी आबकारी नीति में कथित घोटाले का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल आज (19 फरवरी) को भी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के सामने पेश नहीं होंगे। इस संबंध में आम आदमी पार्टी (आप) ने कहा कि ईडी के समन अवैध हैं। ईडी के समन की वैधता का मामला अब कोर्ट में है। बार-बार समन भेजने के बजाय ईडी को कोर्ट के फैसले का इंतजार करना चाहिए। समन पर छठी बार ईडी के सामने नहीं जाएंगे केजरीवाल-दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल सोमवार को ईडी द्वारा आबकारी नीति मामले के संबंध में पूछताछ के लिए जारी छठे समन को नजरअंदाज किया। इसे आम आदमी पार्टी ने कहा कि मुख्यमंत्री केजरीवाल को भेजे गए समन अवैध थे और कहा कि मामला अब अदालत में है। ईडी को समन भेजने की बजाय कोर्ट के फैसले का इंतजार करना चाहिए। समन राजनीति से प्रेरित- केजरीवाल-उल्लेखनीय है कि इससे पहले 14 फरवरी को जांच एजेंसी ने केजरीवाल को छठा समन जारी किया और उन्हें 19 फरवरी को उसके सामने पेश होने के लिए कहा था। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने ईडी के अब तक के सभी समन को नजरअंदाज कर दिया है और आरोप लगाया है कि वे ॖअवैधॖ और ॖराजनीति से प्रेरितॖ थे। मालूम हो कि पहले 2 फरवरी, 18 जनवरी, 3 जनवरी, 22 दिसंबर, 2023 और 2 नवंबर, 2023 को जारी किए गए थे। वहीं, 17 फरवरी को दिल्ली की एक अदालत ने केजरीवाल को सदन में विश्वास प्रस्ताव पर बहस का हवाला देने के बाद मामले में पांच समन छोड़ने के लिए उनके खिलाफ ईडी की हालिया शिकायत के संबंध में 16 मार्च को शारीरिक रूप से पेश होने की अनुमति दी थी। ईडी ने दर्ज कराई शिकायत शिकायत-समाचार एजेंसी एएनआई ने सूत्रों के हवाले से बताया कि ईडी ने जानबूझकर जारी किए गए पहले तीन समन की अवज्ञा करने के लिए अरविंद केजरीवाल के खिलाफ आईपीसी की धारा 174 के तहत शिकायत दर्ज की है।

## दिल्ली में लगातार बदल रहा मौसम, बारिश के आसार

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**

मौसम विभाग ने दिन में आंशिक रूप से बादल छाए रहने व शाम के समय तेज हवा के साथ हल्की वर्षा होने का पूवार्नुमान जारी किया है। सोमवार सुबह दिल्ली का न्यूनतम तापमान 14.1 डिग्री दर्ज हुआ। रविवार को यह 8.6 डिग्री रहा था। हवाओं के असर से आईजीआई एयरपोर्ट पर सुबह सात बजे दृश्यता का स्तर ढाई हजार मीटर रिकॉर्ड किया गया। मौसम में बदलाव से पूर्व सोमवार की सुबह दिल्ली में ठंड एवं कोहरे दोनों से राहत रही। बादलों के चलते न्यूनतम पारे ने एकाएक छलांग लगाई और यह सामान्य से तीन डिग्री ऊपर पहुंच गया। एयरपोर्ट पर दृश्यता का स्तर भी सामान्य रहा। न्यूनतम तापमान 14.1 डिग्री दर्ज-मौसम विभाग ने दिन में आंशिक रूप से बादल छाए रहने व शाम के समय तेज हवा के साथ हल्की वर्षा होने का पूवार्नुमान जारी किया है। सोमवार सुबह दिल्ली का न्यूनतम तापमान 14.1 डिग्री दर्ज हुआ।

## दिल्ली विधानसभा से निलंबित भाजपा विधायक पहुंचे हाई कोर्ट

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**




दिल्ली विधानसभा से निलंबित करने के निर्णय के विरुद्ध सात भाजपा विधायकों ने दिल्ली हाई कोर्ट का रुख किया है। मुख्य पीठ ने अनुरोध को स्वीकार करते हुए मामले को सोमवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया है। भाजपा विधायकों की तरफ से पेश हुए अधिवक्ता जयंत मेहता ने कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष मामला उठाते हुए कहा कि उनके मुवक्किलों को गलत तरीके से निलंबित किया गया है और ऐसा करके विधानसभा की प्रक्रिया में शामिल होने का अधिकार प्रभावित हुआ है। भाजपा विधायकों को उपराज्यपाल के भाषण में गतिरोध पैदा करने के आरोप पर निलंबित किया गया है। मामले में दिन में सुनवाई हो सकती है।

## गेंबलिंग के अड्डे पर पुलिस का छापा, 18 गिरफ्तार

- टैगोर गार्डन इलाके में एक जगह गैंबलिंग का अड्डा चल रहा

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**

नई दिल्ली। पश्चिमी जिला के स्पेशल स्टाफ की पुलिस टीम ने विष्णु गार्डन में गेंबलिंग के अड्डे (जुआप) पर छापा मारकर 18 लोगों को गिरफ्तार किया है। वहां से 3.56 लाख से ज्यादा का नकद भी बरामद किया गया है। डीसीपी विचित्र वीर ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस को इस अड्डे के बारे में एक गुप्त सूचना मिली थी। टैगोर गार्डन इलाके में एक जगह गैंबलिंग का अड्डा चल रहा है। उस सूचना पर सब इंस्पेक्टर सुदीप पूनिया की टीम ने छापा मारा। वहां मौके पर मौजूद 18 लोगों को दबोच लिया गया, जो पुलिस की रेड पड़ते ही भागने लगे थे। वहां से 5 पैकेट प्लेइंग कार्ड के अलावा काफी मात्रा में कैश बरामद किए गए। आरोपियों के खिलाफ दिल्ली पब्लिक गैंबलिंग एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया। गिरफ्तार किए गए सभी आरोपी दिल्ली के राजौरी गार्डन, विष्णु गार्डन, खयाला, तिलक नगर, रघुवीर नगर, नारायण गांव, चौखंडी, मोती नगर, शकूरपुर और करमपुरा के रहने वाले हैं। डीसीपी के अनुसार इसमें वह आरोपी भी है जो गैंबलिंग का अड्डा चलता था। उसकी पहचान अनुराग सिंह के रूप में हुई है।

# आप विधायक अमानतुल्लाह खान ने अदालत में अग्रिम जमानत याचिका लगाई

- यह केस दिल्ली वक्फ बोर्ड में मनी लॉन्ड्रिंग केस से जुड़ा हुआ

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**



नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक अमानतुल्लाह खान ने अदालत में अग्रिम जमानत याचिका लगाई है। दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट में इस मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को नोटिस भेजा है। यह केस दिल्ली वक्फ बोर्ड में मनी लॉन्ड्रिंग केस से जुड़ा हुआ है। अदालत में विशेष जज राकेश स्याल ने ईडी को नोटिस जारी किया है और मामले को मंगलवार को अगली सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया है। अग्रिम जमानत याचिका वकील रजत भारद्वाज की तरफ से दायर की गई थी। वरिष्ठ वकील मेनका गुरुस्वामी ने अदालत से अग्रिम सुरक्षा देने की गुहार लगाई, हालांकि, अदालत ने राहत देने से इनकार किया है। गुरुस्वामी ने कहा कि अमानतुल्लाह खान को मनी लॉन्ड्रिंग केस में समन जारी किया गया था। उन्होंने अदालत से कहा कि यह मामला एक ही केस में दो एफआईआर से संबंधित है। पहली एफआईआर 23 नवंबर, 2016 को सीबीआई की तरफ से दायर की गई थी। आरोप है कि याचिकाकर्ता गलत तरीके से दिल्ली वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष बने थे। एजेंसी ने इस मामले को बंद कर दिया और कहा कि यह मामला प्रशासनिक गड़बड़ियों का है लेकिन उन्होंने इसका इस्तेमाल दूसरे एफआईआर को फाइल करने के लिए किया। वरिष्ठ वकील ने कहा कि कानून के मुताबिक वो एक वजह के लिए दो एफआईआर दर्ज नहीं कर सकते हैं। दो एफआईआर के जरिए उन्होंने केस को फिर से शुरू करने की कोशिश की है। उन्होंने अदालत में यह भी कहा कि दोनों ही केसों में बेल ऑर्डर एक ही निष्कर्ष पर पहुंचे कि इससे कोष को कोई नुकसान नहीं हुआ था। वकील ने अदालत से कहा कि आरोप है कि संविदा पर रखे गए 33 कर्मचारियों की नियुक्ति में गड़बड़ी की गई। बेल ऑर्डर में यह भी नोटिस किया गया था कि कोई घूस नहीं दिया गया, कोई रिकिवरी नहीं हुई थी। तो फिर अपरोध होने का कोई सवाल नहीं उठता है। वरिष्ट वकील ने दलीलें पेश करते हुए कहा, ॖप्रॉपर्टी को लीज पर देने के दो आरोपों का यह निष्कर्ष निकला था कि राजकोष को कोई घाटा नहीं हुआ था और निष्कर्ष निकला था कि यह सब प्रशासनिक गड़बड़ियां हैं।

# लड़के को मार डेड बॉडी के सामने नाचने वाले नाबालिग को बालिग माना जाए

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**




नई दिल्ली। दिल्ली में एक नाबालिग लड़के की चाकू गोद कर हत्या के बाद अब पुलिस ने इस हत्याकांड को लेकर अपनी चार्जशीट दाखिल की है। महज साढ़े तीन सौ रुपये के लिए इस लड़के की हत्या की गई थी। पुलिस ने अब चार्जशीट दाखिल कर जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड से आग्रह किया है कि वो आरोपी को व्यस्क की तरह ट्रीट करें। 17 साल के एक लड़के को 16 साल के एक लड़के ने नॉर्थईस्ट दिल्ली के वेलकम इलाके में 21 नवंबर, 2023 को चाकू से गोद दिया था। लड़के को 60 बार चाकू से गोदा गया था। लड़के की मौत के बाद आरोपी नाबालिग डेड बॉडी के पास नाचता हुआ नजर आया था। दिल्ली पुलिस ने नाबालिग के खिलाफ जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड में 250 पन्नों की चार्जशीट 14 फरवरी को दाखिल की है। पुलिस ने अदालत से यह भी आग्रह किया है कि आरोपी को बालिग माना जाए। एक अधिकारी ने कहा कि 16 साल या उससे अधिक के नाबालिगों को संज्ञेय अपराधों मसलन-हत्या औ▮ रेप के लिए बालिग के तौर पर ट्रीट किया जा सकता है। इसका उल्लेख जुवेनाइल जस्टिस एक्ट, 2015 में है। पुलिस की जांच के मुताबिक, आरोपी ने पीड़ित को 60 बार चाकू से गोदा था और 350 रुपये लूट लिए थे। पुलिस ने चार्जशीट में कहा है कि आरोपी बिरयानी लेना चाहता था लेकिन पीड़ित ने उसके लिए बिरयानी खरीदने से इनकार कर दिया था। पुलिस की जांच में खुलासा हुआ है कि वारदात के वक्त आरोपी ड्रग्स के नशे में थे। जब पीड़ित ने उसे बिरयानी दिलवाने से मना कर दिया तब वो नाराज हो गया औ▮ उसने हमला कर दिया। यह घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गई थी। वीडियो में नजर आया था कि आरोपी चाकू से लड़के पर हमला कर रहा था औ▮ आसपास के लोगों को धमकी भी दे रहा था। घटना के अगले ही दिन पुलिस ने आरोपी नाबालिग लड़के को पकड़ लिया था। नाबालिग ने पुलिसिया पूछताछ में बताया था कि हत्या के बाद उसने 50 रुपये की बिरयानी खाई थी। पुलिस ने उसके पास से लूट के 300 रुपये बरामद किए थे। एक अन्य पुलिस अधिकारी ने कहा कि आरोपी का आपराधिक इतिहास रहा है। उसपर मर्डर का भी एक केस है। पुलिस अधिकारी ने कहा कि उन्होंने नियम-कानून को फॉलो करते हुए आरोपी नाबालिग को बालिग मानने की कोर्ट से अपील की है।

# हथियार के बल पर बीच बाजार लूट की कोशिश, चीखते रहे बाप-बेटा

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली में अपराधियों ने एक और सनसनीखेज वारदात को अंजाम दिया है। सीसीटीवी में कैद घटना को देखकर पहली नजर में आपको लगेगा कि यह किसी बॉलीवुड फिल्म का सीन है जिसमें डाकू लूटपाट कर रहे हैं। लेकिन यह सीन फिल्मी नहीं पूरी तरह असली है। उत्तरपूर्वी दिल्ली के सोनिया विहार में जूलरी दुकान के मालिक से गहने और कैश से भरे बैग को छीनने के लिए हाथ में पिस्टल लिए चार बदमाशों ने हमला कर दिया। बीच बाजार वे वारदात को अंजाम देते रहे और हमलावरों से घिरे बाप-बेटे मदद के लिए चीखते-चिल्लाते रहे। घटना के वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। वीडियो में देखा जा सकता है कि चार लुटेरे हेलमेट पहने हुए दो लोगों से बैग छीनने के कोशिश कर रहे हैं। विरोध करने पर वे हवा में फायरिंग भी करते हैं। बाद में वे मोटरसाइकिल पर बैठकर भाग जाते हैं। भागते हुए वे हथियार लहराते हुए दिखते हैं। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, ॖएक जूलरी शॉप में फायरिंग कोलेकर रविवार रात 9:30 बजे सोनिया पुलिस पुलिस थाने में पीसीआर कॉल आई थी। पुलिस ने बताया कि मोहित पांडे अपने पिता राजेश पांडे के साथ दुकान बंद ही की थी और घर जा रहे थे। तभी चार लोगों ने उनसे बैग छीनने की कोशिश की। बैग में 3 हजार रुपए कुछ चांदी के गहने और चाबियां थीं। हमलावर जब बैग छीनने में कामयाब नहीं हुए तो उन्होंने मोहित और उनके पिता पर पिस्टल के बट से हमला भी किया। दोनों को बाद में पास के अस्पताल में ले जाया गया। दोनों को मामूली चोटें आई हैं। पुलिस ने मौके से तीन खाली खोखे और जिंदा कारतूस भी बरामद किया है। पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जल्दी ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। घायल मोहित ने बताया कि सोनिया विहार के तीसरा पुश्ता मार्केट में उसकी मोहित ज्वेलरी नामक दुकान है, मोहित अपने पिता के साथ दुकान चलाता है। रविवार रात जब वह दुकान बंद कर के पिता के साथ जा रहा था, तो वहां दो बदमाश पहुंचे और उनके हाथ से बैग छीनने की कोशिश की। उसके बैग में दिनभर की बिक्री के सारे पैसे थे, जिसे छीनने का उसने विरोध किया। इसके बाद बदमाश वहां से फरार हो गए। पुलिस ने बताया कि घायलों की हालत अब ठीक है और दोनों की हालत खतरे से बाहर हैं। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## चार झुग्गी व एक दुकान में लगी भीषण आग

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**

नई दिल्ली। दिल्ली के नेबसराय इलाके में सोमवार सुबह चार झुग्गियों में अचानक भीषण आग लग गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची दमकल की आठ गाड़ियों ने एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घटना में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। फिलहाल नेब सराय थाना पुलिस आग लगने के कारणों की जांच कर रही है। दमकल विभाग के अनुसार, सोमवार सुबह करीब 10.20 बजे सूचना मिली कि नेब सराय स्थित झुग्गियों में आग लग गई है। सूचना मिलते ही एक-एक कर दमकल की करीब आठ गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। दमकलकर्मियों के अनुसार आग बुझाने के दौरान दो बड़े व पांच छोटे सिलिंडर ब्लास्ट हो गया। राहत की बात यह रही है कि घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। दमकल विभाग के अनुसार, आग चार झुग्गियों, एक दुकान व दो बाइक में लगी थी। झुग्गियों में कबाड़ का सामान रखा हुआ था।

# स्पीकर के फैसले के खिलाफ भाजपा विधायक पहुंचे हाईकोर्ट

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे दिन विधानसभा स्पीकर द्वारा बीजेपी के सात विधायकों को निलंबित किए जाने के फैसले की हाईकोर्ट में चुनौती दी है। बीजेपी के विधायकों ने इसको अर्जेंट मैटर बताते हुए इस पर आज ही सुनवाई की अपील की है। विधायकों की ओर से वकील जयंत मेहता ने कार्यकारी चीफ जस्टिस मनमोहन की अध्यक्षता वाली बेंच के सामने उठाया। उन्होंने कहा कि इन सातों विधायकों को गलत तरीके से विधानसभा से निलंबित किया गया है। ऐसा करना असंवैधानिक और विधानसभा के नियमों के विपरीत है। जिसके बाद कोर्ट ने आज ही सुनवाई करने का आदेश दिया।कल भी होगी सुनवाईः मेहता ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट पहले ही कह चुका है कि आप अनिश्चितकाल तक किसी को निलंबित नहीं रख सकते हैं। पहली घटना पर किसी विधायक को तीन दिनों की और दूसरी बार सात दिनों की अधिकतम सजा दी जा सकती है। इस मामले में इन विधायकों की ये पहली सजा है, ऐस में उन्हें तीन दिन से ज्यादा नहीं दी जा सकती है। उसके बाद कोर्ट ने याचिकाकताओं की ओर से अंतरिम राहत के मामले पर दलीलें सुनने के लिए कल यानि 20 फरवरी की तिथि नियत कर दिया। एलजी के अभिभाषण के दौरान हुआ था हंगामाः दिल्ली विधानसभा के बजट सत्र के पहले दिन यानी 15 फरवरी को उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना के अभिभाषण के दौरान बीजेपी विधायकों पर हंगामा करने का आरोप है। दरअसल, 16 फरवरी को सत्र के दूसरे दिन आम आदमी पार्टी द्वारा लाए गए एक प्रस्ताव के बाद बीजेपी के सात विधायकों को निलंबित कर दिया गया और मामले की जांच स्पीकर ने विशेषाधिकार समिति को सौंप दी। बीते शुक्रवार को बजट सत्र के दूसरे दिन विधानसभा की कार्यवाही शुरू होते ही आम आदमी पार्टी के विधायक व मुख्य सचेतक दिलीप पांडे ने विधानसभा अध्यक्ष की अनुमति से एक प्रस्ताव पेश किया। जिसमें उन्होंने कहा कि विधानसभा के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है कि उपराज्यपाल जब अभिभाषण दे रहे थे तो विपक्षी दल के विधायकों ने सोची समझी साजिश के तहत उसमें व्यवधान पहुंचाने की कोशिश की है। यह विधानसभा की गरिमा को ठेस पहुंचाने की कोशिश है। इसलिए इनके खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाए। हंगामा करने वाले बीजेपी के सात विधायकों विजेंद्र गुप्ता, अनिल बाजपेयी, अजय महावर, जितेंद्र महाजन, ओपी शर्मा, मोहन सिंह बिष्ट और अभय वर्मा के खिलाफ मामला विशेषाधिकार समिति को सौप दिया गया था। विधानसभा स्पीकर रामनिवास गोयल ने प्रस्ताव को स्वीकार करने की बात कही और कहा कि जब तक विशेषाधिकार समिति इस मामले की जांच करेगी तब तक सातों बीजेपी के विधायक को निलंबित किया जाता है।

# केजरीवाल के ईडी के सामने पेश न होने पर बीजेपी ने साधा निशाना

**कहा - हेमेंत सोरेन की तरह जाएंगे जेल**

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सोमवार को ईडी के सामने पेश नहीं होंगे। दिल्ली के कथित शराब घोटाले में मनी लॉन्ड्रिंग की जांच कर रही ईडी ने पूछताछ के लिए केजरीवाल को समन भेजा था। आप ने ईडी के समन को गैर कानूनी बताया है। आप ने कहा कि ईडी के समन की वैधता का मामला अब कोर्ट में है। ईडी ने खुद कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। ईडी को बार-बार समन भेजने के बजाय कोर्ट के फैसले का इंतजार करना चाहिए। यह 6ठी बार है, जब केजरीवाल ईडी के समन पर पेश नहीं हुए हैं। वही दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर फिर से बीजेपी के नेताओं ने निशाना साधा है और कहा है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल बार-बार कानून का उल्लंघन कर रहे हैं, कानून का मजाक बना रहे हैं। दिल्ली भाजपा सचिव बांसुरी स्वराज ने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल वाहनों के चैंपियन बन गए हैं। 17 फरवरी को जब अरविंद केजरीवाल की कोर्ट में पेशी थी पूर्ण बहुमत की सरकार होने के बावजूद भी उन्होंने 16 फरवरी को दिल्ली विधानसभा में विश्वास प्रस्ताव लेकर आए और कोर्ट के सामने बहाना बनाया कि 17 फरवरी को सदन में बहस लगी है इसलिए मैं कोर्ट के सामने आ नहीं सकता। साफ जाहिर होता है कि वह कानून का मजाक बना रहे हैं। मेरा दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल से अनुरोध है कि आप जितने भी बहाने और पैंतरेबाजी खेल रहे हैं। यह बिल्कुल भी काम नहीं आने वाली है और इससे आप बचने वाले नहीं है इसलिए आप ईडी के सामने पेश हो जाएं। भाजपा नेता हरीश खुराना ने कहा है कि मुझे पूर्ण उम्मीद थी कि इस बार भी अरविंद केजरीवाल ईडी के समन का सम्मान नहीं करेंगे और हुआ भी यही। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल कानून का मजाक बना रहे हैं। मामला कोर्ट के अंदर है जानबूझकर वह दिल्ली विधानसभा के अंदर विश्वास प्रस्ताव लेकर आए। ताकि आप ईडी के सामने न जाए और इस पूरे मामले को कैसे खींच सके। आपको हेमंत सोरेन भी याद होंगे 10 समन मिलने के बाद वह भी कोर्ट गए थे। लेकिन कोई राहत नहीं मिली और उन्हें जेल जाना पड़ा। इस प्रकार अगर आप भी ऐसे करेंगे तो आपको भी जेल जाना पड़ेगा। आपकी भी गिरफ्तारी होगी, कानून के तहत आपको भी गिरफ्तार किया जाएगा। आपको भी बहुत सारे सवालों के जवाब देने हैं। कैसे शराब घोटाला दिल्ली में हुआ, कैसे हुआ 5 फीसदी से 12 फीसदी कमीशन सब कुछ आपके सामने आपकी मौजूदगी में हुआ।

# चांदनी चौक के व्यापारी की हत्या के मामले में मास्टर माइंड गिरफ्तार



**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**

राजधानी के चांदनी चौक इलाके में व्यापारी के ड्राइवर ने अपने भाई और एक अन्य व्यक्ति के साथ हत्या कर दी थी। 2014 के इस मामले में फरार आरोपी को क्राइम ब्रांच की टीम ने यूपी से गिरफ्तार कर लिया है। हत्या की जामा मस्जिद इलाके में हुई थी, जिसमें एक बड़ी राशि की लूट की गई थी। आरोपियों की पहचान राजवीर, सर्वेश और देवेंद्र के रूप में हुई थी। आरोपी देवेंद्र उसी समय से फरार था, जिसकी गिरफ्तारी के लिए दिल्ली पुलिस कमिश्नर ने 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए डीसीपी अमित गोयल ने टीम को लगाया था, जो आरोपी की तलाश में गाजियाबाद पहुंची थी। पुलिस टीम वहां के पांडव नगर इलाके में कई दिनों तक गलियों की खाक छानती रही, जिसके बाद आरोपी की तलाश आखिरकार पूरी हुई और उसे धर दबोचा। आरोपी वहां छिपकर एक फैक्ट्री में काम करता था। पुलिस को देवेंद्र से पूछताछ में पता चला कि, उसके भाई सर्वेश ने ही बताया था कि बिजनेसमैन हर रात में बड़ा अमाउंट लेकर जामा मस्जिद स्थित अपने घर जाता है। इस पर देवेंद्र ने पूरी प्लानिंग की और इसके लिए राजवीर को गांव से बुलाया। इसके बाद तीनों मिलकर वारदात वाले दिन बिजनेसमैन के घर पहुंचे और देवेंद्र के भाई सर्वेश (जो उस वक्त व्यापारी का ड्राइवर था) से दरवाजा खुलवाया।

# वोट आप ले लेना, हमें नहीं चाहिए : केजरीवाल

- मैं लाल किले से कहूंगा कि वोट बीजेपी को दो, केजरीवाल ने बदले में क्या मांगा

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**



नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को एक बार फिर केंद्र सरकार और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर जमकर प्रहार किया। दिल्ली विधानसभा में उन्होंने आरोप लगाया कि उनकी सरकार दिल्ली जल बोर्ड के गलत बिलों को माफ करने के लिए एक स्कीम लाना चाहती है, लेकिन केंद्र सरकार के अधीन आने वाले अफसर इसे मंजूरी नहीं दे रहे हैं। इस दौरान केजरीवाल ने भाजपा से अपील की कि वे एलजी से कहकर स्कीम को पास करा दें। उन्होंने कहा कि यदि बीजेपी इसे पास करा देती तो वह उसे क्रेडिट देंगे और लाल किले पर खड़े होकर कह देंगे कि वोट भाजपा को दीजिए। केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली में 10 लाख लोगों के पानी के गलत बिल आए हैं और उनकी सरकार इसके निपटारे के लिए स्कीम लाना चाहती है, लेकिन इसे मंजूरी नहीं दी जा रही है। केजरीवाल ने कहा, ॖ27 लाख उपभोक्ता हैं और उनमें से करीब साढ़े 10 लाख यानी करीब 40 फीसदी अपना बिल नहीं भर रहे हैं क्योंकि उन्हें लगता है कि बिल गलत आए हैं, बढ़-चढ़कर आए हैं। उपभोक्ता चक्कर लगा रहे हैं, दलालों के चक्कर काट रहे हैं ॖ केजरीवाल ने यह भी कहा कि जब तक बिल ठीक नहीं होते, लोगों को भरने की जरूरत नही हैं। केजरीवाल ने कहा कि पिछले साल 23 जून को स्कीम को पास किया गया था। 8 महीने हो गए। केजरीवाल ने कहा, ॖइस स्कीम को कैबिनेट में लाना है। कैबिनेट पास करेगी तो स्कीम लागू होगी। इसके लिए फाइनेंस सेक्रटरी को कमेंट्स देने हैं। उन्होंने लिख दिया मैं कमेंट नहीं देता। सोचो किसी अफसर कि हिम्मत है। बिधूड़ी जी कह रहे थे मुझे सीख लो, बताइए क्या किया जाए। ॖ दिल्ली के मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि दिल्ली सरकार के कामकाज को रोकने के लिए अफसरों को धमकाया जा रहा है। अरविंद केजरीवाल ने केंद्र सरकार पर कामकाज में रुकावट डालने का आरोप लगाया और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी से प्रार्थना की कि एलजी से कहकर योजना को मंजूरी दिला दें। केजरीवाल ने कहा कि ऐसा होता है वह दिल्ली के लोगों से कह देंगे कि वोट बीजेपी को दे देना। केजरीवाल ने हाथ जोड़ते हुए कहा, ॖमुझे खुशी है कि बिधूड़ी साहब ने कहा कि वह स्कीम का विरोध नहीं कर रहे हैं। राजनीतिक एक तरफ है, आपसे मेरा निवेदन हैं, आपके ही एलजी हैं, सारा क्रेडिट आपका। मैं लाल किले के ऊपर खड़ा होकर चिल्लाऊंगा कि बीजेपी वालों ने कराया वोट बीजेपी को दे देना। वोट के लिए कर रहे हो और तो कोई कारण नहीं है। वोट आप ही लेना, हमें नहीं चाहिए वोट। हमें तो सेवा करने का मौका मिला, हमने पिछले जन्म में कुछ पुण्य किए होंगे हमने जो यह मौका मिला। ॖ केजरीवाल ने कहा, ॖदिल्ली कहने को आधा राज्य है, मुझे लगता है पांच पर्सेंट भी नहीं है। यदि यह पूर्ण राज्य होता तो किसी मंत्री और मुख्यमंत्री के आदेश को अवहेलना करके वह दो मिनट भी पोस्ट पर रह जाता। ॖ केजरीवाल ने कहा कि बीजेपी दिल्लीवालों से नफरत करती है। भाजपा के लोग दिल्ली को बर्बाद

# दिल्ली के शाहदरा की इन 9 सड़कों का होगा कायाकल्प

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**



नई दिल्ली। दिल्ली के यमुनापार इलाके में रहने वाले लाखों लोगों के लिए राहत भरी खबर है। लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने शाहदरा जिले से जुड़ी 9 सड़कों के सौंदर्यीकरण और मरम्मत कराने का फैसला लिया है। इसके बाद इन सड़कों पर वाहन चालकों का आवागमन आसान होगा। इसको लेकर दिल्ली की पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी ने सड़कों के सौंदर्यीकरण और सुदृढ़ीकरण से जुड़े प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इसके तहत शाहदरा जिले की प्रमुख नौ सड़कों का संवारा और सजाया जाएगा। बताया जा रहा है कि जिन सड़कों को प्रस्ताव में शामिल किया गया है, उनमें से कई सड़कें टूटी हुई हैं या फिर उन पर अतिक्रमण है। यहां पर जहां मुख्य सड़क टूटी हुई है तो फुटपाथ भी पैदल लोगों के चलने लायक नहीं है, जिससे लोगों को काफी असुविधा होती है। इन सड़कों की मरम्मत होगी : टेलीफोन एक्सचेंज आर ब्लॉक रोड से होते हुए जीटी रोड से रोड नंबर- 64 तक, एलआईसी रोड-मलेरिया कार्यालय एमसीडी से जीटी रोड तक-डिवाइडर रोड से पम्मी स्वीट के पास गुरुद्वारा रोड तक की सड़क-हंस राज पब्लिक स्कूल दिलशाद गार्डन के सामने वाली सड़क-टी-प्वाइंट, एल पॉकेट से आर ब्लॉक छोटी रोटरी तक सड़क-रोड नंबर- 62-(जे एंड के पॉकेट) से पेट्रोल पंप जीटी रोड- रेड क्रॉस सोसाइटी के सामने। लाजपत नगर में अतिक्रमण हटेगा : वहीं, दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश के बाद लाजपत नगर स्थित सेंट्रल मार्केट में अवैध रेहड़ी-पटरी समेत अन्य अतिक्रमण को हटाने के लिए सोमवार से नियमित तौर पर अभियान चलाया जाएगा। स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि एमसीडी की टीम बीते कुछ दिनों से अतिक्रमण हटा रही है, लेकिन सोमवार से नियमित तौर पर अवैध तरीके से रेहड़ी-पटरी लगाने वालों को हटाया जाएगा।

## दिल्ली के कापसहेड़ा में नबालिग से गैंगरेप

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**

नई दिल्ली। दिल्ली के कापसहेड़ा थाना इलाके में 15 साल की नाबालिग लड़की के साथ गैंगरेप का सनसनीखेज मामला सामने आया है। इस मामले में पीड़ित के परिवार वालों के द्वारा शिकायत की गई और लड़की के बयान लिया गया। उसका मेडिकल जांच भी करवाया गया। उसके बाद पुलिस ने अलग-अलग धाराओं में मामला दर्ज किया। जिसके बाद इस मामले में शामिल आरोपियों की धरपकड़ शुरू कर दी गई और दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com
राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, मंगलवार, 20 फरवरी, 2024



## संक्षिप्त खबरें

### स्नातकोत्तर या पीएचडी उपाधि प्राप्त कर चुके विद्यार्थियों की आज बैठक

दर्शनशास्त्र विभाग, भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर या पीएचडी उपाधि प्राप्त कर चुके विद्यार्थियों की एक बैठक मंगलवार को पूर्वाह्न 11: 00 बजे से होगी। इसमें विभागीय पूर्ववर्ती छात्र परिषद् (एलुमानी एसोशिएशन) का गठन किया जाएगा। प्रभारी विभागाध्यक्ष डॉ. सुधांशु शेखर ने बताया कि बैठक की अध्यक्षता पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. ज्ञानंजय द्विवेदी करेंगे। उन्होंने बताया कि बैठक में भाग लेने के लिए सभी सत्रों के विद्यार्थियों को आमंत्रित किया गया है।

### मानव अस्तित्व का दार्शनिक विश्लेषण विषय पर आज होगा व्याख्यान

मधेपुरा भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय, मधेपुरा के शैक्षणिक परिसर अवस्थित विश्वविद्यालय दर्शनशास्त्र विभाग में मंगलवार को एक व्याख्यान का आयोजन किया गया है। प्रभारी विभागाध्यक्ष डॉ. सुधांशु शेखर ने बताया कि व्याख्यान का विषय मानव अस्तित्व का दार्शनिक विश्लेषण रखा गया है। इसके मुख्य वक्ता दर्शनशास्त्र विभाग, बी. आर. अंबेडकर बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर के प्रोफेसर डॉ. राजेश्वर सिंह होंगे। उन्होंने बताया कि व्याख्यान का उद्घाटन पूर्व कुलपति प्रो. ज्ञानंजय द्विवेदी करेंगे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मानविकी संकायाध्यक्ष प्रो. आर. के. मल्लिक, विशिष्ट अतिथि निदेशक (आईक्यूएसी) प्रो. नरेश कुमार एवं सम्मानित अतिथि हिन्दी विभागाध्यक्ष प्रो. उषा सिन्हा होंगी। अतिथियों का स्वागत प्रभारी विभागाध्यक्ष डॉ. सुधांशु शेखर, संचालन असिस्टेंट प्रोफेसर श्री विनय कुमार एवं धन्यवाद ज्ञापन अतिथि व्याख्याता डॉ. कुमार ऋषभ करेंगे।

# शारीरिक दक्षता बनाये रखने के लिए खाएं फाइलेरिया रोधी दवा

- 95 होमगार्डों के सेवन करायी गई दवा
- आमजनों से फाइलेरिया रोधी दवा खाने की अपील

प्रात: किरण संवाददाता



सहरसा। जिले में लोगों को फाइलेरिया मुक्त करने एवं बचाव के लिए कहरा प्रखंड में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम के तहत पूर्व सुनियोजित कार्यक्रम के तहह आज होमगार्ड के अधीक्षक को दवा सेवन का कार्यक्रम आरंभ किया गया। इस मौके पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. चंद्रा गुप्ता ने लोगों से फाइलेरिया या हाथी पांव कुरूपता और अपंगता की बीमारी से बचने के लिए फाइलेरिया रोधी दवा अवश्य खायें। सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम के तहत दवा सेवन करना फाइलेरिया से बचाव का सबसे सरल और आसान उपाय है। पाँच सालों तक साल में एक बार मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एमडीए) संचालित कर लोगों को फाइलेरिया से बचाव के लिए दवा सेवन कराया जायेगा। उन्होंने बताया कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिए जिले में आइसीडीएस, जीविका, शिक्षा विभाग, पंचायती राज, नगर निकाय एवं अन्य विभागों के अलावे स्वास्थ्य संगठन पिरामल एवं पीसीआई जैसी स्वयंसेवी संस्थाएं भी स्वास्थ्य विभाग को सहयोग प्रदान कर रही हैं। क्यूलेक्स मच्छर के काटने से होता है फाइलेरिया होमगार्ड कैम्पस में सर्वजन दवाव सेवन कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. चंद्रा गुप्ता ने बताया फाइलेरिया क्यूलेक्स मच्छर के काटने से होने वाली एक गंभीर संक्रामक बीमारी है जिसे आमतौर पर हाथी पांव भी कहा जाता है। कोई भी व्यक्ति किसी भी उम्र में फाइलेरिया से संक्रमित हो सकता है। फाइलेरिया के प्रमुख लक्षणों में हाथ और पैर या हाइड्रोसिल (अण्डकोष) में सूजन का होना होता है। प्रारंभिक अवस्था में इसकी पुष्टि होने के बाद जरूरी दवा सेवन कर इसे रोका जा सकता है। इसके लिए लोगों में जागरुकता की आवश्यकता है। किन्तु अधिक दिनों तक इसकी उपेक्षा करने पर यह गंभीर रूप ले लेता है, जिससे फाइलेरिया संक्रमित स्थायी रूप से विकलांग हो जाते हैं। इसके लिए जागरूता की आवश्यकता है। मच्छरों से बचने के लिए सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें, अपने घरों के आस-पास साफ सफाई रखें एवं पानी इकट्ठा न होने दें, जहाँ मच्छर पनपते हों। मौके पर लोगों को दी गई जानकारी इस मौके पर पीरामल स्वास्थ्य की ओर से टीम लीडर नसरीन ने लोगों को बताया फाइलेरिया के संक्रमण से सुरक्षित रखने के लिए आशा व आंगनबाड़ी सेविका द्वारा लोगों को बूथ स्तर पर तथा घर-घर जाकर अपनी उपस्थिति में डीईसी व अल्बेंडाजोल की दवा खिला रही हैं।

# स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान की हुई शुरआत

प्रात: किरण संवाददाता

सहरसा। लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 के निमित्त स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान के तहत समाहरणालय परिसर, सहरसा में संजय कुमार निराला, वरीय पदाधिकारी, स्वीप कोषांग-सह-उप विकास आयुक्त, सहरसा के द्वारा हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ किया गया। उनके द्वारा आयोजन स्थल पर मौजूद आंगबाड़ी सेविका, महिला पर्यवेक्षिका, सुपरवाईजर एवं मौके पर मतदाताओ को संबोधित करते हुये मतदाता जारूकता हेतु विभिन्न स्तरों पर इस प्रकार के कार्यक्रम के आयोजन की आवश्यकता बताई गई। इस पर श्री प्रदीप कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी, सदर सहरसा, ललित कुमार सिंह, भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, सदर सहरसा, आशा कुमारी, कार्यपालक दंडाधिकारी, सदर सहरसा, मुख्य कोषांग के रविन्द्र ठाकुर, एवं स्वीप कोषांग के कर्मी श्री अभिषेक, आनंद कुमार विजेता, अमित कुमार, शूलपाणि एवं मनीष कुमार उपस्थित थे।

# देशी कट्टा और कोरेक्स के साथ गिरफ्तार



प्रात: किरण संवाददाता

पतरघट/सहरसा। जिला के थाना सौर बाजार ओपी पतरघट क्षेत्र मे पुलिस अधीक्षक महोदय सहरसा के निर्देशन में दिनांक 18/02/2024 को विशेष वाहन चेकिंग के क्रम में गुप्त सूचना के आधार पर पंचायत गोलमा पूर्वी टोला घोघनपट्टी वार्ड नंबर 3 स्थित छोटू यादव के घर के आंगन से एक बोरी में 69 बोतल कोडिंग युक्त कफ सिरप जिसका कुल मात्रा 6 लीटर 900 सौ एमएल बरामद हुआ। अभियुक्त छोटू यादव घर से भागने में सफल रहा। इस संबंध में प्राथमिक दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही वही पर दूसरा काला रंग के बैग में लोहे का एक देसी कट्टा दो बोतल कोडिंग युक्त विश्वकप सिरप जिसका कुल मात्रा 200 एमएल एवं दो मोबाइल जप्त कर लिया गया। जब्त किए गए। ओपी अध्यक्ष अजय कुमार पासवान ने बताया कि वाहन चेकिंग के दौरान गिरफ्तारी किया गया है।बताया गया कि फोरसाहा वार्ड नंबर 16 निवाशी दोनो का थाना सौरबाजार, जिला सहरसा के निवासी सनोज कुमार पिता विलास शर्मा वो आशीष कुमार पिता अमरनाथ शर्मा। पुलिसअवर निरीक्षक विकास कुमार सिंह, पुलिस अवर निरीक्षक राहुल रोशन, थाना सशस्त्र बल के सहयोग से गिरफ्तारी किया गया। अभियुक्त के ऊपर विधि संवत कार्रवाई करते हुए न्यायिक हिरासत भेजा।

# दिलीप कुमार सिंह ने तालाब की दूषित जल को हटाने की मांग

प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी खजौली प्रखंड क्षेत्र के दतुआर पंचायत के दतुआर गांव स्थित महामाया स्थान मंदिर परिसर में तालाब की जल दूषित होने से सैकड़ो श्रद्धालुगण तालाब में स्नान करने से वंचित हो रहा है. इस दूषित जल को तालाब से निकालने के लिए मिथिलावादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व महामाया स्थान मंदिर कमिटी के अध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह ने कहा कि महामाया स्थान मंदिर आस्था का केंद्र है. इस मंदिर प्रतिदिन माँ भगवती की पूजा अर्चना करने के लिए पड़ोसी देश नेपाल सहित बिहार के तमाम जिलों से श्रद्धालु भक्त जनों की स्नान में भारी दिक्कत की सामना कर रही है.वही झंझारपुर लोक सभा के सांसद राम प्रीत मंडल ने दतुआर पंचायत को गोद लेकर महामाया स्थान मंदिर ,तालाब सहित समस्त पंचायत की चहुमुखी विकास करने का वादा करने की धोषणा की. उन्होंने कहा कि महामाया स्थान मंदिर का तालाब का दूषित जल को अविलंब तालाब से नही हटाने पर कभी भी गांव, मंदिर स्थान में महामारी फैल सकती है.मिथिलावादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह ने जिला पदाधिकारी एव स्थानीय बीडीओ से आग्रह किया है तालाब की दूषित जल को निकलवाने की गुहार लगाया है।

# आपस मे मेल से रहो, जहा रहो सत्संग करो

प्रात: किरण संवाददाता

सहरसा। पटेल मैदान मे संतमत संत समागम का भव्य आयोजन बहुत ही हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ, आसपास का छेत्र भक्तिमय माहौल मे तब्दील हो गया। मीडिया प्रभारी चन्दन वर्मा ने बताया कि स्वामी देवव्रत बाबा के अध्यक्षता मे संत समागम का भव्य समारोह सम्पन्न हुआ। इस समारोह मे विधायक गुंजेशवर साह की बहुत ही अहम भुमिका रही उनके पहल पर ही संतमत संत समागम का भव्य आयोजन किया गया और उनका बहुत योगदान रहा। समागम मे सहरसा जिला अंतर्गत सभी सात आश्रम के व्यवस्थापक बाबा के द्वारा अपनी अपनी व्यवस्था के साथ सब लोग पटेल मैदान पहुँचे, वहा से सभी साथ साथ सैकरो गाड़ीयो से नगर भ्रमण करते हुए पुनः पटेल मैदान पहुँचे, उसके बाद सत्संग, भजन-कीर्तन, प्रवचन, ग्रन्थ पाठ हुआ तत्पश्चात गुरू महाप्रसाद का विशाल आयोजन किया गया।

# सेवानिवृत प्रधानाध्यापक वासुदेव बाबू के निधन पर मातमपुर्सी के लिए पहुंचे पूर्व मंत्री



प्रात: किरण संवाददाता

चौसा, मधेपुरा चौसा निवासी सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक वासुदेव प्रसाद गुप्त के निधनोंप्रान्त पूर्व मंत्री सह क्षेत्रीय विधायक नरेंद्र नारायण यादव पहुंचे मातमपुर्सी के लिए।वे आज सोमवार को उनके निवास स्थान पर पहुंच कर परिजनों से मुलाकात कर सांत्वना दिया और वासुदेव बाबू के तैलीय चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर शोक व्यक्त किया। पूर्व मंत्री श्रीयादव ने कहा कि सरल स्वभाव ,मृदुभाषी व हंसमुख स्व वासुदेव बाबू सेवानिवृत्त के उपरान्त भी लोगों को शिक्षा के प्रति जागरूक करते हुए समाज सेवा में लगे रहे।उनकी क्षति की भरपाई संभव नहीं भगवान उनकी आत्मा को शांति प्रदान करे तथा परिजनों को इस कठोर दर्द व दुःख को सहने की शक्ति प्रदान करे। बाबा विशु राउत इंटर महाविद्यालय चौसा के प्राचार्य डॉक्टर सुरेश प्रसाद साह ने कहा कि वे शिक्षक कल्याण व शिक्षा जगत के लिए सदैव तत्पर रहे। उनके निधन से शिक्षा जगत को अपूरणीय क्षति हुई है।पूर्व मंत्री ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए स्व. वासुदेव बाबू के शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है। मौके पूर्व मंत्री नरेंद्र यादव जी की पत्नी बेबी देवी,दिवंगत वासुदेव बाबू के द्वय पुत्र प्रधानाध्यापक गौतम कुमार गुप्त,समाजसेवी सत्यप्रकाश गुप्ता विदुर जी, सांसद प्रतिनिधि कुंदन कुमार बंटी, प्रो मनोज कुमार यादव, युवा समाज सेवी मनौवर आलम, जदयू नेता गोपाल यादव,संजय कुमार संजू सुभाष कुमार चौधरी,संजय कुमार मंडल,रामू चौधरी,अंजार आलम,मिथिलेश कुमार, मुर्शीद आलम, नरेशा जायसवाल,संतोष यादव,देवनारायण पासवान समेत दर्जनों स्थानीय लोग उपस्थित थे।

# दूसरे दिन भी रोजगार के सवाल पर किया गया यंग इंडिया जनमत संग्रह

### 28फरवरी को जंतर मंतर पर यंग इंडिया रैली में भाग लेंगे सैकड़ों नौजवान




- नौजवानों के जवानी पर बुलडोजर चला रही है केंद्र सरकार:कुंदन

प्रात: किरण संवाददाता

सहरसा। यंग इंडिया चार्टर 2024 की ओर से शहर में दूसरे व अंतिम दिन बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर कल्याण छात्रावास, वीर कुंवर सिंह चौक और महिला कॉलेज के समीप जनमत संग्रह किया गया। मौके पर इंकलाबी नौजवान सभा(आरवाईए) के राष्ट्रीय पार्षद सह माले नेता कुंदन यादव ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने रोजगार देने के बदले 100 से ज्यादा सरकारी कंपनियों के शेयर बेच दिया है जिससे नौजवानों की नौकरियां तो प्रभावित हुई ही. साथ ही साथ देश की आमदनी भी प्रभावित हुई. सेना में अग्निपथ योजना लाकर बहाली को ठेका पर कर नौजवानों के भविष्य पर बुल्डोजर चलाया गया है और देश के नौजवानों को धोखा दिया जा रहा है।

और उन्होंने कहा कि जिन नौजवानों के हाथ को काम चाहिए उनके हाथ में नफरत परोसा जा रहा है और इस दौर को सरकार अमृत काल बता रही है ऐसे समय में नौजवानों की यह जिम्मेदारी है कि वो इस तबाही बबार्दी के खिलाफ बहादुरी से खड़े हो और उन्होंने कहा कि 28फरवरी को जंतर मंतर पर यंग इंडिया रैली में जिले से सेकड़ों नौजवान भाग लेंगे। जनमत संग्रह में कॉमरेड रमेश शर्मा, अनिल राम, संजय पासवान, बमभोली सादा, सागर कुमार, एआईएसएफ नेता


## भवन निर्माण विभाग

बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमण्डल, पटना का कार्यालय

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना, संख्या– 113 वर्ष 2023–24

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमण्डल, पटना।
2. परिमाण–विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक 27.02..2024 को 12:00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 28.02..2024 को 03:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 28.02..2024 को 03:30 बजे अपराह्न।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : (क) अंचल कार्यालय, दक्षिण बिहार भवन अंचल, पटना। (ख) प्रमंडल कार्यालय, केन्द्रीय भवन प्रमंडल, पटना। (ग) संबंधित अवर प्रमंडल कार्यालय।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : क्रमांक (5) के वर्णित स्थान (क) एवं (ख) पर।
7. कार्य का विवरणी :–

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख रू० में) | अग्रधन की राशि (रू० में) | परिमाण विपत्र का मू० (रू० में) (अप्रत्यर्पणीय) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Renovation of P.H. Work of with Campus of B.P.S.C. (RWH Pipe, CPVC Pipe) at Nehru Path, Patna for the year 2023-24. | 5.79 | 11,600=00 | 1,250=00 | 15 दिन |
| 2. | Renovation of Visitor Shed of in Campus of B.P.S.C. at Nehru Path , Patna for the year 2023-24. | 14.99 | 30,000=00 | 2,500=00 | 15 दिन |
| 3. | Renovation of Earth Filling, Sand Filling, Paver Block and Visitor Shed Toilet in Campus of B.P.S.C. at Nehru Path , Patna for the year 2023-24. | 12.84 | 25,700=00 | 2,500=00 | 15 दिन |

उक्त सूचना state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

कार्यपालक अभियंता
केन्द्रीय भवन प्रमण्डल, पटना

PR- 017722 (BCD) 2023-24

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार



## भवन निर्माण विभाग

बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमंडल, पटना का कार्यालय

अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या– 175 वर्ष 2023–24

(विशेष शर्त्त मद एवं मात्रा के लिए वेबसाईट State.bihar.gov.in/prdbihar देखें)

समुचित श्रेणी मे निबंधित संवेदको/ख्याति प्राप्त फर्मों/कम्पनियों से दिनांक 28.02.2024 के अपराह्न 12.30 बजे तक निर्देशानुसार निम्नलिखित कार्यों के लिए मुहरबंद कोटेशन अधीक्षण अभियंता, दक्षिण बिहार अंचल, पटना का कार्यालय एवं अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्राप्त किया जाएगा और उसी दिन 3.00 बजे अपराह्न मे कोटेशनदात्ताओं या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जायेगा।

कोटेशन का मुल्य (रुपये में) प्रत्येक कार्य क्रमांक के कोटेशन–पत्र के साथ कोटेशन मूल्य ONLINE GOVERNMENT REVENUE AND ACCOUNTING SYSTEM (O-GRAS) के माध्यम से (कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमण्डल, पटना) के पदनाम से जमा करना अनिवार्य होगा, जो कोटेशन प्रकाशन की तिथि के बाद का होना चाहिए। कोटेशन प्रकाशन के पूर्व के निर्गत ओ–ग्रास (O-GRAS) का कम्पयूटराईज्ड प्राप्ति रसीद पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। कोटेशन मूल्य संवेदक के द्वारा कुल कोटेड राशि के अनुसार होगा, जो निम्न प्रकार है :– रू0 0 से रू0 50,000 तक– रू0 250/–, रू0 50,001 से रू0 2,50,000 तक– रू0 500/–, रू0 2,50,001 से रू0 5,00,000 तक– रू0 750/–, रू0 5,00,001 से रू0 10,00,000 तक– रू0 1,250/–, रू0 10,00,001 से रू0 15,00,000 तक– रू0 2,500/– एवं अग्रधन की राशि– 2% (कोटेड राशि का मूल्य दो प्रतिशत) कोटेशन कागजात के साथ संलग्न किया जाना अनिवार्य होगा।

कार्य का विवरणी :–

| Sl No. | Name of Work/Specifiation | Qnt. | Unit | Quoted Rate (in Number and Word) |
|---|---|---|---|---|
| 01. | Supply and Installation of Curtain Cloth, Roller Blinds and Water Purifier in Residence No.- 5 at Desh Ratan Marg, Patna for year 2023-24. | | | |
| 02. | Supplying and Installation of Sofa, Table and Chair in Residence No.- 5 at Desh Ratan Marg, Patna for year 2023-24. | | | |
| 03. | Supplying, Fitting & Fixing of Office Table, Console Table, Lounge Chair and King Size Bed in Residence No.- 5 at Desh Ratan Marg, Patna for year 2023-24. | | | |
| 04. | Supplying and Installation of 4K Smart OLED T.V. in Residence No.- 5 at Desh Ratan Marg, Patna for year 2023-24. | | | |

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालक अभियंता
केन्द्रीय भवन प्रमंडल, पटना

PR. No. 017704 (BCD) 2023-24

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।



## भवन निर्माण विभाग

बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता, पाटलिपुत्र भवन प्रमंडल, पटना का कार्यालय

अतिअल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना सं.–120 वर्ष 2023–24

भवन निर्माण विभाग के निबंधित संवेदको/ख्याति प्राप्त फर्मों/कम्पनियों से दिनांक–27.02.2024 के अपराह्न 12.00 बजे तक निर्देशानुसार निम्नलिखित कार्यों के लिए मुहरबंद कोटेशन अधीक्षण अभियंता, द0बि0अं0, भ0नि0 विभाग, पटना/ कार्यपालक अभियंता, पाटलिपुत्र भवन प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग पटना, सहायक अभियंता, बेली रोड अवर प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग पटना, सहायक अभियंता, साउथ बेली रोड अवर प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग, पटना एवं गोलघर अवर प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग, पटना के कार्यालय में प्राप्त किया जाएगा और उसी दिन 3.30 बजे अपराहन मे कोटेशनदात्ताओं या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जायेगा।

कोटेशन का मुल्य (रूपये में):–

प्रत्येक कार्य क्रमांक के कोटेशन–पत्र के साथ कोटेशन मूल्य जो ONLINE GOVERNMENT REVENUE AND ACCOUNTING SYSTEM (ओ–ग्रास) के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी (कार्यपालक अभियंता, पाटलिपुत्र भवन प्रमण्डल, भवन निर्माण विभाग, पटना) के पदनाम से प्रत्येक कार्य के लिए अलग–अलग जमा करना अनिवार्य होगा, जो कोटेशन प्रकाशन की तिथि के बाद का जमा होना चाहिए। कोटेशन प्रकाशन के पूर्व के निर्गत ओ–ग्रास का (Computerize Receipt) रसीद पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। कोटेशन मूल्य संवेदक के द्वारा कुल कोटेड राशि के अनुसार होगा जो निम्न प्रकार है:– रू 0 से 50,000 रू. तक 250 रू./ 50,001 रू. से 2,50,000 रू. तक 500 रू./ 2,50,001 रू. से 5,00,000 रू. तक 750 रू./5,00,001 रू. से 10,00,000 रू. तक 1250 रू./10,00,001 रू. से 15,00,000 रू. तक 2500 रू. । एवं अग्रधन की राशि 2% (कोटेड राशि का मूल दो प्रतिशत) कोटेशन के साथ संलग्न किया जाना अनिवार्य है।

| क्रम सं० | कार्य का नाम/विशिष्टियों | मात्रा | ईकाई | उद्यृत दर (अंक एवं अक्षर में) |
|---|---|---|---|---|
| A | Supplying Fitting and fixing of Materials in New MLA Flat For day to day and emergent work at BC patel path Patna, for the year 2023-24 | | | |
| B | E/R to PH work in 96 officer's flat No.-B3/23 at Nehru Path, Patna for the year 2023-24. | | | |

विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालक अभियंता
पाटलिपुत्र भवन प्रमंडल, पटना

PR- 017713 ( BCD ) 2023-24

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।



## भवन निर्माण विभाग

बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, उच्च न्यायालय, पटना का कार्यालय

अति अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या–13 वर्ष 2023–24

भवन प्रमंडल, उच्च न्यायालय, भवन निर्माण विभाग, पटना अंतर्गत निम्नलिखित कार्यों को कराने हेतु संवेदकों/ख्याति प्राप्त फर्मों/कम्पनियों से दिनांक 29.02.2024 के अपराह्न 3.00 बजे तक मुहरबंद कोटेशन आमंत्रित किया जाता है। मुहरबंद कोटेशन अधोहस्ताक्षरी एवं निर्धारित के कार्यालय में प्राप्त किया जाएगा और उसी दिन 3.30 बजे अपराह्न में कोटेशनदाताओं या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जायेगा। प्रत्येक कार्य के लिए कोटेशन का मूल्य, ओ–ग्रास के माध्यम से एवं अग्रधन की राशि 2% (कोटेड राशि का मूल्य दो प्रतिशत) कोटेशन के साथ संलग्न किया जाना अनिवार्य है।

**कार्य की विवरणी:–**

| क्र0सं0 | कार्य का नाम/विशिष्टियां | मात्रा | ईकाई | उद्यृत दर (अंक एवं अक्षर में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Name of Work : Emergent & Day to Day Work of Anti Termite Treatment and Snake Repellent Work in Different Hon'ble Judges Residence , Registrar Residence and staff quarter Under High Court Section-2, B.C.D ( As required & directed by Hon'ble High Court ),Patna | | | |
| 2 | Name of Work : Emergent & Day to Day Supply of Carpenters, Helpers, Rain water pipe repair, cleaning of campus including roof and Other Works in Different Residential quarter's in L.B.S Nagar Under High Court Section No.- 2, Patna | | | |
| 3 | Name of Work : Emergent & Day to Day Work of Maintenance of Different Residential quarter's in Adalatganj and High Court Campus Under High Court Section No. - 2, Patna | | | |
| 4 | Name of Work : Emergent & Day to Day Work of Rain Water Pipe and Cleaning of Campus including Roof in Different Residential Quarter's in Adalatganj and High Court Campus Under High Court Section No. - 2, Patna | | | |
| 5 | Name of Work : Emergent & Day to Day Work Repair of Wooden, Alluminium Work and Other Necessary Works in Different Residential quarter's in Adalatganj and High Court Campus Under High Court Section No. - 2, Patna | | | |
| 6 | Name of Work : Emergent & Day to Day Supply of Carpenters and Helpers and Other Necessary Works in Different Residential staff quarter's in Adalatganj and High Court Campus Under High Court Section No. - 2, Patna | | | |

विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमंडल, उच्च न्यायालय, पटना

PR- 017604 (BCD) 2023-24

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार



## भवन निर्माण विभाग

बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमण्डल, पटना का कार्यालय

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना, संख्या– 111 वर्ष 2023–24

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमण्डल, पटना।
2. परिमाण–विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक 27.02..2024 को 12:00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 28.02..2024 को 03:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 28.02..2024 को 03:30 बजे अपराह्न।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : (क) अंचल कार्यालय, दक्षिण बिहार भवन अंचल, पटना। (ख) प्रमंडल कार्यालय, केन्द्रीय भवन प्रमंडल, पटना। (ग) संबंधित अवर प्रमंडल कार्यालय।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : क्रमांक (5) के वर्णित स्थान (क) एवं (ख) पर।
7. कार्य का विवरणी :–

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख रू० में) | अग्रधन की राशि (रू० में) | परिमाण विपत्र का मू० (रू० में) (अप्रत्यर्पणीय) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of Repair & Painting, Door & Window Work of Room No.- 412, 413 and 419 of Samaj Kalyan Vibhag at Vikash Bhawan, Patna 23-24. | 12.64 | 25,300=00 | 2,500=00 | 15 दिन |
| 2 | Renovation of Ceiling, P.H. and Other Work of Room No. - 412, 413 and 419 of Samaj Kalyan Vibhag at Vikash Bhawan, Patna for the year 23-24. | 13.68 | 27,400=00 | 2,500=00 | 15 दिन |
| 3 | Renovation of Drain, PCC, Parking Tile and Other Works in Residence No.- 25 at Harding Road, Patna for the year 2023-24. | 9.83 | 19,700=00 | 1,250=00 | 15 दिन |
| 4 | Provision of UPVC Window and Indura Tiles in Residence No.- 17 at Harding Road, Patna for the year 2023-24. | 14.61 | 29,300=00 | 2,500=00 | 15 दिन |
| 5 | Construction of Residential Office at Residence No.- 01M at Strand Road, Patna for the year 2023-24. | 14.90 | 29,900=00 | 2,500=00 | 15 दिन |
| 6 | Provision of PHE Work in Residence No.- 01M at Strand Road, Patna for the year 2023-24. | 1.70 | 3,400=00 | 500=00 | 15 दिन |
| 7 | S/R to Chamber of Social Welfare Dept. under Irrigation Section, Patna for the year 2023-24. (Kota Stone Work Near Chamber) | 1.49 | 3,000=00 | 500=00 | 15 दिन |
| 8 | S/R to Spl. Secretary Chamber Block- 04 Under Irrigation Section, Patna for the year 2023-24. | 1.50 | 3,000=00 | 500=00 | 15 दिन |

1. विशेष सूचना के लिए सूचनापट्ट या बेबसाईट www.state.bihar.gov.in/prdbihar देखें या अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में सम्पर्क करें।

कार्यपालक अभियंता
केन्द्रीय भवन प्रमण्डल, पटना

PR- 017723 (BCD) 2023-24

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

सम्पादकीय

## उच्च सदन में भाजपा के चेहरे

भारतीय जनता पार्टी संसद के उच्च सदन यानी राज्यसभा का चेहरा बदल रही है। पार्टी ने राज्यसभा के लिए जैसे नेताओं का चुनाव किया है वह पार्टी के लोगों को भी हैरान करने वाला है। इस बार भाजपा के 28 राज्यसभा सदस्य रिटायर हो रहे हैं लेकिन भाजपा ने सिर्फ चार सदस्यों को वापस उच्च सदन में भेजने का फैसला किया है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव व एल मुरुगन और पार्टी के प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी, इन चार के अलावा बाकी 24 को टिकट नहीं मिली है। कहा जा रहा है कि उनमें से कुछ लोगों को लोकसभा का चुनाव लड़ाया जाएगा। एक दर्जन ऐसे नाम हैं, जिनको लोकसभा की टिकट मिल सकती है लेकिन बाकी का क्या? क्या बाकी एक दर्जन लोगों का करियर समाप्त हो गया? यह कुछ समय बाद पता चलेगा। आमतौर पर राज्यसभा में पार्टियों के बड़े और पुराने नेताओं को भेजा जाता है। बेहतर बौद्धिक क्षमता वाले नेताओं को उच्च सदन के लिए तरजीह दी जाती है। माना जाता है कि लोकसभा की कार्यवाही पर चेक एंड बैलेंस के लिए एक उच्च सदन जरूरी है। तभी उच्च सदन के लिए उम्र सीमा पांच साल ज्यादा रखी गई है। लोकसभा चुनाव लड़े की उम्र 25 साल है लेकिन राज्यसभा में 30 साल से कम उम्र का व्यक्ति सदस्य नहीं हो सकता है। उच्च सदन समाज और राजनीति की विविधता का भी प्रतिनिधित्व करने वाला सदन है। तभी वहां सिर्फ राजनीति से जुड़े लोग ही नहीं होते हैं, बल्कि जीवन के अलग अलग क्षेत्र में अच्छा काम करने और नाम बनाने वाले लोगों को उस सदन में भेजा जाता है। इसके उलट लोकसभा में जमीनी राजनीति करने वाले लोग बैठते हैं। ऐसा लग रहा है कि भाजपा का मौजूदा नेतृत्व राज्यसभा के खास चरित्र को बदलने के लिए पूरी मेहनत कर रही है। भाजपा ने पहले भी राज्यसभा में ऐसे नेताओं को भेजा, जो राजनीति में ज्यादा जाने-पहचाने नहीं थे। किसी क्षेत्र विशेष से बाहर उनकी पहचान नहीं थी। राजनीति से अलग किसी खास क्षेत्र में भी कोई बड़ा काम करने का रिकॉर्ड नहीं था। इसका नतीजा यह हुआ है कि उच्च सदन, जो एक समय अच्छी चचाओं के लिए जाना जाता था वहां चर्चा की गुणवत्ता कम होती गई। पिछले दो तीन चुनावों से जिन लोगों को भाजपा ने उच्च सदन में भेजा उनमें से बहुत कम नेता चचाओं में हिस्सा लेते हैं और अगर हिस्सा लेते भी हैं तो उनका कोई सार्थक योगदान नहीं होता है। आमतौर पर पुराने और अनुभवी नेता ही चर्चा में हिस्सा लेते हैं। इस बार भाजपा ने ऐसे पुराने और अनुभवी नेताओं की संख्या और कम कर दी। इसमें संदेह नहीं है कि भाजपा ने अपने जमीनी कार्यकताओं को चुना है या मजबूत सामाजिक समीकरण को साधने का प्रयास किया है। लेकिन राज्यसभा इसका मंच नहीं है। इसे मास्टरस्ट्रोक बताया जा रहा है कि एक बार पार्षद रहे व्यक्ति को राज्यसभा भेजा गया या एक बार चुनाव लड़े से इनकार करने वाले को भेजा गया या किसी खास इलाके में किसी खास जाति का प्रतिनिधित्व करने वाले को राज्यसभा की टिकट दी गई। लेकिन क्या इससे उच्च सदन में संवैधानिक, विधायी या अन्य मुद्दों पर चर्चा की गुणवत्ता बेहतर होगी?

## यूपी में 11वीं सीट का खेला

उत्तर प्रदेश में लोकसभा की 10 सीटें खाली हो रही हैं, जिसके लिए 27 फरवरी को चुनाव होना है। विधानसभा की संख्या के लिहाज से भाजपा को सात और समाजवादी पार्टी को तीन सीटें मिलेंगी। दोनों पार्टियों ने पहले अपने अपने कोटे की सीटों के लिए उम्मीदवार की घोषणा की थी। लेकिन नामांकन दाखिल करने के आखिरी दिन यानी गुरुवार को भाजपा ने अपना आठवां उम्मीदवार चुनाव में उतार दिया। अगर यह उम्मीदवार नहीं आता तो सभी 10 लोग निर्विरोध चुने जाते। लेकिन अब चुनाव की नौबत आ गई है। अगर नाम वापसी के दिन कोई उम्मीदवार नाम वापस नहीं लेता है तो 27 फरवरी को चुनाव होगा। भाजपा ने आठवां उम्मीदवार समाजवादी पार्टी के पुराने नेता संजय सेठ को बनाया है। सपा ने उनको 2016 में राज्यसभा में भेजा था। 2022 में कार्यकाल पूरा होने के बाद वे भाजपा में चले गए थे। अब उनके जरिए सपा के एक उम्मीदवार को हराने के लिए भाजपा ने दांव चला है। इस समय उत्तर प्रदेश विधानसभा में चार सीटें खाली हैं। सो, 399 की संख्या के लिहाज से एक सीट जीतने के लिए 37 वोट की जरुरत है। भाजपा के अपने 252 सदस्य हैं। इसके अलावा अपना दल के 13 और निषाद पार्टी व सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के छह-छह विधायक हैं। पिछले दिनों सपा का साथ छोड़ कर आए राष्ट्रीय लोकदल के नौ सदस्य हैं। इस तरह एनडीए के विधायकों की कुल संख्या 286 हो जाती है। उसे अपने सात सदस्यों की जीत के लिए 259 वोट की जरुरत है। उसके बाद उसके पास 27 वोट अतिरिक्त बचते हैं। दूसरी ओर रालोद के अलग होने के बाद सपा के पास अपने 108 और कांग्रेस के दो विधायक हैं। उसे तीन सीट जीतने के लिए 111 वोट की जरुरत है। यानी उसके पास एक वोट कम पड़ रहा है। इस बीच अपना दल कमेरावादी की पल्लवी पटेल ने उम्मीदवारों पर सवाल उठाते हुए कह दिया है कि वे वोट नहीं करेंगी। वे सपा के चुनाव चिन्ह पर जीती हैं इसलिए अगर वोट नहीं करती हैं तो सपा को दो अतिरिक्त वोट की जरुरत होगी। बताया जा रहा है कि रालोद के नौ में से चार विधायक ऐसे हैं, जो सपा के नेता हैं। सो, दोनों तरफ से क्रॉस वोटिंग की संभावना जताई जा रही है। सपा ने जया बच्चन, आलोक रंजन और रामजी लाल सुमन को उम्मीदवार बनाया है। जया बच्चन और आलोक रंजन को लेकर पार्टी नेताओं में नाराजगी है। इसलिए कहा जा रहा है कि कई विधायक क्रॉस वोटिंग कर सकते हैं। जो हो भाजपा ने यूपी में राज्यसभा का चुनाव दिलचस्प बना दिया है।

## झटका और हलाल की सियासत में हम....

अंग्रेजों के जमाने में एक शब्द बहुत चर्चित होता था गिरमिटिया। आज की सियासत में एक दूसरा शब्द चर्चित है गिरगिटिया। दोनों शब्दों में जमीन-आसमान का अंतर है। गिरमिटिया वे विवश भारतीय थे जिन्हें अंग्रेजों ने जबरन अपने नियंत्रण के देशों में मजदूर बनाकर भेजा था। लेकिन गिरगिटिया वे नेता हैं जो खुद बिकने को तैयार रहते हैं और मौसम के हिसाब से, मंडी के हिसाब से अपने दाम मिलने पर फौरन बिक जाते हैं। इसी गिरगिटिया सियासत में अब एक नया शब्द अचानक चर्चित हो गया है उसे कहते हैं झटका। ये हलाल और हराम के बीच का शब्द है। इसके अर्थ एकदम से समझ में नहीं आ सकते। आजकल राजनीतिक दल एक -दूसरे को सियासी मुकाबले में झटके पर झटका देने में यकीन करने लगे हैं। कोई किसी का पार्षद तोड़कर झटका देता है तो कोई किसी का विधायक, सांसद तोड़कर। चंडीगढ़ में महापौर पद के चुनाव में जोड़-तोड़ और बेईमानी से जीती भाजपा ने देश की सबसे बड़ी अदालत का फैसला आने से पहले ही आम आदमी के तीन पार्षदों को तोड़कर अरविंद केजरीवाल को झटका दे दिया। भाजपा झटका विशेषज्ञ पार्टी है। ये दल जब चाहे तब किसी को भी झटका दे सकता है। पिछले दिनों बिहार में भाजपा ने राजद और कांग्रेस को साझा झटका देकर सत्ता से बाहर कर दिया। झारखंड में भाजपा खुद झटका खा गयी। उत्तर प्रदेश में भाजपा ने पांच बार के समाजवादी पार्टी के एक अल्पसंख्यक नेता जी को तोड़कर झटका दे दिया। इससे पहले कांग्रेस के प्रमोद कृष्णम को अपना बगलगीर बनाकर भाजपा कांग्रेस को झटका दे चुकी है। भाजपा को झटका देने में महारत हासिल यही और विपक्ष को झटका खाने में। कांग्रेस मध्यप्रदेश में झटका खाते-खाते बची। इसके लिए भी कांग्रेस को भाजपा के ही नेताओं का एहसानमंद होना चाहिए जो उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और उनके बेटे नकुलनाथ को उनके दल-बल के साथ भाजपा में लेने से इंकार कर दिया। अब नाथ पिता-पुत्र की दशा सांप-छछूंदर जैसी हो गयी है। बेचारे अब न घर के रहे और न घाट के। अब दोनों हारे हुए जुआरी की तरह सिर झुकाये बैठे दिखाई देंगे। आपको बता दें कि इस्लाम में झटका वर्जित है और सनातन में इसको लेकर कोई खास नियम नहीं है। झटका इस्लाम में आहार के लिए किसी जीव का सिर कलम करने की अपवित्र विधि है, लेकिन सियासत में ये बहुत कारगर तरीका है। इस्लाम में सब कुछ हलाल किया हुआ पसंद किया जाता है। उत्तर प्रदेश में तो अनेक उत्पादों को लेकर इस्लामिक संस्थाएं हलाल प्रमाण पत्र देतीं थीं लेकिन यूपीए की डबल इंजन सरकार ने इस पर रोक लगा दी । शायद सरकार चाहती है कि सूबे में जो भी हो हलाल से नहीं झटके से हो। जैसा कि मैंने कहा कि झटका कम पीड़ादायक होता है। भाजपा अपने प्रतिद्वंदी को मारना तो चाहती है लेकिन कम से कम तकलीफ देकर। शायद इसीलिए उसे झटका विधि पसंद है। झटके के इस दौर में आम आदमी कहीं नहीं है। उसे जोर के झटके भी धीरे से दिए जाते हैं, इसलिए बेचारा समझ ही नहीं पाता कि उसे कोई झटका दिया भी गया है या नहीं। वैसे भी हिन्दुस्तान में आम आदमी झटका खाने के लिए बना है। किसी परम स्वतंत्र राजनीतिक दल या नेता को झटका देना तो आम आदमी जैसे भूल ही चुका है।

# खाद्य सुरक्षा के लिए वैश्विक मानक स्थापित करना- दुनिया को आगे बढ़ने का रास्ता दिखाना

**कृषि और डेयरी उत्पादन से लेकर खाद्य प्रसंस्करण उद्योग तक के आंकड़े विकास की इस गाथा का विवरण देते हैं। देश में 2022-23 के दौरान कुल खाद्यान्न उत्पादन रिकॉर्ड 3296.87 लाख टन1 होने का अनुमान है- जो पिछले पांच वर्षों (2017-18 से 2021-22) के औसत खाद्यान्न उत्पादन की तुलना में 308.69 लाख टन अधिक है। 2021-22 के दौरान, भारत ने 107.24 मिलियन टन2 फलों और 204.84 मिलियन टन सब्जियों का उत्पादन किया था। भारत दूध उत्पादन में पहले स्थान पर है और वैश्विक दूध उत्पादन में 24.64 प्रतिशत का योगदान देता है। दूध उत्पादन 2014-15 के 146.31 मिलियन टन से बढ़कर 2022-23 में 230.58 मिलियन टन3 हो गया है और यह 5.85 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) से बढ़ रहा है। खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र का सकल मूल्य वर्धन (जीवीए) 2014-15 के 1.34 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 2021-22 में 2.08 लाख करोड़ रुपये4 हो गया है। इस क्षेत्र ने अप्रैल 2014-मार्च 2023 के दौरान 6.185 बिलियन डॉलर का एफडीआई इक्विटी प्रवाह आकर्षित किया है। कृषि निर्यात में प्रसंस्कृत खाद्य निर्यात की हिस्सेदारी 2014-15 के 13.7 प्रतिशत से बढ़कर 2022-23 में 25.6 प्रतिशत हो गई है। कुल पंजीकृत/संगठित क्षेत्र में 12.22 प्रतिशत रोजगार के साथ, खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र संगठित विनिर्माण क्षेत्र के सबसे बड़े रोजगार प्रदाताओं में से एक है। इस सुदृढ़ खाद्य और कृषि इकोसिस्टम को देखते हुए, कोई भी व्यक्ति भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) द्वारा मजबूत नियामक व्यवस्था की स्थापना करने के महत्व को नजरअंदाज नहीं कर सकता है।**





**श्री सुनील डिसूजा**
**प्रबंध निदेशक एवं सीईओ, टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स**

एक दशक से भी कम समय में, भारत का खाद्य और कृषि क्षेत्र इस तरह से फला-फूला है कि इसे शानदार उपलब्धि से कम कुछ भी नहीं कहा जा सकता। कृषि और डेयरी उत्पादन से लेकर खाद्य प्रसंस्करण उद्योग तक के आंकड़े विकास की इस गाथा का विवरण देते हैं। देश में 2022-23 के दौरान कुल खाद्यान्न उत्पादन रिकॉर्ड 3296.87 लाख टन1 होने का अनुमान है- जो पिछले पांच वर्षों (2017-18 से 2021-22) के औसत खाद्यान्न उत्पादन की तुलना में 308.69 लाख टन अधिक है। 2021-22 के दौरान, भारत ने 107.24 मिलियन टन2 फलों और 204.84 मिलियन टन सब्जियों का उत्पादन किया था।

भारत दूध उत्पादन में पहले स्थान पर है और वैश्विक दूध उत्पादन में 24.64 प्रतिशत का योगदान देता है। दूध उत्पादन 2014-15 के 146.31 मिलियन टन से बढ़कर 2022-23 में 230.58 मिलियन टन3 हो गया है और यह 5.85 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) से बढ़ रहा है। खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र का सकल मूल्य वर्धन (जीवीए) 2014-15 के 1.34 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 2021-22 में 2.08 लाख करोड़ रुपये4 हो गया है। इस क्षेत्र ने अप्रैल 2014-मार्च 2023 के दौरान 6.185 बिलियन डॉलर का एफडीआई इक्विटी प्रवाह आकर्षित किया है। कृषि निर्यात में प्रसंस्कृत खाद्य निर्यात की हिस्सेदारी 2014-15 के 13.7 प्रतिशत से बढ़कर 2022-23 में 25.6 प्रतिशत हो गई है। कुल पंजीकृत/संगठित क्षेत्र में 12.22 प्रतिशत रोजगार के साथ, खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र संगठित विनिर्माण क्षेत्र के सबसे बड़े रोजगार प्रदाताओं में से एक है। इस सुदृढ़ खाद्य और कृषि इकोसिस्टम को देखते हुए, कोई भी व्यक्ति भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) द्वारा मजबूत नियामक व्यवस्था की स्थापना करने के महत्व को नजरअंदाज नहीं कर सकता है। यह नियामक व्यवस्था न केवल देश भर में सुरक्षा और गुणवत्ता सुनिश्चित करके उपभोक्ता के स्वास्थ्य की रक्षा करती है, बल्कि खाद्य उद्योग में विकास और नवाचार को भी बढ़ावा देती है। नियमों, मानकों और कठोर कार्यान्वयन व्यवस्था के माध्यम से खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने पर एफएसएसएआई के विशेष ध्यान ने उपभोक्ताओं के बीच विश्वास पैदा किया है और इससे हमारे खाद्य उत्पादों पर विश्वास भी बढ़ा है।

प्राथमिक परीक्षण प्रयोगशालाओं और रेफरल प्रयोगशालाओं की संख्या (2014 के 12 से 2023 में 22) बढ़ाकर खाद्य परीक्षण अवसंरचना को मजबूत करने के खाद्य प्राधिकरण के प्रयास, खाद्य उत्पादों की गुणवत्ता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के प्रति इसकी कटिबद्धता को रेखांकित करते हैं। विशेष कार्यान्वयन अभियान और निगरानी अभियान; मिलावट, खाद्य आपूर्ति श्रृंखला में उपभोक्ता विश्वास को बनाए रखना जैसे मुद्दों का समाधान करते हैं। देश के खाद्य क्षेत्र में विकास के साथ तालमेल के रूप में, खाद्य प्राधिकरण में वैज्ञानिक पैनलों की संख्या 2013 की 9 से बढ़कर वर्तमान में 21 हो गई है, जिनमें अनाज, दूध और दूध उत्पाद, फल, सब्जियां व मसाले, तेल और वसा, जल, मछली एवं मत्स्य पालन, मांस और मांस उत्पाद, मिठाइयां, आनुवंशिक रूप से संशोधित जीव और भोजन, खाद्य योजक आदि खाद्य पदार्थों के लिए मानकों की पूरी श्रृंखला शामिल है। प्राधिकरण ने खाद्य सुरक्षा और पोषण के क्षेत्र में काम कर रहे आईसीएमआर, सीएसआईआर, आईसीएआर, निफ्टम, आईआईटी जैसे विभिन्न वैज्ञानिक संगठनों के 200 से अधिक वैज्ञानिक विशेषज्ञों को सूचीबद्ध किया है। एफएसएसएआई ने 700 से अधिक खाद्य मानक विकसित किए हैं और इनकी समीक्षा खाद्य विज्ञान में नवीनतम विकास, खाद्य उपभोग प्रारूप, नए उत्पादों और संयोजकों, प्रसंस्करण प्रौद्योगिकी व खाद्य विश्लेषणात्मक तरीकों में प्रगति तथा खाद्य उत्पादों के लिए राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय मानकों के बीच के अंतर को पाटने की दृष्टि से भी की जाती है।

पिछले दशक में, देश के शीर्ष खाद्य नियामक ने अपने दृष्टिकोण, काम करने के तरीके और नियामक निर्धारण व कार्यान्वयन में महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं, जिससे प्रमुख हितधारकों के बीच प्रदर्शन और धारणा दोनों का समाधान हुआ है। इसने एक ह्यमानक निर्धारकह्ल से ह्यमानक सक्षमकर्ताह्ल के रूप में अपनी भूमिका में एक स्पष्ट बदलाव किया है, जिससे एक सकारात्मक, सहयोगात्मक और समावेशी वातावरण बनाने में मदद मिली है। यह व्यापार करने में आसानी की सुविधा प्रदान करने के साथ खाद्य क्षेत्र की वास्तविक क्षमता का लाभ उठाने के अनुकूल है। एफएसएसएआई ने भारतीय खाद्य प्रयोगशाला नेटवर्क (इन्फोलनेट), खाद्य सुरक्षा अनुपालन प्रणाली (एफओएससीओएस) और खाद्य आयात निकासी प्रणाली (एफआईसीएस) जैसे डिजिटल प्लेटफार्म विकसित किये हैं, जिसने नियमों को सुव्यवस्थित करने, लाइसेंसिंग प्रक्रिया को सरल बनाने, क्षमता निर्माण करने और हितधारकों को जोड़ने के जरिये खाद्य व्यवसाय इकोसिस्टम के सुधार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हितधारकों की बढ़ती जरूरतों और मांगों को ध्यान में रखते हुए, एफएसएसएआई ने उपयोगकर्ता अनुभव को बढ़ाने के विभिन्न उपाय किये हैं, जैसे लाइसेंस/पंजीकरण शुल्क के लिए डिजिटल भुगतान गेटवे, दस्तावेजों को जमा करने और पंजीकृत ई-मेल पर सीधे क्यूआर-के साथ लाइसेंस/पंजीकरण की प्रति भेजना आदि। 2023 से, खाद्य व्यवसायों को अधिकारियों के किसी हस्तक्षेप या अनुमोदन की आवश्यकता के बिना अपने लाइसेंस को तुरंत नवीनीकृत करने की अनुमति दी गई है। इसके अलावा, यदि खाद्य निमार्ता अब अपने लाइसेंस में अन्य गैर-उच्च जोखिम वाले खाद्य उत्पादों को शामिल करना चाहते हैं, तो वे अपने लाइसेंस को तुरंत संशोधित कर सकते हैं। देश में खाद्य व्यवसायों के संदर्भ में, सक्रिय लाइसेंस की संख्या वित्तीय वर्ष 2015 के 5.7 लाख से बढ़कर वित्तीय वर्ष 2023 में 10.1 लाख हो गयी है। यह वृद्धि इन प्रयासों के परिणामों को रेखांकित करती है। इसके अलावा, सक्रिय पंजीकृत खाद्य व्यवसायों (विक्रेताओं) की संख्या इस अवधि के दौरान 23.8 लाख से बढ़कर 42.7 लाख हो गई है। इन पहलों का कारोबार करने में आसानी पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ा है, जिसके परिणामस्वरूप उद्यमशीलता में वृद्धि हुई है और भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास में भी योगदान बढ़ा है।

# चुनाव से पहले राजनीतिक दलों के बीच शुरू हो गया है शह-मात का खेल

**शतरंज के खेल की तरह राजनीति के खेल में भी घोड़ा ढाई घर आगे और ढाई घर पीछे चलकर मारता है, परिपक्व एवं मझे हुए राजनीतिक खिलाड़ियों एवं राजनीतिक दलों की यही चालें शुरू हो चुकी है, जिस कारण सभी विपक्षी दलों के सामने अपने अस्तित्व को बचाने का धर्म संकट है और प्रमुख दलों में भविष्य की राजनीतिक सत्ता को लेकर राजनीति की निष्ठायें पूरी तरह से धूमिल होती हुई भी दिखाई पड़ रही हैं। वर्तमान राजनीति सिद्धांतों पर नहीं रह गई है अब विभिन्न राजनीतिक दल येन केन प्रकरण पद और सत्ता हासिल करके सुख भोगना चाहते हैं और समाज में अपने रुतबे को कायम रखने की होड़ शुरू है। लेकिन सत्ता एवं स्वयं-स्वार्थ की इस होड़ के कारण नुकसान तो लोकतंत्र का ही हो रहा है। इसलिये आज सबकी आंखें और कान राजनीतिक दलों द्वारा प्रतिदिन लिये जाने वाले निर्णयों पर लगे हुए हैं। दोष किसी एक दल का नहीं, बल्कि उन सबका है जो चुनावी संग्राम को एक शतरंज की बिसात बना रखा है। चुनाव की घोषणा से पहले ही जो घटनाएं हो रही हैं वे शुभ का संकेत नहीं दे रही हैं। मतदाता भी धर्म संकट में है। उसके सामने अपना प्रतिनिधि चुनने का विकल्प नहीं होता। प्रत्याशियों में कोई योग्य नहीं हो तो मतदाता चयन में मजबूरी महसूस करते हैं। मत का प्रयोग न करें या न करने का कहें तो वह संविधान में प्रदत्त अधिकारों से वंचित होना/करना है, जो न्यायोचित नहीं है।**







**ललित गर्ग-**
**लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।**

लोकसभा 2024 के चुनाव को लेकर शतरंज की बिसात बिछ रही है। कुछ ही हफ्ते बचे हैं और भारतीय जनता पार्टी एवं सभी विपक्षी दलों ने शतरंज की चालों की तरह अपनी-अपनी चालें चल रहे है। भाजपा एवं इंडिया गठबंधन दोनों ही खेमों में अब हर दिन चुनावी रणनीति को लेकर शतरंज की चालें चलते हुए एक दूसरे को मात देने का दौर चल रहा है, सब अपनी-अपनी व्यूह रचना बना रहे हैं। एक-एक मोहरे को ठीक जगह रख रहे हैं। कोई प्यादों से लड़ने की, तो कोई वजीर से लड़ने की रणनीति बना रहे हैं। कुछ प्यादे, वजीर बनने की फिराक में हैं। भाजपा ने स्वयं की 370 एवं उसके गठबंधन की 400 का लक्ष्य लेकर ही चालें चल रही है। इंडिया गठबंधन एवं विभिन्न राजनीतिक दल भी अपनी चालों को फीट करने में जुटें हैं। शतरंज की एक विशेषता है कि राजा कभी अकेले से शिकस्त नहीं खाता और यही हम आगामी चुनाव के बन रहे दृश्यों से महसूस कर रहे हैं। राजनीति पल-पल नया आकार लेती है, इसलिये राजनीति में सही वक्त पर सही ढंग से इस्तेमाल करने का हुनर होना अपेक्षित होता है, जो अच्छा चल रहा है उसे बिगाड़ना आना चाहिए और जो बिगड़ रहा है उसे सुधारना आना चाहिए। इसी को कहते है राजनीति। इसी राजनीति के महारथि के रूप में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं भाजपा की रणनीति तीक्ष्ण एवं प्रभावी बनकर सामने आ रही है। शतरंज के खेल की भांति राजनीति में भी कब किस घोड़े को और किस सैनिक को ऊंट को मारना है ताकि धमाकेदार चुनाव परिणाम तक पहुंचा जा सके, ये कला आनी चाहिए। इस कला में भाजपा का कोई मुकाबला नहीं है। वह राजनीतिक शतरंज की चालों में माहिर है और उसकी दृष्टि नये बन रहे राजनीतिक जोड़-तोड़ पर लगी है। भाजपा की एक चाल के बाद विरोधी कितनी चाल चल सकता है, भाजपा के घोड़े ऊंट सैनिक को मारने के लिए विपक्षी दल क्या चाले चल सकते हैं, इस बात का भाजपा को पहले से ज्ञान है, उसे यह भी पता है कि वह कितने प्यादों को खो सकता है। उसे बचाने का खेल भाजपा खेलने लगी है। शतरंज में सफेद मोहरों की चाल पहले होती है और हर एक चाल की वरीयता मायने रखती है। ठीक इसी सोच पर भाजपा सभी चुनावी चालों में आगे रहना चाहती हैं। पर शुरूआत किस चाल से करें, जिसकी काट नहीं हो, यह भाजपा अच्छी तरह जानती हैं। तभी उसने प्रभावी एवं दूरगामी राजनीतिक से जुड़ी पहले चलने वाली चाले चलते हुए नीतीश कुमार और जयंत चौधरी जैसे नेताओं को इंडिया गठबंधन से छीन लिया गया है। कांग्रेस के अशोक चव्हान को भाजपा में शामिल करके राज्यसभा में भेजा दिया है। मायावती और चंद्रबाबू नायडू को विपक्ष में जाने से रोक दिया गया है। शिवसेना और राकांपा की दो फाड़ कर दी गयी है। श्रीराम मन्दिर उद्घाटन से हिन्दू वोटों को प्रभावित किया गया है, वहीं पांच राजनीतिक रत्नों को ह्यभारत रत्नह्ल सर्वोच्च पुरस्कार की घोषणा से आम चुनावों को प्रभावित करने का राजनीतिक कौशल दिखाते हुए शह-मात का खेल खेल रही है। शतरंज के खेल की तरह राजनीति के खेल में भी घोड़ा ढाई घर आगे और ढाई घर पीछे चलकर मारता है, परिपक्व एवं मझे हुए राजनीतिक खिलाड़ियों एवं राजनीतिक दलों की यही चालें शुरू हो चुकी है, जिस कारण सभी विपक्षी दलों के सामने अपने अस्तित्व को बचाने का धर्म संकट है और प्रमुख दलों में भविष्य की राजनीतिक सत्ता को लेकर राजनीति की निष्ठायें पूरी तरह से धूमिल होती हुई भी दिखाई पड़ रही हैं। वर्तमान राजनीति सिद्धांतों पर नहीं रह गई है अब विभिन्न राजनीतिक दल येन केन प्रकरण पद और सत्ता हासिल करके सुख भोगना चाहते हैं और समाज में अपने रुतबे को कायम रखने की होड़ शुरू है। लेकिन सत्ता एवं स्वयं-स्वार्थ की इस होड़ के कारण नुकसान तो लोकतंत्र का ही हो रहा है। इसलिये आज सबकी आंखें और कान राजनीतिक दलों द्वारा प्रतिदिन लिये जाने वाले निर्णयों पर लगे हुए हैं। दोष किसी एक दल का नहीं, बल्कि उन सबका है जो चुनावी संग्राम को एक शतरंज की बिसात बना रखा है। चुनाव की घोषणा से पहले ही जो घटनाएं हो रही हैं वे शुभ का संकेत नहीं दे रही हैं। मतदाता भी धर्म संकट में है। उसके सामने अपना प्रतिनिधि चुनने का विकल्प नहीं होता। प्रत्याशियों में कोई योग्य नहीं हो तो मतदाता चयन में मजबूरी महसूस करते हैं। मत का प्रयोग न करें या न करने का कहें तो वह संविधान में प्रदत्त अधिकारों से वंचित होना/करना है, जो न्यायोचित नहीं है। काले और सफेद मोहरे शतरंज की फर्श पर ही आमने-सामने नहीं होते, पूरा चुनावी परिदृश्य ऐसे ही काले और सफेद रंगों में बंटती जा रही है। कहीं यह अगड़ों-पिछड़ों के नाम से तो कहीं वर्ग और जाति के नाम से आमने-सामने हैं। इस बार की लड़ाई कई दलों के लिए आरपार की है। ह्यह्लअभी नहीं तो कभी नहीं। ह्यह्ल दिल्ली के सिंहासन को छूने व लालकिले पर ध्वज की डोरी पकड़ने के लिए सबके हाथों में खुजली आ रही है। उन्हें केवल अगले चुनाव की चिन्ता है, अगली पीढ़ी की नहीं। मतदाताओं के पवित्र मत को पाने के लिए पवित्र प्रयास की सीमा लांघ रहे हैं।

# आर्थिकी के श्वेत-स्याह पत्र की तस्वीर

**डॉ. जयंतीलाल भंडारी-**
(लेखक विख्यात अर्थशास्त्री है)

इस समय पूरे देश ही नहीं, पूरी दुनिया में भारतीय अर्थव्यवस्था में रुचि रखने वाले लोग हाल ही में वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण के द्वारा लोकसभा में मोदी सरकार के कार्यकाल में अर्थव्यवस्था को रफ्तार दिए जाने और संप्रग सरकार के आर्थिक कुप्रबंधन पर पेश किए गए श्वेतपत्र तथा कांग्रेस के द्वारा प्रेस कान्फ्रेंस के माध्यम से मोदी सरकार के 10 वर्षों की विफलताओं पर प्रस्तुत किए गए स्याह पत्र पर विचार मंथन करते हुए दिखाई दे रहे हैं। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि जहां मोदी सरकार आर्थिक विकास व स्वरोजगार के विभिन्न मापदंडों पर तेजी से आगे बढ़ी है, वहीं प्रति व्यक्ति आय बढ़ाने में मोदी सरकार अभी यथोचित सफलता से दूर है। वर्ष 2013-14 में भारत की अर्थव्यवस्था मुश्किल के दौर में थी। वह समय संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) सरकार के दूसरे कार्यकाल का अंतिम वर्ष था। यदि हम संप्रग सरकार के उस समय के आर्थिक परिदृश्य को देखें तो पाते हैं कि भारत के राजकोषीय घाटे, मुद्रास्फीति तथा चालू खाते के घाटे में तेज इजाफा हुआ था। स्थिति यह थी कि वर्ष 2012-13 में चालू खाते का घाटा सकल घरेलू उत्पाद यानी जीडीपी के 5 फीसदी के करीब था। वृद्धि को गति प्रदान करने के मद्देनजर ऐसी परियोजनाओं को ऋण देने को कहा गया जो उपयुक्त नहीं थीं। परिणामस्वरूप फंसे हुए कर्ज में तेज वृद्धि हुई। उस समय तत्कालीन सरकार भ्रष्टाचार तथा कई घोटालों के आरोपों में घिर गई। सर्वोच्च न्यायालय ने 2012 में 122 दूरसंचार लाइसेंस निरस्त कर दिए। इससे उस दौर के राजनीतिक तथा आर्थिक परिदृश्य का अंदाजा लगाया जा सकता है। इतना ही नहीं, कई घोटालों और समस्याओं से घिरी संप्रग सरकार समय पर जरूरी निर्णय नहीं ले सकी। भारत लगभग मुद्रा संकट के कगार पर पहुंच गया था। दूसरी ओर वर्ष 2014 में सत्ता में आने के बाद राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार (एनडीए) ने आर्थिक स्थिरता को मजबूत करने को प्राथमिकता दी। राजकोषीय स्थिति को मजबूत बनाने के लिए नीतिगत प्रतिबद्धता का मजबूत संदेश दिया। साथ ही ऋणशोधन अक्षमता एवं दिवालिया संहिता (आईबीसी) के जरिए शक्ति संतुलन को लेनदारों के पक्ष में कर दिया। इससे ऋण संस्कृति में सुधार हुआ है और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में उल्लेखनीय पूंजी डालने से दोहरी बैलेंस शीट के घाटे को दूर करने में मदद मिली है। निश्चित रूप से एनडीए सरकार ने ऐसे कई तरह के सुधारों को अंजाम दिया जिनसे कारोबारी सुगमता बढ़ाई जा सके। रिजर्व बैंक ने मुद्रा और विदेशी मुद्रा भंडार के प्रबंधन को लेकर वृहद आर्थिक स्थिरता को मजबूत बनाने के उपाय किए। लगातार कर सुधारों से भारत को अपने कर-जीडीपी अनुपात में सुधार करने में मदद मिली है। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) लागू होने से उद्योग-कारोबार को लाभ हुआ है। इसमें कोई दो मत नहीं है कि देश की अर्थव्यवस्था को तेजी से आगे बढ़ाने में बुनियादी ढांचे के निर्माण में आई क्रांति अहम भूमिका निभा रही है। पिछले 9 साल में आधुनिक बुनियादी ढांचे के निर्माण पर 34 लाख करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं। उद्योग-कारोबार को आसान बनाने के लिए 1500 पुराने कानूनों और 40 हजार अनावश्यक अनुपालन को समाप्त किए जाने की अहम भूमिका है। इस समय भारत को एक वैश्विक डिजाइन और विनिर्माण केंद्र में बदलने के लिए मेक इन इंडिया 2.0, मैन्युफैक्चरिंग इकाइयों के लिए तकनीकी समाधान को बढ़ावा देने के लिए उद्योग 4.0, स्टार्टअप संस्कृति को उत्प्रेरित करने के लिए स्टार्टअप इंडिया, मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी अवसंरचना परियोजना के लिए पीएम गति शक्ति और उद्योगों को डिजिटल तकनीकी शक्ति प्रदान करने के लिए डिजिटल इंडिया जैसी सफल पहलों से भारत चतुर्थ औद्योगिक क्रांति की दिशा में आगे बढ़ रहा है। गौरतलब है कि 7 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्यसभा में अपने संबोधन में कहा कि विगत 10 वर्षों में देश की अर्थव्यवस्था दुनिया की शीर्ष पांच अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो गई है। अब आगामी पांच वर्ष विकसित भारत की बुनियाद के होंगे। दुनिया भारत की युवाशक्ति का दम देखेगी। स्टार्टअप, पेटेंट और सेमीकंडक्टर सहित विभिन्न क्षेत्रों में आत्मनिर्भर भारत का परचम दुनिया में फहराते हुए दिखाई देगा। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टों में भी एकमत से कहा जा रहा है कि भारत 2030 तक दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था और 2047 तक दुनिया का विकसित देश बनते हुए दिखाई दे सकता है।

## संक्षिप्त खबरें

### कल जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन करेगी भाकियू टिकैत गुट

अमरोहा।राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट पदाधिकारी किसानों से जुड़ी मांगों को लेकर 21 फरवरी को जिला मुख्यालय पर धरना-प्रदर्शन करेंगे। सोमवार को क्षेत्र के गांव फत्तेहपुर छीतरा में किसान भवन पर हुई संगठन की पंचायत में प्रदेश उपाध्यक्ष दानवीर सिंह ने कहा कि लखीमपुर खीरी में शहीद हुए किसानों को मुआवजा देने के साथ ही दिल्ली में किसान आंदोलन के दौरान शहीद हुए किसानों के एक-एक आश्रित को सरकारी नौकरी देने का वादा सरकार ने किया था। जिसे अभी तक भी पूरा नहीं किया जा सका है।राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चौधरी विजयपाल सिंह ने एमएसपी गारंटी कानून लागू करने, आंदोलन के लिए दिल्ली जा रहे किसानों को न रोकने की मांग की। इस दौरान रामपाल सिंह, सुरेंद्र सिंह, सुभाष चीमा, बॉबी चाहल, अशोक प्रधान, जमील अहमद, भगवान सिंह आदि रहे।

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर घायल

गजरौला। मार्ग पर गन्ना लदे ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर घायल हो गया। निजी चिकित्सक के यहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे दिल्ली रेफर किया गया। पुलिस ने ट्रक और चालक को कब्जे में लिया है। कोतवाली क्षेत्र के गांव सिहाली जागीर निवासी सुंदर पुत्र नन्हे व उसका चचेरा भाई अनित पुत्र अमर सिंह सोमवार सुबह दवाई लेने बाइक से शहर आ रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक गजरौला मार्ग पर पहुंची तो गजरौला की दिशा से आ रहे गन्ने से भरे ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार सुंदर गंभीर घायल हो गया। उपचार को निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में मुरादाबाद से हायर सेंटर दिल्ली रेफर किया गया। परिजनों के मुताबिक उसकी हालत गंभीर बनी है। वहीं, प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार ने जांच और कार्रवाई करने की बात कही।

### गेंहू के खेत मे पड़ा मिला नवजात शिशु का शव

हसनपुर। कोतवाली क्षेत्र के गांव फूलपुर बिजलपुर के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय के ठीक पीछे सोमवार सुबह गेहूं के खेत में नवजात शिशु का शव पड़ा हुआ मिला। खबर लगते ही गांव के तमाम लोग मौके पर पहुंच गए। पुलिस को भी सूचना दी गई। ग्रामीणों का कहना है कि विद्यालय के ठीक पीछे रास्ते के किनारे स्थित धर्मपाल के खेत में शिशु का शव पड़ा मिला है। गांव में इसको लेकर तरह-तरह की चर्चाएं चल रही हैं। माना जा रहा है कि किसी अनब्याही मां ने लोकलाज के भय से जन्म देने के तुरंत बाद शिशु को फेंक दिया। प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार ने बताया कि सूचना के आधार पर पुलिस को मौके पर भेजा गया है, जांच जारी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा।

### मंदिर के महंत के साथ मारपीट

गढ़ी कटैया गांव के शिवमंदिर के महंत सीताराम ने बताया कि 17 फरवरी को दोपहर में वह मंदिर में सो रहे थे। इसी दौरान राहुल विहार कॉलोनी के कुछ बच्चे मंदिर में पहुंचे और आम के पेड़ की डाली तोड़ दी। उन्होंने डांटकर भगा दिया। कुछ देर बाद कुछ युवक पहुंचे और उनके साथ मारपीट की। ग्रामीणों के पहुंचने से पहले आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। महंत ने अज्ञात हमलावरों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करा दी है।

### दो इलाकों में लगाई स्ट्रीट लाइट

नगर निगम की ओर से दो इलाकों में स्ट्रीट लगाई गई, जिसकी आसपास के लोग लंबे समय से मांग कर रहे थे। पार्षद कुसुम गोयल ने बताया कि वैशाली सेक्टर एक में सड़क के दोनों ओर लाइट लगाई हैं। इसके लिए एसएल मिश्रा, भोला सिंह, शशि मिश्रा, राजीव शर्मा, संजू, नवीन सक्सेना, चंद्रभान चौधरी व शेफाली तिवारी सहित अन्य लोगों ने पत्र दिया था। मनोज गौड़ ने डीएलए कॉलोनी के बी ब्लॉक स्थित पार्क में हाईमास्ट लाईट लगाने की मांग की थी। पार्षद रेखा गोस्वामी ने बताया कि सोमवार को 25 फीट ऊंचे खंभे पर चार लाईट लगाई गई हैं, जिनसे आसपास के सभी इलाके रोशन होंगे। ये लाइटें सोलर पावर से चलेंगी।

## यूपी की बदली तस्वीर, रेड टेप कल्चर बना रेड कार्पेट कल्चर : मोदी

लखनऊ, एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की डबल इंजन सरकार के कार्यकाल में पिछले सात सालों में उत्तर प्रदेश की तस्वीर बदली है और दशकों से यहां व्याप्त रेड टेप कल्चर आज रेड कारपेट कल्चर में तब्दील हो चुका है। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के जरिये दस लाख करोड़ रुपये की परियोजनाओ के शुभारंभ के मौके पर मोदी ने कहा कि बीते सात वर्षों में यूपी में व्यापार, विकास और विश्वास का माहौल बना है। सात आठ वर्ष पहले हम सोच भी नहीं सकते थे कि उत्तर प्रदेश में भी निवेश और नौकरियों को लेकर ऐसा माहौल बनेगा। चारों तरफ अपराध, दंगे, छीना-झपटी... यहीं खबरें आती रहती थी। उस दौरान अगर कोई कहता कि यूपी को विकसित बनाएंगे तो कोई सुनने को भी तैयार नहीं होता, लेकिन आज देखिए लाखों-करोड़ का निवेश उत्तर प्रदेश की धरती पर उतर रहा है। उन्होंने कहा ह्न यूपी का सांसद होने के नाते मुझै सबसे ज्यादा आनंद होता है। हजारों परियोजनाओं पर काम शुरू हो रहा है। ये जो उद्योग लग रहे है वो यूपी की तस्वीर बदलने वाले है। इसके लिये मै यहां आये सभी निवेशकों को और विशेषकर यूपी के युवाओं को बधाई देता हूं।ह्व श्री मोदी ने कहा कि बीते सात वषो में यूपी में अपराध कम तो हुआ है, संस्कृति का विकास हुआ है। व्यापार विकास और विश्वास का माहौल बना है। डबल इंजन सरकार ने दिखाया है कि बदलाव की नीयत है तो उसे कोई रोक नहीं सकता है। यूपी में एक्सपोर्ट दो गुना हो चुका है। बिजली उत्पादन की दिशा में उत्तर प्रदेश सबसे तेज गति से काम से कर रहा है। यूपी वो राज्य है जहां देश के सबसे ज्यादा एक्सप्रेस वे है। सबसे ज्यादा इंटरनेशनल एयरपोर्ट है। देश की पहली रैपिड रेल यूपी में चल रही है। वेस्टर्न डेडीकेट रेल कारिडोर और ईस्टर्न डेडीकेटेड रेल कारिडोर भी यूपी से होकर गुजरता है। इससे यूपी में आवाजाही आसान हो रही है। ट्रांसपोर्टशन सस्ता हुआ है। उन्होंने कहा कि आज दुनिया में कहीं भी जाये,वहां भारत को लेकर सकारात्मकता दिख रही है। हर देश भारत की ग्रोथ इकोनामी को लेकर आश्वस्त है। भरोसे से भरा हुआ है। देश में मोदी की गारंटी की बहुत चर्चा है मगर आज सारी दुनिया भारत को बेहतर रिटर्न की गारंटी मान रही है। श्री मोदी ने कहा कि चुनाव के नजदीक लोग नये निवेश से बचते है लेकिन भारत ने यह धारणा भी तोड दी है। दुनिया भर के निवेशकों को भारत की नीतियों पर पूरा भरोसा है। यही विश्वास लखनऊ में भी झलक रहा है। नये भारत की बात करता हूं तो नयी सोच भी चाहिये। देश की आजादी के बाद दशकों तक कुछ लोगों की सोच थी कि देश के नागरिकों को जैसे तैसे गुजारा कराओ, उन्हे हर मूलभूत सुविधा न मिले। मध्यम वर्गीय की बात करते हुये मोदी ने कहा कि उनकी सरकार ने गरीबों के लिये चार करोड पक्के घर बनाये है लेकिन शहरों रहने वाले मध्यम वर्गीय परिवारों को अपना आशियाना बनाने के लिये साठ हजार करोड रुपये की मदद भी की है। शहरों में रहने वाले 32 लाख मध्यम वर्गीय परिवारों को ब्याज में छूट मिली है। इनमें डेढ लाख परिवार यूपी के है। आयकर में छूट का लाभ भी मध्यम वर्गीय को मिला है। 2014 से पहले दो लाख रुपए की आय पर आयकर लगता है लेकिन अब सात लाख की आय पर आयकर नहीं देना पड़ता। इससे मध्यम वर्गीय के हजारों करोड रुपये बचे है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार का मकसद है कि कोई भी लाभार्थी सरकारी योजनाओं से वंचित न रहे। हमने यूपी में ईज आफ लिविंग और ईज आफ डूइंग बिजिनेस पर समान बल दिया है। डबल इंजन सरकार का मकसद है कि कोई भी लाभार्थी, किसी भी सरकारी योजना से वंचित न रहे। श्री मोदी ने कहा कि पहले की सरकारों में लोगों को अपने ही लाभ पाने के लिए लंबी-लंबी लाइनें लगानी पड़ती थी। एक खिड़की से दूसरी खिड़की तक भागदौड़ करनी पड़ती थी। अब हमारी सरकार खुद गरीब के दरवाजे पर आ रही है। जब तक हर लाभार्थी को उसका हक नहीं मिल जाता, हमारी सरकार शांत नहीं बैठेगी। उन्होंने कहा कि शहरों में जो हमारे रेहड़ी-पटरी वाले भाई बहन होते हैं, उनके बारे में पहले किसी ने नहीं सोचा। हमारी सरकार इन लोगों के लिए पीएम स्वनिधि योजना लेकर आई, अब तक देश भर के रेहड़ी-पटरी वालों को 10 हजार करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता दी जा चुकी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यूपी में भारत का सबसे बड़ा टूरिज्म हब बनने का सामर्थ्य है। आज देश का हर व्यक्ति वाराणसी और अयोध्या आना चाहता है। हर दिन लाखों लोग इन स्थानों पर दर्शन के लिए आ रहे हैं। इस कारण यूपी में छोटे उद्यमियों, एयरलाइन्स कंपनियों, होटल, रेस्टोरेंट वालों के लिए अभूतपूर्व अवसर बन रहे हैं। मैं देश के सभी टूरिस्टों से आग्रह करता हूं कि आप जब टूर पर जाने के लिए बजट बनाएं, तो उसमें से दस प्रतिशत बजट जिस जगह पर जा रहे हैं, वहां से कुछ न कुछ खरीदने के लिए रखें।

## श्री कल्कि धामह्व के भूमिपूजन एवं शिलान्यास कार्यक्रम मे शामिल हुए डॉक्टर मनोज कुमार वर्मा





प्रात: किरण संवाददाता, नादिर त्यागी

स्योहारा। जनपद के जाने-माने वरिष्ठ समाजसेवी एवं चिकित्सक वर्मा मेटरनिटी होम के स्वामी डॉक्टर मनोज कुमार वर्मा कल्कि धाम एचौड़ा कंबोह जनपद संभल उत्तर प्रदेश में आचार्य प्रमोद कृष्णनम के द्वारा कराये गये माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के विशाल और अति महत्वपूर्ण कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।प्राप्त जानकारी के अनुसार आचार्य प्रमोद कृष्णनम ने एचोड़ा कंबोह जनपद संभल में कल्कि धाम का भूमि पूजन एवं शिलान्यास का विशाल कायर्क्रम रखा था। भूमि पूजन और शिलान्यास करने के लिए पीठाधीश्वर कल्कि धामह्व आचार्य प्रमोद कृष्ण ने माननीय प्रधानमंत्री जी को दावत दी थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने आचार्य प्रमोद कृष्णम जी का निमंत्रण सहर्ष स्वीकार करते हुए गत माह पूर्व कल्कि धाम आने की रजामंदी दी थी। तभी से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को लेकर इस विशाल और अति महत्वपूर्ण कार्यक्रम की जबरदस्त और उच्च स्तर पर तैयारी चल रही थी। इसी कार्यक्रम के लिये सोमवार को भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी एचौडा कम्बोह जनपद सम्भल में सुबह लगभग 10:30 बजे ह्लकल्कि धामह्व पहुंचे और अपने कर कमलों से भूमि पूजन और शिलान्यास किया। इस अवसर पर उनके साथ माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ जी और कल्कि धाम के पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णनम भी साथ रहे। श्री कल्कि धाम में प्रधानमंत्री के द्वारा किये जाने वाले भूमि पूजन और शिलान्यास के अति महत्वपूर्ण कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आचार्य प्रमोद कृष्णनम ने जनपद के वरिष्ठ समाजसेवी एवं चिकित्सक डॉक्टर मनोज कुमार वर्मा को भी आमंत्रित किया था। डॉ मनोज कुमार वर्मा इस निमंत्रण पर नाथ समुदाय के उत्तराखंड प्रदेश अध्यक्ष योगी राकेश नाथ जी ,अपने भतीजे शोर्य वर्मा और समाजसेवी टिल्लू त्यागी के साथ भूमि पूजन एवं शिलान्यास कार्यक्रम में पहुंचे और इस अति महत्वपूर्ण धार्मिक एवं विशाल कार्यक्रम के वी.वी.आई.पी. कैम्प में उपस्थित रहे। डॉ.मनोज कुमार वर्मा ने कार्यक्रम में बुलाने के लिये आचार्य प्रमोद कृष्णनम जी का आभार व्यक्त किया। माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के कार्यक्रम में शामिल होने पर डॉक्टर मनोज वर्मा के शुभचिंतकों, मित्रों ने अति प्रसनता व्यक्त की।आपको बताते चले कि डॉक्टर मनोज कुमार वर्मा के कल्कि धाम के पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम से बेहद करीबी रिश्ते हैं आचार्य प्रमोद कृष्णम पूर्व में भी डॉक्टर मनोज कुमार के व्यवहार कुशल होने की प्रशंसा करते रहे हैं।

## अटल आवासीय विद्यालय में पढ़ेंगे श्रमिकों के बच्चे



एटा, एजेंसी

श्रम विभाग में पंजीकृत श्रमिकों के बच्चों की निशुल्क शिक्षा के लिए सरकार ने मंडल स्तर पर अटल आवासीय विद्यालय खोले हैं। कक्षा 6 और कक्षा 9 में प्रवेश परीक्षा 25 फरवरी को जिला मुख्यालय पर होने जा रही है। इसमें 135 बच्चे शामिल होंगे। शहर में स्थित प्रिंटिस गर्ल्स इंटर कॉलेज में 25 फरवरी को आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षा में बालक और बालिका वर्ग शामिल होंगे। कक्षा 6 के लिए होने वाली प्रवेश परीक्षा में 59 बालक और 26 बालिकाएं कुल 85 परीक्षार्थी हैं। जबकि कक्षा 9 के लिए 35 बालक और 15 बालिकाएं 50 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को 21 फरवरी से प्रवेश पत्र वितरित किए जाएंगे, बच्चों के अभिभावकों अथवा परीक्षार्थियों को कॉल करके श्रम विभाग प्रवेश पत्र वितरित करेगा। श्रम प्रवर्तन अधिकारी यादवेंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि निर्माण श्रमिक के रूप में काम करने वाले मजदूरों के बच्चे कई बार आर्थिक स्थिति एवं अन्य कारणों की वजह से अपनी पढ़ाई को पूरा नहीं कर पाते हैं। ऐसे बच्चों के लिए सरकार ने अटल आवासीय विद्यालय योजना की शुरूआत की है। श्रम विभाग में कम से कम तीन साल का पंजीकरण पूरा कर चुके श्रमिकों के बच्चे परीक्षा में भाग ले रहे हैं। बताया कि कक्षा 6 और 9 के लिए प्रवेश परीक्षा होने जा रही है। इसकी प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और 25 फवरी को परीक्षा कराई जाएगी।

## बोर्ड परीक्षा : 31 सीसीटीवी कैमरे खराब, नहीं हो सका ट्रॉयल

महराजगंज, एजेंसी

जिले में 109 परीक्षा केंद्र बने हैं। इसमें 31 केंद्रों पर ऑनलाइन मानीटरिंग के लिए लगाए गए सीसीटीवी कैमरे व डीवीआर खराब हैं। इससे वह कंट्रोल रूम से नहीं जुड़ सके हैं। जबकि 22 से परीक्षा शुरू होनी है। परीक्षा शुरू होने से पहले इन कैमरों को ठीक कराने के निर्देश दिए गए हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार जिले के एसएजे इंटर कॉलेज आनंदनगर, एमपी इंटर कॉलेज बरगदवां, महराजगंज इंटर कॉलेज महराजगंज, जीएसवीएस इंटर कॉलेज, इंटर कॉलेज लक्ष्मीपुर एकडंगा, शिवजपत सिंह इंटर कॉलेज भिटौली, एमबी इंटर कॉलेज अड्डा बाजार, राजकीय गर्ल्स इंटर कॉलेज महराजगंज, इंटर कॉलेज बहदुरी बाजार, इंटर कॉलेज कोटा मुकुंदपुर, किसान इंटर कॉलेज धनगडी मुडेरी, पंडित जवाहर लाल नेहरू इंटर कॉलेज लेहडा, टैगोर इंटर कॉलेज खुटहां, कन्या इंटर कॉलेज भिटौली, विपी त्रिपाठी इंटर कॉलेज गोडधोवा इंटर कॉलेज मिठौरा बाजार, एसबीएन इंटर कॉलेज ठूठीबारी, राजकीय इंटर कॉलेज बंजरहा बृजमनगंज, एसएसएम इंटर कॉलेज नौतनवा, बेलवा टीकर, विश्वनाथपुर घुघली, कलावती देवी इंटर कॉलेज गडौरा, आदर्श इंटर कॉलेज बरगदवा, इंटर कॉलेज पिपरा सिसवा बाजार, आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिंदुरिया, चौथी चौधरी इंटर कॉलेज नौतनवा, राजकीय इंटर कॉलेज नौनिया निचलौल में लगे सीसीटीवी कैमरे व डीवीआर बदलने के निर्देश दिए गए हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक अमरनाथ राय ने बताया कि सभी केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देशित किया गया है कि परीक्षा केंद्रों पर गुणवत्तापूर्ण व दृश्यता वाले सीसीटीवी कैमरे लगवाए और उसे लगातार चालू रखें। नकलविहीन परीक्षा कराने में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। लापरवाही बरतने वालों पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

## सरकारी योजना का सही प्रकार से क्रियान्वयन हो : आशुतोष सिन्हा

गाजियाबाद, एजेंसी



उत्तर प्रदेश विधान परिषद की संसदीय एवं सामाजिक सदभाव समिति ने सोमवार को विभिन्न विभागों में संचालित योजनाओं की जानकारी ली। जिला मुख्यालय में आयोजित बैठक में समिति के सभापति आशुतोष सिन्हा ने कहा कि सरकार की योजनाओं के सही प्रकार के क्रियान्वयन होने चाहिए। तीन सदस्यीय समिति ने गाजियाबाद और गौतमबुद्धनगर के अधिकारियों से संचालित योजनाओं की जानकारी ली और शिकायतों के बारे में प्रगति जानी। इस दौरान सभापति आशुतोष सिन्हा ने अधिकारियों से पूछा कि योजना के क्रियान्वयन होने की प्रगति क्या है। कहां -कहां दिक्कतें आ रही है। सरकारी स्तर पर कौन सी बाधाएं है और जमीन स्तर पर क्या परेशानी है। उन्होंने सभी विभागों को अधिकारियों को अपनी योजना की परेशानियों की रिपोर्ट तैयार करके समिति के समक्ष भेजने के निर्देश दिए। ताकि समिति इन बाधाओं को सरकार के समक्ष रखकर उनका समाधान करा सके। समिति ने जीडीए, सहायक निदेशक कारखाना, श्रम विभाग, आवास विकास परिषद, स्वास्थ्य विभाग, वाण्जिय कर विभाग, महिला कल्याण विभाग, संभागीय परिवहन विभाग, जिला आबकारी विभाग, पुलिस विभाग, महिला थाना, जीएम डीआईसी, यूपीएसआईडीसी, समाज कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार, राजस्व विभाग से संबंधित विभागों की योजनाओं की विस्तार से जानकारी ली। बैठक में समिति में सभापति आशुतोष सिन्हा के अलावा सदस्य लाल बिहारी यादव, सदस्य मुकुल यादव, सदस्य सुरेन्द्र चौधरी, समिति अधिकारी धनंजय सिंह अनुसचिव, निजी सचिव धर्मेन्द्र सिंह, सदस्य अधिकारी समिति अभिषेक कुमार पाण्डेय, ब्रजेश यादव, अपर निजी सचिव अंकुर यादव शामिल रहे। बैठक में साथ जिला प्रशासन की ओर से सीडीओ अभिनव गोपाल, एडीएम फाइनेंस सौरभ भट्ट, सीएमओ डॉ.भवतोष शंखधर, एडीएम प्रशासन रणविजय सिंह, एडीएम सिटी गंभीर सिंह, अपर नगर आयुक्त अरुण यादव, सिटी मजिस्ट्रेट अजय कुमार, जीडीए ओएसडी गूंजा सिंह सिंह सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## सिटी बस चले तो दूर हो जाम का झाम, मिले सुविधा

एटा, एजेंसी



एक दशक में आबादी और काम-धंधों का तो काफी विस्तार हुआ, लेकिन आवागमन के लिए सुविधाएं नहीं बढ़ीं। ऑटो, ई-रिक्शों की भीड़ ने जाम की समस्या बढ़ा दी। इससे छुटकारा और सहूलियत के लिए लोग सिटी बस की मांग उठा रहे हैं। 25 किमी के दायरे में संचालन कराए जाने की बात कह रहे हैं। वहीं परिवहन निगम ने प्रस्ताव बनाकर शासन को भेज चुका है। शहर से एक ओर जहां मलावन में जवाहर तापीय परियोजना बनने वहां तमाम लोगों का आवागमन हो रहा है। इसी ओर केंद्रीय विद्यालय, जिला शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय स्थित हैं। तो अलीगढ़ की ओर पिलुआ तक भी आवागमन बढ़ा है। लेकिन आने-जाने के लिए सुविधाएं नहीं बढ़ाई गईं। लोग मजबूरन ई-रिक्शा, ऑटो में धक्के खाते हुए असुविधाजनक और जोखिम भरा सफर करते हैं। जिला मुख्यालय से आसपास के कस्बों के मध्य सिटी बस चलाने को लेकर जनता मांग कर रही है। उनका कहना है कि सिटी बस चलने से यात्रा करने में परेशानी नहीं होगी। सफर सुरक्षित होगा और समय की बचत भी होगी। शहर से लेकर लगभग 25 किमी के दायरे तक सिटी बस चलती है तो जनता को काफी लाभ होगा।

इसके लिए शहर के लोग पहले भी मांग कर चुके हैं। जीटी रोड पर एटा से पूर्व दिशा में मलावन व पश्चिम में हो पिलुआ तक संचालन शहर व आसपास के कस्बों व गांव को लोगों का कहना है कि अगर जीटी रोड पर जिला मुख्यालय से मलावन व पिलुआ तक भी सिटी बस की सेवा शुरू होती है तो फायदा होगा। इससे जनता को सस्ता, सुरक्षित और सुविधाजनक परिवहन विकल्प मिलेगा, जिससे उनको समय व पैसा दोनों का बचत होगी। इसके साथ ही सिटी बस चलने से जाम की समस्या से भी शहर वासियों को निजात मिलेगी। वहीं वायु प्रदूषण, ध्वनि प्रदूषण और दुर्घटनाओं का खतरा कम होगा। शहर में बहुत से डग्गामार वाहन चल रहे हैं। जिसकी वजह से पूरे दिन जाम जैसे हालात रहते हैं। सिटी बस चलने से लोगों को जाम की विकराल समस्या से निजात मिलेगी। प्रशासन को इसके लिए पहल करनी चाहिए। -मनोज कुमार, विजय नगर सिटी बसों के संचालन से जाम के साथ ही प्रदूषण से भी राहत मिलेगी। इसके लिए हर रूट पर एक स्टैंड बनाया जाए। लोगों को अन्य डग्गामार वाहनों का सहारा लेना पड़ रहा है। सिटी बस के चलने से इस पर लगाम लगेगी। -रंजना यादव, नई बस्ती नगर विकास मंत्रालय के पास प्रस्ताव भेजा गया है। फिलहाल नगर निगम क्षेत्रों में संचालन किया जा रहा है। इसके बाद नगर पालिका क्षेत्र में इलेक्ट्रिक सिटी बस का संचालन शुरू होने की उम्मीद है।

## गोली लगने से घायल प्रॉपर्टी डीलर की हालत नाजुक

प्रात: किरण संवाददाता

अमरोहा। गोली लगने से घायल प्रॉपर्टी डीलर की हालत नाजुक बनी है। जिला मुख्यालय से हायर सेंटर रेफर किया गया है। परिजनों ने मेरठ के निजी अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां उपचार जारी है।कोतवाली क्षेत्र के गांव गांगटकोला निवासी 35 वर्षीय आदेश पुत्र गंगासरन जाटव रविवार रात गांगटकोला चौराहे पर स्थित अपनी दुकान से पैदल घर लौट रहा था। दुकान से गांव की दूरी करीब एक किलोमीटर है। जैसे ही वह बीच रास्ते में पहुंचा कि अज्ञात हमलावरों ने उसे गोली मार दी। गोली पेट में लगने से आदेश गंभीर घायल हो गया। हमलावर भाग निकले। घायल की चीख पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे परिजनों ने उसे आनन फानन सीएचसी में भर्ती कराया, जहां से हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। मेरठ के निजी अस्पताल में उपचार जारी है। घायल के बेहोश होने की वजह से घटना के संबंध में पुलिस को अभी ज्यादा जानकारी नहीं मिल सकी है। परिजन जाहिरा तौर पर किसी रंजिश से इनकार कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि आदेश खेती किसानी के संग प्रॉपर्टी डीलर का काम भी करता है। प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार ने बताया कि गोली लगने से घायल युवक का मेरठ के निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है।

## अग्रसेन नगर हो गाजियाबाद का नया नाम

गाजियाबाद, एजेंसी

नाम परिवर्तन समिति ने जिले का नाम महाराजा अग्रसेन के नाम पर अग्रसेन नगर करने की मांग की है। समिति के अध्यक्ष ने इस संबंध में इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने याचिका दाखिल की है। नवयुग मार्केट स्थित एक प्रतिष्ठान में आयोजित पत्रकार वार्ता समिति के अध्यक्ष रूपचंद नागर ने जानकारी देते हुए कहा कि हाल में गाजियाबाद का नाम परिवर्तन करने के लिए अलग अलग संगठनों ने मांग उठाई है। जिले के नामों के लिए गजप्रस्थ, दूधेश्वरनाथ नगर, हरनंदी नगर आदि के लिए सुझाव आए हैं। जिले के वैश्य वर्ग के लोगों के योगदान की सराहना करते हुए समिति मांग करती है कि महानगर का नया नाम अग्रसेन नगर रखा जाए। इस संबंध में उन्होने इलाहाबाद उच्च न्यायालय में याचिका दाखिल की है। अपनी मांग के समर्थन समिति के सदस्यों ने कई ऐतिहासिक पुस्तकों से भी उद्धरण भी न्यायालय के सामने रखे हैं। वार्ता में वीके अग्रवाल ने अग्रसेन नगर नाम का सुझाव देने के लिए रूपचंद नागर व समिति के प्रति आभार प्रकट किया। इस दौरान रामदास त्यागी, आशीष खटाना, नरेशपाल, सूरज कुमार यादव, कविता रानी आदि मौजूद रहे।

## पुलिस भर्ती पेपर लीक होने का आरोप लगा अभ्यर्थियों ने निकाला जुलूस, नारेबाजी



एटा, एजेंसी


उप्र पुलिस आरक्षी भर्ती प्रक्रिया के तहत जिले में शनिवार और रविवार को लिखित परीक्षा कराई गई। प्रशासन का दावा है कि परीक्षा पूरी पारदर्शिता के साथ हुई है, लेकिन भर्ती प्रक्रिया के तमाम अभ्यर्थियों ने इस पर सवाल उठाए हैं। पेपर लीक होने का आरोप लगाते हुए उन्होंने सोमवार को शहर में जुलूस निकाला। नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री के संबोधित ज्ञापन अधिकारियों को सौंपा। 100 से अधिक युवा सोमवार को नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट में पहुंचे। वहां पुलिस भर्ती परीक्षा में गड़बड़ी के आरोप लगाए। ये भी पुलिस भर्ती प्रक्रिया के अभ्यर्थी थे। कहा कि 17 और 18 फरवरी को लिखित परीक्षा कराई गई। इसमें कड़ी मेहनत के साथ पढ़ाई कर छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया, लेकिन हम लोगों को पता लगा है कि परीक्षा से पहले ही प्रश्नपत्र सोशल मीडिया के माध्यम से लीक हो गया था। जिस कारण हम परीक्षार्थियों का काफी नुकसान हुआ है। हमें काफी मानसिक प्रताड़ना हो रही है। ऐसे में हम लोगों की मांग है कि परीक्षा को पुनः कराया जाए। जिससे योग्य अभ्यर्थियों को ही अवसर मिल सके। इन सभी बातों का ज्ञापन इन युवाओं ने पहले कलेक्ट्रेट में मौजूद सदर तहसीलदार नीरज वार्ष्णेय को सौंप दिया, लेकिन बाद में डीएम को ज्ञापन देने की मांग पर अड़ गए और हंगामा करने लगे। जमकर नारेबाजी और प्रदर्शन किया। इसके बाद डीएम के कार्यालय में घुस गए। उस समय वहां डीएम उपस्थित नहीं थे। वहां मिले एएसडीएम रामनयन को ज्ञापन सौंपा। इसके बाद जुलूस के रूप में वहां से निकले और शहर में भ्रमण किया। छात्र एकता जिंदाबाद, पुलिस भर्ती परीक्षा दोबारा कराओ जैसे नारे लगा रहे थे। परीक्षा में गड़बड़ी को लेकर पकड़े गए 17 लोग जिले में पुलिस भर्ती परीक्षा में गड़बड़ी को लेकर पुलिस ने 17 लोगों को गिरफ्तार किया। पहले दिन शनिवार सुबह परीक्षा शुरू होने से पहले ही 15 लोगों को पकड़ा था। इनमें से एक कोचिंग संचालक था, जिसने अभ्यर्थियों से पांच-पांच लाख रुपये का ठेका लेकर पेपर आउट कराने और दूसरे लोगों को बैठाकर पास कराने की जिम्मेदारी ली थी। जबकि इसी दिन कुंवर मनोहर सिंह इंटर कॉलेज और रविवार को शहर के जीआईसी में दो संदिग्ध अभ्यर्थियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस भर्ती परीक्षा के कुछ अभ्यर्थी पहुंचे थे, जिन्होंने ज्ञापन दिया है। पेपर लीक होने का आरोप लगाकर दोबारा परीक्षा कराने की मांग की है। उनकी बात मुख्यमंत्री तक पहुंचाई जाएगी। वहीं से निर्णय लिया जाएगा।

## चिड़ियाघर की रेस्क्यू टीम ने बचाई महाराजगंज के तेंदुए की जान, ट्रैप में फंस गया था पैर



गोरखपुर, एजेंसी

सोहागीबरवां वन्य जीव प्रभाव में निचलौल रेंज के सोहट ग्राम सभा के खेत में किसान द्वारा लगाए ट्रैप में एक नर अवयस्क तेंदुए का एक पैर फंस गया था। जिससे उसकी जान जोखिम में पड़ गई। इसको बचाने के लिए महाराजगंज वन विभाग ने प्रदेश के प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्य जीव को गोरखपुर प्राणी उद्यान की रेस्क्यू टीम भेजने का अनुरोध किया। चिड़ियाघर की टीम ने पहुंचकर तेंदुए की जान बचाई। तेंदुए के फंसने की सूचना पर मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ भी इकट्ठी हो गई। गोरखपुर से डॉ. योगेश प्रताप सिंह के नेतृत्व में प्राणी उद्यान की रेस्क्यू टीम घटनास्थल पर पहुंची। वहां पर स्थानीय पशुपालन विभाग और वन विभाग की मदद से तेंदुए को ट्रेंकुलाइजर का प्रयोग करते हुए ट्रैप से मुक्त कर पिंजरे में बंद कर सुरक्षित कर लिया गया। डॉ. योगेश ने बताया कि स्वास्थ्य जांच में तेंदुआ पूरी तरह स्वस्थ मिला। उच्च अधिकारियों से मिले निर्देश के बाद उसे दोबारा देईभार के सिंहरहना ताल के पास के जंगल में छोड़ दिया गया। यहां घना जंगल होने के साथ-साथ प्रचुर मात्रा में पीने का पानी भी उपलब्ध है। अब तेंदुआ अपने प्राकृतिक वास में सुरक्षित और स्वतंत्र है। इस रेस्क्यू ऑपरेशन में महाराजगंज के मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. यूएन सिंह, एसडीओ आरसी मलिक, श्यामदेऊरवा के पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष कुमार जायसवाल, डॉ. दिलीप, क्षेत्रीय वन अधिकारी सुनील राव समेत वन विभाग के विभिन्न अधिकारी और पुलिस बल मौजूद रहा।



# फिलहाल डायरेक्शन में आने का कोई प्लान नहीं है

**सुष्मिता सेन की आर्या वेब सीरीज खासी सुर्खियों में रही है। इससे जहां सुष्मिता एक बार फिर से चर्चा में आईं, वहीं सिकंदर खेर भी पॉपुलर हुए। उनके पास भी आगे कई बड़े प्रोजेक्ट हैं। पेश है सिकंदर से हुई खास बातचीत...**

**अपने किरदारों में खुद का कितना इनपुट देते हैं और कितना राइटर्स के हिसाब से चलते हैं?**

सबसे पहले तो जो पेपर पर लिखा होता है, वह काफी हेल्प करता है। बहुत अच्छे से समझ आ जाता है कि क्या करना है। बहरहाल, मोनिका ओह माई डार्लिंग के निशिकांत और आर्या के दौलत सिमिलर तो नहीं हैं पर हां राइटर्स का बहुत बड़ा हाथ है। अब अगर चार फिल्मों में आप किसी कलाकार को इंस्पेक्टर का रोल दे दें तो वो सब अलग-अलग होते हैं क्योंकि असल जीवन में भी हर कोई एक-दूसरे से बेहद अलग होता है।

**कभी डायरेक्टर के तौर पर आना चाहेंगे। अगर हां, तो किस तरह के जोनर की कहानी आप डायरेक्ट करेंगे?**

मैं 4 साल का था, जब मैंने दिल तो पागल है में असिस्टेंट डायरेक्टर के तौर पर काम किया था। मेरे ख्याल से यह सबसे मुश्किल काम है। सेट पर एक डायरेक्टर से बड़ा और कोई नहीं होता। उनके विजन को ही फॉलो किया जाता है। बहरहाल, फिलहाल तो कोई प्लान नहीं है डायरेक्शन में आने का। अभी तो एक्टिंग में ही दिलचस्पी है। उसी के मजे ले रहा हूं। आगे मेरे पास कई अच्छे प्रोजेक्ट हैं।

**सुष्मिता आपकी सीनियर हैं। यहां दौलत के रोल में आपकी उनके साथ केमिस्ट्री कैसे डेवलप हुई?**

मैं हमेशा कहता हूं कि एक्टिंग एक सोलो काम नहीं हैं। आपके साथी कलाकार आपको जितना सहज बनवा दें, उससे भी काम काफ्ने आसान हो जाता है। वह सहजता आने से आप खुद भी संबंधित रोल में काफी कुछ एक्सप्लोर और एक्सपेरिमेंट कर सकते हैं। मैं यहां पूरा क्रेडिट सुष्मिता सेन को देना चाहूंगा। उन्होंने जो कंफर्ट मुझे शो के दौरान दिया था, उसके चलते दौलत और आर्या की केमिस्ट्री निखर कर सामने आई।

**क्या कहा जाए कि दौलत का रोल यहां किसलिए रखा गया है?**

राम माधवानी ने मुझे पहले से ही कहा था कि यह एक समुराई जैसा है। समुराई दरअसल जैपनीज कहानियों से आया है, जो अपने राजा का सबसे वफादार होता है। वह बेहद ताकतवर होते हैं। अपने राजा की हिफाजत के लिए जान देने के लिए भी तैयार रहते हैं। बाकी आर्या 3 दुनिया का पहला ऐसा शो, जिसमें सीन को 360 डिग्री पर शूट किया गया, सेट पर डायरेक्टर को एक्शन या कट बोलने की जरूरत नहीं पड़ती थी।

**कॅरिअर में आगे बढ़ने की आपकी जो रफ्तार है, उससे कितने संतुष्ट हैं?**

बहुत खुश हूं, क्योंकि इन दिनों मेरे पास काफी काम है। काम से ही काम मिलता है। भगवान की दुआ है मैं कि में बिजी हूं। भगवान ने बहुत कुछ दिया है मुझे। जैसा भी मैं हूँ। कॅरिअर तो एक हिस्सा मात्र है लाइफ का।

**आपके अपकमिंग प्रोजेक्ट्स क्या हैं?**

एक मंकी मैन नाम की फिल्म आ रही है। देव पटेल ने उसे बनाया है। वह उसमें एक्ट भी कर रहे हैं। एक सिटाडेल भी कर रहा हूं। दो तीन फिल्में भी हैं हाथ में भगवान की दया से। आगे कुछ नया आएगा तो उसकी अनाउंसमेंट हो हो जाएगी।



# डायरेक्टर कृष की फिल्म में दिखाई देंगी अनुष्का

अनुष्का शेट्टी को पिछली बार फिल्म मिस शेट्टी मिस्टर पॉलीशेट्टी में देखा गया था। इस फिल्म में उनके साथ नवीन पॅलीशेट्टी भी लीड रोल में थे। ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर हिट रही थी। अब एक्ट्रेस को लेकर एक नई जानकारी सामने आ रही है। रिपोटर्स की मानें तो अनुष्का जल्द ही डायरेक्टर कृष जगरलानुडी की अगली फिल्म में नजर आएंगी। इस फिल्म में उनके साथ विक्रम प्रभु भी लीड रोल में दिखाई देंगे। इस फिल्म की शूटिंग ओडिशा में चल रही है। यूवी क्रिएशन्स प्रोडक्शन हाउस इस फिल्म को प्रोड्यूस कर रहे हैं। इस फिल्म की ज्यादा जानकारी फिलहाल सामने नहीं आई है। चता दें कि कृष और अनुष्का दूसरी बार साथ में काम कर रहे है। इससे पहले दोनों ने अल्लू अर्जुन की वेदम में एक-दूसरे के के साथ काम किया था। कुष तेलुगु सिनेमा के सबसे लोकप्रिय फिल्म निर्माताओं में से एक हैं और बैक-टू-बैक फिल्में बनाने के लिए जाने जाते हैं। बता दें कि कृष की आने वाली फिल्म हरि हारा वीरा मल्लू के वीएफएक्स पर काम जाते है। इस फिल्म में पवन कल्याण और निधि अधवाल लीड रोल में नजर आएंगे। वहीं इस फिल्म के जरिए बॉबी देओल भी अपना तेलुगु डेब्यू करने वाले हैं। हाल ही में फिल्म से उनका लुक रिलीज हुआ था।



# फेयरी फोल्क को बिना रिहर्सल नेचुरल अंदाज में शूट किया

रसिका दुग्गल इन दिनों अपनी फिल्म फेयरी फोल्क को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म में उनके साथ मुकुल चड्ढी भी दिखाई देंगे। यह फिल्म पहले ही सिडनी फिल्म फेस्टिवल, शिकागो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल, मामी (मुंबई) और मेलबर्न भारतीय फिल्म फेस्टिवल में व्यापक प्रशंसा जीत चुकी है और अब मुंबई, दिल्ली, गोवा, कोलकाता और बेंगलुरु में दिखाई जाएगी। दिलचस्प बात यह है कि यह पहली बार है जब रसिका अपने पति मुकुल चड्ढा के साथ काम कर रही हैं। इस बारे में रसिका ने कहा... ये एक ऐसी फिल्म थी जिसे हमने बिना रिहर्सल किए बड़े नेचुरल अंदाज में शूट किया और ऐसा करना आसान था क्योंकि कहानी में क्रमानुसार ही हर सीन फिल्माया गया।

आमतौर पर फिल्में क्रम से शूट नहीं होती और एक्टर को याद रखना होता है कि हफ्तों/महीनों पहले कौन से सीन में क्या हुआ था। बहुत बार आपको बाद में आने वाले सीन पहले फिल्माने पड़ते हैं लेकिन फेयरी फोल्क में हमें मालूम था कि पिछले सीन में कैसे चीजें घटित हुई और इसलिए एक एक्ट्रेस के रूप में मैंने इस अनुभव का बहुत आनंद लिया। इस तरह अभिनय करने के दौरान अपने चरित्र को समझने के लिए नए, दिलचस्प तरीके ढूंढने में भी मदद मिलती है। ऐसी फिल्में आपको मौका देती हैं की आप अपनी अभिनय कला के साथ नए प्रयोग करें बिना इस परेशानी के कि 300 लोगों के एक बड़े जमावड़े का काम अवरुद्ध हो रहा हैं।



# हम लोगों को सारा बोझ केवल 2-3 बड़े स्टार्स पर नहीं डालना चाहिए

केजीएफ फेम यश इस समय देश के सबसे बड़े सितारों में से एक हैं। केजीएफ फ्रेंचाइज की अपार सफलता के बाद रॉकी भाई यश भारत में लोगों के बीच काफी पॉपुलर हो गए हैं। ऐसे में अब यश ने फिल्म इंडस्ट्री के स्ट्रगल और नए लोगों को मौका देने के विषय में अपने विचार शेयर किए हैं। यश ने कन्नड़ फिल्म इंडस्ट्री के बारे में कहा... जिस तरह से डिस्ट्रिब्यूटर्स कन्नड़ फिल्मों को अब देख रहे हैं, उम्मीद लगाई जा सकती है कि हम अगले बड़े लेवल पर जाने को तैयार हैं। देश के लोगों ने भी हमारी कन्नड़ भाषा की फिल्मों पर प्यार जताकर, हमें काफी शक्ति दी है। मुझे ऐसा लगता है अब हम लोगों को सारा बोझ केवल 2-3 बड़े स्टार्स पर नहीं डालना चाहिए। हमें नई प्रतिभाओं का भी सपोर्ट करना चाहिए। नए टैलेंट शुरुआत में ज्यादा से ज्यादा कोशिश करते हैं। लेकिन अगर उन्हें मौका नहीं मिलता है, तो वे इस इंडस्ट्री के बाहर अवसरों की तलाश में भी लग जाते हैं। यश साल 2022 में केजीएफ चैप्टर 2 में नजर आए थे। ये एक ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी। इस फिल्म में उनके साथ संजय दत्त, रवीना टंडन और श्रीनिधि भी नजर आए थे। यश जल्द ही डायरेक्टर गीतू मोहनदास की फिल्म टॉक्सिक में दिखाई देने वाले हैं। ये एक गैंगस्टर बेस्ड एक्शन फिल्म होगी।

# रागिनी को नहीं मिला गोविंदा की भांजी होने का फायदा

रागिनी खन्ना 90 के दशक के सुपर स्टार गोविंदा की भांजी हैं। हालांकि रागिनी ने एक्टिंग में अपनी जगह जरूर बनाई है, लेकिन कई लोगों को ऐसा भी लगता है कि उन्हें गोविंदा की वजह से प्रोजेक्ट्स मिले हैं। हाल ही में रागिनी ने इस बात पर चुप्पी तोड़ी। गोविंदा के नक्शेकदम पर चलकर उनकी भांजी इस इंडस्ट्री का हिस्सा तो बन गई, लेकिन बड़ा मुकाम नहीं हासिल कर पाईं। सिद्धार्थ कानन को दिए एक इंटरव्यू में उन्होंने बताया कि गोविंदा के स्टारडम से उन्हें कोई फायदा नहीं मिला। रागिनी ने कहा- वो बहुत बड़े स्टार हैं। सबसे पहले तो मैं उनकी बेटी नहीं हूं। हां, मैं टीना आहूजा (गोविंदा की बेटी), यश आहूजा (गोविंदा के बेटे) से काफी प्यार करती हूं। हम दोस्त भी हैं। लेकिन जब आप काम पर जाते हैं, तो वैसे नहीं देखे जाते हैं। अगर आप टीना और यश को बोल दीजिए कि वो दोनों टीवी के प्रोजेक्ट्स के लिए काम करें, तो वो नहीं करेंगे। वहीं रागिनी के साथ चीजें अलग हैं। क्या आपको दोनों में फर्क समझ आया? मैं चाहती हूं कि ये बदले। फिल्मों के लिए टेलीविजन हमेशा पीछे क्यों रहता है?

## गोविंदा से कैसा बॉन्ड शेयर करती हैं रागिनी


रागिनी ने कहा कि वो गोविंदा के परिवार और चचेरे भाई अभिषेक कृष्णा और आरती सिंह के साथ भी अच्छा बॉन्ड शेयर करती हैं। उन्होंने बताया कि फेस्टिवल के मौकों पर वे उनसे मिलती हैं। उन्होंने कहा- हम बाहर रेस्टोरेंट नहीं जाते। दरअसल ऐसा पहली बार कोविड के वक्त हुआ था जब मैं चीची मामा (गोविंदा) से चार साल तक नहीं मिल पाई थी। नहीं तो, मैं अक्सर उनके घर जाती हूं। सुनीता मामी (गोविंदा की वाइफ) के साथ हर फंक्शन, हर दिवाली, जन्मदिन पर हम बातें करते हैं।



# फिल्म लाहौर 1947 में विलन का किरदार निभाएंगे अभिमन्यु सिंह



सनी देओल जल्द ही फिल्म लाहौर 1947 में नजर आएंगे। इस फिल्म के लिए सनी ने डायरेक्टर राजकुमार संतोषी से हाथ मिलाया है। अब फिल्म को लेकर एक नई जानकारी सामने आ रही है। आमिर खान प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित इस फिल्म में सनी का सामना अभिमन्यु सिंह से होने वाला है। रिपोर्ट्स के अनुसार... राजकुमार ने फिल्म लाहौर 1947 के विलन के रूप में अभिमन्यु का चयन किया है। सूत्र का कहना है कि निर्देशक लाहौर 1947 के साथ एक बार फिर परदे पर हीरो और विलन के बीच बड़े पैमाने पर भिड़ंत दिखाना चाहते हैं। उन्होंने कई नामों पर विचार करने के बाद अभिमन्यु को चुना है। यह एक मजबूत किरदार होगा, जो पूरी फिल्म के दौरान सनी के साथ युद्ध के मैदान में उलझा रहेगा। फिल्म की शूटिंग 12 फरवरी से मुंबई में शुरू हो चुकी है, जो मई 2024 तक कई शेड्यूल में चलेगी। इस फिल्म में प्रीति जिंटा और शबाना आजमी भी दिखाई देंगी।



# शहनाज गिल मेरी काफी खास दोस्त है

इशारे तेरे, तैनू सुट सुट करता, बेबी गर्ल, नाच मेरी रानी, रात कमाल है जैसे अनगिनत सुपर हिट गानों को आवाज देने वाले मशहूर सिंगर गुरु रंधावा अपनी खास फैन फॉलोइंग रखते हैं। देश-दुनिया में मशहूर यह इंडी-पॉप और बॉलिवुड सिंगर इन दिनों चर्चा में हैं अपनी नई फिल्म कुछ खट्टा हो जाए से। इस फिल्म के जरिए वे बतौर हीरो अपनी नई पारी का आगाज करने जा रहे हैं। उनसे एक बातचीत।

**अगर पंजाबी म्यूजिक की बात की जाए, तो आज ये रीजनल स्तर से लोकल लेवल पर छाया हुआ है, इसका श्रेय आप किसे देंगे?**

इसका श्रेय मैं हमारी भाषा को दूंगा। हमारी लिपि गुरुमुखी को देना चाहूंगा। हमारी पंजाबी लैंग्वेज इतनी प्यारी है कि उसमें प्रपोज करने का भी मजा है और गाली देने का भी। हमारी भाषा में जीने का मजा है। पंजाबी पूरी दुनिया में इतने ज्यादा फैले हुए हैं कि उससे भी लगातार भाषा और संगीत का प्रचार-प्रसार होता है। मुझे याद है, हम जॉर्जिया में, सुट सुट गाने की शूटिंग कर रहे थे और हमारे साथ दिनेश विजन थे। लिजेंडरी एक्टर इरफान खान और सबा कमर थीं। हम लोग डिनर करने गए, तो हमने कहा कि यहां तो इंडियंस ही नहीं हैं, तभी मुझे नीचे से आवाज आई, पाजी मैंने देखा। सामने हमारे पंजाबी भाई थे। मैंने उनसे पूछा, यहां क्या करने आए हो, तो वे बोले, पढ़ाई। वहां मेडिकल की पढ़ाई दूसरे देशों से ज्यादा सस्ती है, तो मेरे कहने का मतलब ये है कि पंजाबी आज पूरी दुनिया में छाए हुए हैं। मगर इसी के साथ हमारे म्यूजिक और भाषा को इतना पसंद और उसे सपोर्ट करने के लिए मैं अपने तमाम फैंस का शुक्रिया अदा करना चाहूंगा।

**दुनिया भर में आपके असंख्य फैंस हैं, कभी किसी क्रेजी फैन से पाला पड़ा है?**

मैं अपने फैंस को क्रेजी नहीं कहता। मैं तो यहीं कहूंगा कि वो मेरे आर्ट को प्यार करते हैं। आर्टिस्ट तो बाद में आता है, पहले उसका आर्ट बोलता है। उसी के बाद कलाकार को सर्च किया जाता है। और जब कोई आर्टिस्ट मेरे जैसा हैंडसम हो (हंसते हैं) तो उसे खूब सर्च किया जाता है। कई बार लाइव शोज में लड़कियां आती हैं स्टेज पर और किस करने की मांग करने लगती हैं, तब मैं बहुत शरमा जाता हूं, तो जैसा कि मैंने कहा, सारे प्रसंशक आपकी कला से प्यार करते हैं।

**आपके बारे में पढ़ा कि आपका दिल भी टूटा और उससे आपने सबक भी लिया, मगर इन दिनों आपकी और ऐक्ट्रेस शहनाज गिल की नजदीकियों की खबरें खूब छाई हुई हैं?**

शहनाज के साथ मेरा बहुत अच्छा बॉन्ड है। हम दोनों ही पंजाब से हैं। हम जो भी ऑनलाइन करते हैं, वो सभी को प्यारा लगता है। वे मेरी काफी खास दोस्त हैं। इसमें भी हमारी मूवी वाला सिस्टम है। अगर हम कुछ न भी करें, तो लोगों को लगता है कि कुछ है।

**आपकी ताजा-तरीन फिल्म कुछ खट्टा हो जाए की बात करूं, तो हीरो के रूप में डेब्यू करने के लिए आपने इस फिल्म को क्यों चुना?**

इस फिल्म के नरेशन के वक्त मैं मुंबई में था और जब मुझे यह कहानी सुनाई जा रही थी, तब मैं और मेरी टीम हंसे जा रहे थे। कहानी का जो सबसे बड़ा फंडा होता है कि इसे आपको सुनते हुए पहली बार में ही मजा आना चाहिए, सेट पर जाकर कोई कमाल नहीं होने वाला। मैंने जब अपना किरदार सुना, तो मुझे सुनते हुए ही मजा आने लगा था कि कैसे ये अपने घर में मन का न होते हुए भी हर किसी की बात सुन रहा है। इसमें सोशल मेसेज यही है कि लड़का -लड़की का भेद न करें, अगर लड़की में क्षमता है, तो उसे किसी चीज को करने से न रोकें। कई बार हम जिद पर अड़ जाते हैं कि लड़का ही करेगा। इसके अलावा फिल्म का टाइटल काफी मजेदार है। जब कोई ओकेजन या बड़ी बात होती है, तब हम कहते हैं कुछ मीठा हो जाए, मगर मीठे तक पहुंचने के लिए कई खट्टे अनुभवों से भी गुजरना पड़ता है। यही हमारी फिल्म की कहानी है।

**क्या हीरो बनने के लिए आपने किसी तरह का कोई प्रशिक्षण लिया?**

मुझे फिल्म जगत बहुत प्यारा लगता है। मैं समझता हूं, फिल्में समाज का हिस्सा होती हैं और मैं खुद को समाज का हिस्सा मानता हूं। मैं हमेशा से अपने सिंगिंग के माध्यम से लोगों को खुशी देना चाहता हूं, मगर फिल्मों के जरिए आप मनोरंजन ही नहीं बल्कि मुद्दों पर भी बात कर सकते हैं। मेरी अपनी सिंगिंग पहचान के कारण अगर मैं किसी फिल्म में कोई बात कहूंगा, तो लोग उसे सुनेंगे। जहां तक अभिनय की बात है, तो ये मेरे लिए आसान भी था और मुश्किल भी। आपने देखा होगा कि ज्यादातर एक्टर सिंगिंग की चाह रखते हैं। उनको लगता है सिंगर काफी कूल होते हैं और हमें लगता है एक्टर्स कूल होते हैं। अभिनय करने की इच्छा काफी समय से थी और मैं एक लंबे अर्से से फिल्में देख -देख कर सीख रहा था। मैंने अनगिनत फिल्में देखी हैं। मैं विभिन्न किरदारों को जी रहा था फिल्में देख -देख कर। ये बात और है कि मौका मुझे अब मिला है। अब ये दर्शकों पर निर्भर करता है कि वे मुझे कैसे स्वीकारते हैं, मगर उन्हें मुझे देखना पड़ेगा, क्योंकि अभिनय तो अब मैं लगातार करता रहूंगा।




## संक्षिप्त समाचार

### आईडीबीआई बैंक ने उत्सव एफडी योजना के अंतर्गत एफडी पर विशेष दरें पेश कीं

IDBI BANK

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईडीबीआई बैंक ने अपने सबसे नए ऑफर में ÷300 दिनों की विशेष सीमित अवधि की एफडी÷ अधिकतम 7.55त्न प्रति वर्ष की दर के साथ पेश की है, जिसे समय से पहले तोड़ने की अनुमति होगी। यह अभियान उत्सव एफडी योजना के अंतर्गत शुरू किया गया है, और उन ग्राहकों को आकर्षक प्रस्ताव देता है, जो कम अवधियों में आकर्षक ब्याज दर चाहते हैं। इसके अलावा, 375 और 444 दिनों के लिए मौजूदा उत्सव एफडी क्रमशः 7.60त्न प्रति वर्ष और 7.75त्न प्रति वर्ष तक की प्रतिस्पर्धी ब्याज दर प्रदान करती रहेंगी।

### फैंटम डिजिटल लिमिटेड ने वित्त वर्ष 24 की तीसरी तिमाही में एबिटडा में 103 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि की रिपोर्ट दी

**मुंबई, एजेंसी।** फैंटम डिजिटल इफेक्ट्स लिमिटेड, एक क्रिएटिव विजुअल इफैक्ट्स (वीएफएक्स) स्टूडियो, ने वित्त वर्ष 24 की तीसरी तिमाही एवं 9 महीने के अपने अनऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की है.वित्तीय प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए, फैंटम डिजिटल इफैक्ट्स लिमिटेड के डायरेक्टर, श्री बेजॉय अर्पुथराज ने कहा, ÷हम वित्त वर्ष 24 की तीसरी तिमाही में अपवादात्मक प्रदर्शन से रोमांचित है, जो हमारे प्रति हमारे सम्मानित ग्राहकों द्वारा दर्शाए गए विश्वास और भरोसा के अतिरिक्त हमारी टीम के समर्पण और प्रतिभा का प्रमाण है. हमारे विकास का दौर कई मुख्य घटकों के चलते हैं. हमारी टेक्निकल टीम की दृढ़ कार्य कुशलता के साथ हमारे इन-हाउस टूल्स और सॉफ्टवेयर्स के मिश्रण ने काफी कम समय में हमारी महत्वाकांक्षी परियोजनाओं को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है.तिमाही के दौरान, हमने क्यूआईपी की सफल समाप्ति के साथ हमने एक महत्वपूर्ण सीमाचिन्ह हासिल किया, जो हमारे लिए गर्व का पल रहा है. ग्लोबल फंड के चुनिंदा समूह द्वारा दर्शाए गए विश्वास ने हमें हमारे प्रयासों को दुगना करने के लिए उत्प्रेरित किया. क्यूआईपी के मार्फत जुटाया गया फंड हमारे भावी प्रयासों के विस्तार को बढ़ावा देने के साथ कंपनी को नई ऊंचाइयों को छूने के लिए तैयार कर रहा है।

### बालाजी टेलीफिल्म्स लिमिटेड ने नई मूवी के साथ फाइनेंशियल ईयर 24 की तीसरी तिमाही के शानदार परिणामों की घोषणा की

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बालाजी मोशन पिर्ख्स, बालाजी टेलीफिल्म्स लिमिटेड का एक डिवीज़न, बहुप्रतीक्षित लव, सेक्स और धोखा 2 की अपनी घोषणा के बाद से ही सुर्खियों में है। दर्शकों के बीच फिल्म को लेकर ज़बरदस्त रोमांच शुरु से ही था, लेकिन जब मेकर्स ने आधिकारिक तौर पर शूटिंग शुरू करने की घोषणा की तो ये उत्साह और भी बढ़ गया। अब, उत्साह को बढ़ाने के लिए, मेकर्स ने नई रिलीज की तारीख, 19 अप्रैल 2024 का खुलासा करते हुए एक बेहद दिलचस्प मोशन पोस्टर जारी किया है। इससे पहले, कंपनी ने फाइनेंशियल ईयर 24 की तीसरी तिमाही के लिए मज़बूत अर्निंग रिपोर्ट की थी। नौ महीने का कंसोलिडेटेड एबिटा 243त्न बढ़कर रु. 43.7 करोड़ रुपये हुआ, जबकि एटीएल कंटेंट लाइब्रेरी 118 से अधिक थी।

# प्रतिस्पर्धी कंपनियों में पेटीएम के ग्राहकों को लुभाने की मची होड़

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा पेटीएम पेमेंट्स बैंक के कामकाज पर रोक लगाए जाने की घोषणा के एक पखवाड़े बाद केंद्रीय बैंक ने पिछले हफ्ते अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों की सूची जारी कर डिजिटल भुगतान प्लेटफॉर्म को लेकर असमंजस दूर करने का प्रयास किया था। इसके बावजूद प्रतिस्पर्धी कंपनियों द्वारा व्यापारियों को लुभाने की होड़ लगी है। गूगल पे, फोनपे, एचडीएफसी और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) भी किराना दुकानदारों और खुदरा विक्रेताओं सहित व्यापारियों को अपनी प्रौद्योगिकी, उत्पाद और सेवाओं को अपनाने के लिए आकर्षित करने की खातिर खूब प्रचार-प्रसार कर रहे हैं।




कोलकाता के चर्चित बाजार न्यू मार्केट के एक रिटेलर ने कहा कि एसबीआई पेटीएम संकट के बाद से ही अपनी पॉइंट ऑफ सेल (पीओएस) मशीनों को अपनाने के लिए जोर दे रहा है। न्यू मार्केट में कई रिटेल स्टोर हैं, जहां कपड़ों से लेकर कॉस्मेटिक्स और खाने-पीने की वस्तुओं की बिक्री होती है। ऐसे में डिजिटल भुगतान प्रदाता और बैंक यहां के व्यापारियों को अपने साथ जोड़ने का प्रयास कर रहे हैं। ऐसा केवल कोलकाता में ही नहीं बल्कि देश के सभी हिस्सों में पेटीएम के प्रतिस्पर्धी व्यापारियों को आकर्षित करने में लगे हैं।

दिल्ली के एक दुकानदार ने कहा, 'पिछले हफ्ते फोनपे का एक सेल्स एक्जीक्यूटिव मेरी दुकान पर आया था और बताया कि पेटीएम की सेवाएं आगे उपलब्ध नहीं होंगी और उन्होंने मुझे इसे बदलने की सलाह दी थी।' दिल्ली के एक दुकानदार ने अभी दूसरे प्लेटफॉर्म पर जाने का मन नहीं बनाया है क्योंकि पेटीएम ऐप के साथ ही साउंडबॉक्स पर संदेश आ रहे हैं कि पेटीएम की सेवाएं पहले की तरह जारी रहेंगी। पुणे में मोबाइल फोन स्टोर चलाने वाले सतीश सालुंके के पास पेटीएम पेमेंट्स बैंक से जुड़ा पेटीएम साउंडबॉक्स है। उन्होंने कहा कि फोनपे के एक सेल्स अधिकारी ने नया क्यूआर लेने के लिए उनसे संपर्क किया था।

उन्होंने कहा, 'आरबीआई की पाबंदियां और पिछले हफ्ते जारी अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों की सूची के बाद मुझे नया अकाउंट खोलना होगा और शेष राशि को उसमें हस्तांतरित कर नई मशीन लेनी होगी। अकाउंट हस्तांतरण के बारे में जानकारी के लिए मैं पेटीएम से संपर्क करने की कोशिश कर रहा हूं मगर उसका हेल्पलाइन नंबर हमेशा व्यस्त आ रहा है।' उन्होंने कहा, 'अगर समस्या इसी तरह बनी रही तो मजबूरी में मुझे दूसरा प्लेटफॉर्म अपनाना होगा।' आरबीआई द्वारा जारी अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों की सूची से पेटीएम को लेकर स्थिति काफी हद तक साफ हुई है। नियामक ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक को जमा और भुगतान लेनदेन करने की मोहलत 15 मार्च तक बढ़ा दी है। इसमें स्पष्ट किया गया है कि व्यापारी 15 मार्च के बाद भी पेटीएम क्यूआर कोड, साउंडबॉक्स या पीओएस टर्मिनल का उपयोग कर पाएंगे, अगर भुगतान किसी अन्य बैंक के खाते में लिया जाता है लेकिन पेटीएम पेमेंट्स बैंक से जुड़े क्यूआर कोड, पीओएस और साउंडबॉक्स 15 मार्च के बाद काम नहीं करेंगे। व्यापारियों ने कहा कि स्पष्टीकरण से निर्णय लेने में मदद मिलेगी।

## आरबीआई और ईडी के एक्शन के बाद पेटीएम को एक और बड़ा झटका


**नई दिल्ली, एजेंसी।** पेटीएम की परेशानी खत्म होती नहीं दिख रही हैं। आरबीआई और ईडी के सख्त एक्शन के बाद अब कंपनी के लिए एक और नकारात्मक खबर आई है। जेफरीज इंडिया ने पेटीएम की रेटिंग को खत्म कर दिया है। कंपनी का कहना है कि पेटीएम से जुड़ी खबरों के 'स्थिर' होने तक जेफरीज अपने फैसले पर बरकरार रहेगी।

इसी के साथ जेफरीज फाइनेंशियल ग्रुप इंक, पेटीएम-ऑपरेटर वन 97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड पर कवरेज छोड़ने वाली पहली प्रमुख विदेशी ब्रोकरेज कंपनी बन गई है। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा पिछले महीने पेटीएम पेमेंट्स बैंक के खिलाफ किए गए एक्शन के बाद से कंपनी की साख पर भी काफी नकारात्मक असर पड़ा है। आरबीआई के एक्शन के कुछ हफ्ते बाद ही निवेश बैंक ने पेटीएम के स्टॉक को ÷नॉट रेटेड÷ घोषित किया है। वहीं पेटीएम के बिजनेस मॉडल को लेकर भी चिंता जाहिर की है और अब ख्नड्ड25श्च के रेवेन्यू में सालाना आधार पर 28 प्रतिशत की गिरावट देखती है।

जेफरीज ने अपने नोट में कहा कि हम, यूजर/मर्चेंट रिटेंशन, रेवेन्यू ट्रैक्शन और कॉस्ट कंट्रोल्स से पैदा होने वाले सकारात्मक और नकारात्मक जोखिम देख रहे हैं। मर्चेंट/यूजर एट्रीशन 10-30 प्रतिशत तक रहने और और कुल रेवेन्यू को 20-45 प्रतिशत का झटका लगने के आधार पर वैल्यूएशन काफी अलग हो सकती है।

# एफपीआई ने फरवरी में अबतक शेयरों से 3,776 करोड़ रुपए निकाले

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिकी में बॉन्ड पर प्रतिफल बढ़ने और घरेलू तथा वैश्विक मोर्चे पर ब्याज दर को लेकर अनिश्चितता के बीच विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इस महीने अबतक भारतीय शेयर बाजारों से 3,776 करोड़ रुपए निकाले हैं। डिपॉजिटरी के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। हालांकि, विदेशी निवेशक ऋण या बॉन्ड बाजार को लेकर उत्साहित हैं और समीक्षाधीन अवधि में उन्होंने बॉन्ड बाजार में 16,560 करोड़ रुपए डाले हैं।



आंकड़ों के अनुसार, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने इस महीने अबतक (16 फरवरी तक) शेयर बाजारों से शुद्ध रूप से 3,776 करोड़ रुपए की निकासी की है। इससे पहले उन्होंने जनवरी में शेयरों से 25,743 करोड़ रुपए निकाले थे। इसके साथ, इस साल उनकी कुल निकासी 29,519 करोड़ रुपए तक पहुंच चुकी है। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा, ''अपेक्षा से अधिक उपभोक्ता मुद्रास्फीति के कारण अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल बढ़ा है जिससे एफपीआई लगातार बिकवाल बने हुए हैं।

मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के एसोसिएट निदेशक-प्रबंधक शोध हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा कि इसके अलावा, ताजा बिकवाली की वजह घरेलू और वैश्विक स्तर पर ब्याज दर को लेकर अनिश्चितता भी है। आंकड़ों के मुताबिक, इससे पहले जनवरी में एफपीआई ने बॉन्ड बाजार में शुद्ध रूप से 19,836 करोड़ रुपए डाले थे। दिसंबर में उन्होंने 18,302 करोड़ रुपए, नवंबर में 14,860 करोड़ रुपए और अक्टूबर में 6,381 करोड़ रुपए का शुद्ध निवेश किया था। सितंबर 2023 में, जेपी मॉर्गन चेज़ एंड कंपनी ने घोषणा की थी कि वह जून, 2024 से अपने बेंचमार्क उभरते बाजार सूचकांक में भारत सरकार के बॉन्ड को शामिल करेगी। इस कदम ने पिछले कुछ महीनों में देश के बॉन्ड बाजारों में प्रवाह बढ़ा है। कुल मिलाकर, 2023 के लिए कुल एफपीआई प्रवाह शेयरों में 1.71 लाख करोड़ रुपए और ऋण बाजारों में 68,663 करोड़ रुपए रहा। कुल मिलाकर पूंजी बाजार में उनका निवेश 2.4 लाख करोड़ रुपए रहा था।

# नवंबर में हवाई क्षेत्र में काफी पास आ गए थे इंडिगो के दो विमान, एएआईबी कर रहा घटना की जांच




**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडिगो के दो ए321नियो विमान पिछले साल 17 नवंबर को दिल्ली हवाई अड्डे से प्रस्थान करने के तुरंत बाद हवाई क्षेत्र में खतरनाक तरीके से एक-दूसरे के करीब आ गए थे। इनमें से एक रायपुर और दूसरा हैदराबाद जा रहा था। विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) वर्तमान में इस 'गंभीर घटना' की जांच कर रहा है। घटना से जुड़ी एएआईबी की प्रारंभिक रिपोर्ट में कहा गया है कि निकटतम लंबवत दूरी (400 फुट) के समय पार्श्व दूरी 1.2 समुद्री मील (दो विमानों के बीच) थी। निकटतम पार्श्व दूरी (0.2 समुद्री मील) के समय लंबवत दूरी 800 फुट थी।

नियमों के अनुसार हवा में विमानों को कम से कम 1,000 फुट की लंबवत दूरी और उनके बीच कम से कम पांच समुद्री मील की पार्श्व दूरी बनाए रखनी चाहिए। इस घटना में शामिल पायलटों के खिलाफ कोई कार्रवाई की गई या नहीं, इस संबंध में इंडिगो ने कोई जवाब नहीं दिया।

एएआईबी की रिपोर्ट में इस घटना का विवरण दिया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इंडिगो का एक विमान ए321नियो विमान (पंजीकरण संख्या वीटी-आईयूओ), जो हैदराबाद जा रहा था, 17 नवंबर को दोपहर 12.31 बजे दिल्ली हवाई अड्डे के रनवे 27 से रवाना हुआ था। हवाई यातायात नियंत्रक ने इस विमान के पायलटों को अनुसरण करने के लिए एक विशिष्ट मार्ग दिया और उन्हें 8,000 फुट की ऊंचाई पर जाने के लिए कहा लेकिन पायलट हवाई यातायात नियंत्रक द्वारा दिए गए विशिष्ट मार्ग का अनुसरण करने के बजाय दूसरे रनवे (29आर) के उड़ान भरने के मार्ग की तरफ बाईं ओर मुड़ गए। उसी समय रायपुर जाने वाले इंडिगो के दूसरे विमान ए321नियो (पंजीकरण संख्या वीटी-आईएसओ) के पायलटों को हवाई यातायात नियंत्रक से रनवे 29आर से प्रस्थान करने की मंजूरी और विशिष्ट मार्ग (पहले वाले विमान के पायलटों को दिए गए मार्ग से अलग) दे दिया गया।

## हाइब्रिड म्युचुअल फंड का जलवा, जनवरी में आया 20,634 करोड़ रुपए का निवेश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** हाइब्रिड म्यूचुअल फंड योजनाएं निवेशकों के बीच लोकप्रिय हो रही हैं। इन योजनाओं ने जनवरी, 2024 में 20,634 करोड़ रुपए जुटाए। यह राशि इससे पिछले महीने के मुकाबले 37 प्रतिशत अधिक है। ऋण या बॉन्ड फंड के लिए कराधान कानूनों में बदलाव के बाद वैकल्पिक निवेश विकल्प के रूप में हाइब्रिड म्यूचुअल फंड योजनाएं निवेशकों का ध्यान खींच रही हैं। इन योजनाओं में चालू वित्त वर्ष 2023-24 में अप्रैल-जनवरी के दौरान कुल 1.21 लाख करोड़ रुपए निवेश किए गए।




पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के दौरान हाइब्रिड योजनाओं से शुद्ध निकासी हुई थी। हाइब्रिड म्यूचुअल फंड योजनाएं आमतौर पर इक्विटी और ऋण प्रतिभूतियों में और कभी-कभी सोने जैसी अन्य परिसंपत्तियों में निवेश करती हैं। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के ताजा आंकड़ों के अनुसार, हाइब्रिड योजनाओं में जनवरी में 20,637 करोड़ रुपए का निवेश किया गया, जो दिसंबर, 2023 के 15,009 करोड़ रुपए से अधिक है। समीक्षाधीन महीने के दौरान हाइब्रिड फंड की दो श्रेणियां, जिन्होंने सबसे अधिक निवेश आकर्षित किया, वे हैं आर्बिट्राज फंड और मल्टी-एसेट अलोकेशन फंड।

## क्यूएमएस उल्लेखनीय वार्षिक वृद्धि के साथ प्रगति के पथ पर

**मुंबई,** क्यूएमएस एलाइड सर्विसेस लिमिटेड, मेडिकल प्रोडक्ट्स के विस्तृत रेंज की मार्केटिंग और वितरण में प्रवृत्त होने के साथ पेटेंट सर्विसेस प्रोग्राम्स पर जोर देने वाली, ने वित्त वर्ष 24 की तीसरी तिमाही और 9 महीने के अपने अनऑडिटेड वित्तीय परिणाम की घोषणा की है.प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए, चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर, श्री महेश मखीजा ने कहा, ÷पिछले 9 महीने के हमारे प्रदर्शन का मूल्यांकन करने पर हम सहर्ष घोषणा करते हैं कि हम एक सकारात्मक दौर में है. समर्पित प्रयासों और हमारे बिजनेस वर्टिकल्स विशेष रूप से पूर्व के वित्त वर्षों में पेशेंट सर्विसेस प्रोग्राम्स और क्यू डिवाइसेज में निवेश और समर्पित प्रयासों का अब बेहतर परिणाम प्राप्त हो रहा है, जो हमारे प्रभावशाली वृद्धि को रेखांकित करता है साथ ही हमारी दृढ़ प्रतिबद्धता की कसौटी के रूप में भी खड़ा है.इन व्यूहात्मक पहल से ना सिर्फ हमारी वर्तमान स्थिति मजबूत हुई है बल्कि वित्त वर्ष 24 की शेष अवधि और उससे आगे के लिए भी हमें उल्लेखनीय बढ़ावा मिला है।

## जेईई–मेन 2024 सेशन 1 के परिणाम में लहराया आकाश बायजूस छिंदवाड़ा का परचम

**छिंदवाड़ा, एजेंसी।** आकाश बायजूस ने छिंदवाड़ा से अपने 6 स्टूडेंट्स की उल्लेखनीय उपलब्धि की घोषणा करते हुए गर्व महसूस किया, जिन्होंने ज्वाइंट एंट्रेस एग्जाम (जेईई) मेन 2024 के पहले सत्र में 90 परसेंटाइल से ऊपर स्कोर किया है। वहीं मोहित हरजनी 99.49 परसेंटाइल के साथ टॉप स्कोरर रहे। मोहित को फिजिक्स में 100 परसेंटाइल मिले। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने मंगलवार को परिणाम घोषित किए थे।

# मुकेश अग्रवाल के निवेश वाली कंपनी को मिले 52 करोड़ के ऑर्डर तो दो फीसदी उछले शेयर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शेयर बाजार के दिग्गज निवेशक मुकुल अग्रवाल के निवेश वाली एक कंपनी के शेयर में शुक्रवार को अच्छी तेजी दर्ज की गई थी. मुकुल अग्रवाल के निवेश वाली कंपनी को हाल में ही स्टील पाइप के लिए इंडियन ऑयल से 52.12 करोड रुपए का एक आर्डर मिला है. करीब 7051 करोड रुपए के मार्केट कैप वाली सूर्य रोशनी लिमिटेड के शेयर 657 रुपए के लेवल को छू गए थे. शेयर बाजार को दी गई जानकारी में सूर्य रोशनी लिमिटेड ने बताया है कि उसे ईआरडबल्यू एपीआई कास्ट पाइप का 52.5 करोड रुपए का एक आर्डर मिला है.



देश की दिग्गज ऑयल मार्केटिंग कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड से सूर्य रोशनी लिमिटेड को यह आर्डर मिला है. मुकेश अग्रवाल के निवेश वाली सूर्य रोशनी लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में रेवेन्यू एक फीसदी बढ़कर 1938 करोड रुपए पर रहा है जबकि नेट प्रॉफिट 17 फीसदी बढ़कर 121 करोड रुपए पर पहुंच गया है.

शेयर बाजार के दिग्गज निवेशक मुकुल अग्रवाल के पास सूर्या रोशनी लिमिटेड में दिसंबर 2023 तिमाही में 15 लाख शेयर या 1.38 फीसदी हिस्सेदारी थी. चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में सूर्य रोशनी के कंज्यूमर लाइटिंग बिजनेस में एक अंक में वृद्धि दर्ज की गई है जबकि कंज्यूमर ड्यूरेबल और अप्लायंस सेगमेंट की ग्रोथ मामूली रही है. कंपनी का एबिटडा मार्जिन 9.33त्न पर रहा है. सूर्य रोशनी लिमिटेड के पास 600 करोड रुपए का ऑर्डर बुक है और कंपनी ऑयल ऐंड गैस सेक्टर के साथ एक्सपोर्ट बिजनेस में भी अच्छा प्रदर्शन कर रही है. कंपनी आंध्र प्रदेश के हिंदूपुर में 75 करोड रुपए के निवेश से एक एक्सपेंशन प्रोजेक्ट बना रही है. सूर्य रोशनी लिमिटेड ईआरडबल्यू पाइप्स की देश की सबसे बड़ी निर्यातक कंपनी है।

## कोटक महिंद्रा बैंक अगले दो सालों में मध्य प्रदेश में एसएमई लोन बुक और ग्राहकों की संख्या को करेगा दोगुना

**मुंबई।** भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था विभिन्न क्षेत्रों में वृद्धि को बढ़ावा दे रही है। इसमें एसएमई एक महत्वपूर्ण प्रेरक शक्ति के रूप में उभर रहे हैं। मध्य प्रदेश अपनी जीवंत अर्थव्यवस्था और कई व्यवसायों एवं उद्योगों जैसे ऑटो एंशिएलरी, कृषि, खाद्य प्रसंस्करण, प्लास्टिक और प्लास्टिक उत्पाद, बुनियादी ढांचे, थोक व्यापार और फार्मास्यूटिकल्स के केंद्र के रूप में प्रसिद्ध है। अब इस राज्य में कोटक महिंद्रा बैंकभी अपना विस्तार करने पर फोकस कर रहा है। उद्यमशीलता की भावना पर निरंतर ध्यान देने के साथ, बैंक ने पिछले 2 सालों में मध्य प्रदेश में अपने ग्राहकों की संख्या को दोगुना कर लिया है। ये कारोबारियों और उद्यमियों के बीच बैंक के प्रति बढ़ते विश्वास का संकेत है।कोटक महिंद्रा बैंक के लिए, मध्य प्रदेश सबसे ज्यादा डिजिटल सेवी राज्यों में से एक है, राज्य में डिजिटल तकनीक को अपनाने की दर 81% है जो राष्ट्रीय औसत 76त्न से अधिक है।

# सनराइज एफिशिएंट मार्केटिंग लिमिटेड, बोनस पर विचार करेंगे

SUNRISE EFFICIENT MARKETING LTD
ISO 9001 - 2015
ENERGY EFFICIENT PEOPLE

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पावर ट्रांसमिशन उत्पाद, एलईडी लाइटिंग फिटिंग, स्नेहक और ऑटोमेशन उत्पाद आपूर्तिकर्ता बीएसई सूचीबद्ध सनराइज एफिशिएंट मार्केटिंग लिमिटेड (स्क्रिप कोड एसईएमएल / 543515) बोर्ड 27 फरवरी 2024 को सुबह 11 बजे शेयर धारकों को बोनस शेयरों के आवंटन और अन्य मामलों पर विचार करेगा। इस बैठक की घोषणा कर दी गई है.

बोर्ड बैठक में कंपनी की अधिकृत पूंजी में बढ़ोतरी पर विचार करने और मंजूरी देने पर बोर्ड चर्चा करेगा. सदस्यों के अनुमोदन के अधीन कंपनी के इक्विटी शेयरधारकों को बोनस शेयर जारी करने की मंजूरी देना, कंपनी की विशेष आम बैठक की तारीख, समय और स्थान तय करना और विशेष आम बैठक की मसौदा सूचना को मंजूरी देना। मतदान के उद्देश्य और बुक क्लोजर डेट और बोनस इश्यू के लिए कट-ऑफ डेट आदि मुद्दों पर चर्चा के लिए आएंगे विशेष आम बैठक में मतदान के प्रयोजन से तथा अध्यक्ष की अनुमति से किसी अन्य मामले के लिए संवीक्षक मेसर्स धीरेन आर. डेव एंड कंपनी, कंपनी के प्रैक्टिसिंग कंपनी सचिवों की नियुक्ति। कंपनी, उचित समय पर, बोनस शेयर प्राप्त करने के हकदार शेयरधारकों को निर्धारित करने के लिए ÷रिकॉर्ड तिथि÷ अधिसूचित करेगी।

सनराइज एफिशिएंट मार्केटिंग लिमिटेड को पहले सनराइज मार्केटिंग के नाम से जाना जाता था और इसकी स्थापना वर्ष 2002 में हुई थी। कंपनी ने रणनीतिक रूप से अपने बुनियादी ढांचे का विस्तार किया है, नई व्यावसायिक लाइनें जोड़ी हैं, नई जगहें जोड़ने के लिए विभिन्न उद्योग जगत के नेताओं के साथ साझेदारी की है। इसका उद्देश्य ग्राहकों को नवीनतम तकनीक का उपयोग करके उच्च गुणवत्ता वाले और ऊर्जा-कुशल उत्पाद और स्वचालन समाधान प्रदान करना है। इसने ग्राहक उन्मुख दृष्टिकोण और कार्य नीति की मदद से लगातार विकास और प्रतिष्ठित ग्राहक वर्ग हासिल किया है। हमारी प्रतिष्ठा इसकी प्रतिबद्धता, सेवा और ग्राहक संतुष्टि पर बनी है। हम विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों के लिए भारत के अग्रणी स्टॉकिस्ट/डीलर/चैनल साझेदारों में से हैं।हमारी मजबूत प्रणाली समय पर और सिंगल-स्ट्रोक डिलीवरी है। हम सभी प्रकार के ढ्ढश्व 2 और ढ्ढश्व 3 ग्रेड इंडक्शन मोटर्स, पावर ट्रांसमिशन उत्पादों जैसे वर्म और हेलिकल गियर बॉक्स, एलईडी लाइटिंग फिटिंग, हाइड्रोलिक तेल, गियर तेल और सभी प्रकार के थर्मल तरल पदार्थों का एक बड़ा स्टॉक रखते हैं। डिलीवरी प्रतिबद्धताओं को पूरा करने के लिए औद्योगिक पंप, रासायनिक पंप। हमने हाल ही में सभी प्रकार के समाधान पेश करने वाला एक ड्राइव और ऑटोमेशन डिवीजन लॉन्च किया है। हैं कंपनी मशीनों का अधिकतम उपयोग करने के लिए मशीनों को स्वचालन उत्पादों के साथ परिवर्तित और अद्यतन कर रही है। हमने निर्माता की जरूरतों को पूरा करने के लिए बड़ा स्टॉक रखना शुरू कर दिया है।

हमारा लक्ष्य संबंधित उद्योगों में मूल उपकरण निर्माताओं और अंतिम उपयोगकर्ताओं के लिए प्रतिष्ठित ब्रांडों का अग्रणी आपूर्तिकर्ता बनना है। हमारा लक्ष्य अपने पर्यावरण संबंधी लक्ष्यों को हमेशा ध्यान में रखते हुए अपने ग्राहकों को नवीनतम तकनीकों और मूल्यवर्धित समाधानों की पेशकश करके उनका पसंदीदा भागीदार बनना है।

# भारत ने कैसे निकाली बैजबॉल की हवा

## पहले टेस्ट से सबक लिया और फ्लैट पिचें बनवाकर इंग्लिश गेंदबाजों को बेअसर किया




**राजकोट (एजेंसी)।** भारत में बेअसर रहेगा बैजबॉल...। भारतीय क्रिकेट विशेषज्ञों की यह भविष्यवाणी अब सही हो रही है। राजकोट में भारत की रन के लिहाज से सबसे बड़ी टेस्ट जीत (434 रन) ने इस बात की गवाही भी दे दी है। इस जीत से टीम इंडिया ने इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों की सीरीज में 2-1 की बढ़त हासिल कर ली है। चौथा मुकाबला रांची में 23 से 27 फरवरी के बीच खेला जाएगा। भारतीय प्लेयर्स ने पिछले 20 महीनों में इंग्लैंड को चमकाने वाले 'बैजबॉल' की हवा कैसे निकाली।

**फ्लैट पिचें बनवाईं और इंग्लिश स्पिनर्स बेअसर** – इंग्लैंड ने पहला मुकाबला 28 रनों से जीता और सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली। हैदराबाद में खेले गए इस मुकाबले में इंग्लिश स्पिनर्स ने 18 विकेट निकाले। डेब्यू कर रहे टॉम हार्टले ने कुल 9 विकेट चटकाए। उन्होंने पहली पारी में 2 और दूसरी पारी में 7 बल्लेबाजों को आउट किया। जो रूट को 5, जैक लीच और रेहान अहमद को 2-2 विकेट मिले।

ऐसे में भारत के टीम मैनेजमेंट ने विशाखापट्?टनम और राजकोट टेस्ट के लिए फ्लैट पिचें बनवाईं। बल्लेबाजी के अनुकूल बनाई गई फ्लैट पिचों पर इंग्लैंड के अनुभवहीन स्पिनर्स बेअसर हो गए। नतीजा यह रहा कि भारत ने दूसरा टेस्ट 106 और तीसरा टेस्ट 434 रनों से जीता।

### युवाओं की बल्लेबाजी ; यशस्वी और सरफराज ने स्वीप शॉट खेले

सीरीज में भारतीय टीम ने रजत पाटीदार, सरफराज खान और ध्रुव जुरेल जैसे युवा बल्लेबाजों को डेब्यू कराया। इससे मिडिल ऑर्डर में मजबूती आई। टॉप ऑर्डर में यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल पहले से मौजूद थे। इन युवाओं ने स्वीप और रिवर्स स्वीप शॉट खेले, जिससे इंग्लैंड की गेंदबाजी कमजोर हुई। सीरीज की 6 पारियों में यशस्वी जायसवाल 109 के औसत से 545 रन बना चुके हैं। गिल ने भी एक शतक और एक अर्धशतक के दम पर 252 रन बनाए।

### भारतीय तेज गेंदबाजों की रिवर्स स्विंग

दूसरे और तीसरे टेस्ट में भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज ने रिवर्स स्विंग का प्रयोग किया। इसका दोनों को फायदा भी मिला। वे सीरीज के टॉप विकेटटेकर हैं। बुमराह के नाम 3 मैचों में 17 विकेट हैं। उन्होंने दूसरे टेस्ट में कुल 9 विकेट लेकर भारत को जीत दिलाई। पहले टेस्ट में बुमराह के नाम 6 विकेट रहे। बुमराह के अलावा, सिराज ने 4 विकेट हासिल किए। सिराज को चारों सफलताएं राजकोट टेस्ट में मिलीं।

# बुमराह को चौथे टेस्ट से मिल सकता है आराम

## रिपोर्ट में दावा- आखिरी मैच खेलना और न खेलना रांची की जीत-हार पर निर्भर करेगा




| विकेट | मैच | इकोनॉमी | बेस्ट |
|---|---|---|---|
| 17 | 3 | 2.87 | 6/45 |

**धर्मशाला (एजेंसी)।** तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को भारत और इंग्लैंड के बीच चल रही टेस्ट सीरीज के चौथे मुकाबले से आराम दिया जा सकता है।

यह दावा क्रिकेट वेबसाइट ने किया है। वेबसाइट ने एक रिपोर्ट में लिखा कि बुमराह धर्मशाला में पांचवां और अंतिम टेस्ट खेलेंगे या नहीं, इसका फैसला बाद में होगा और यह 23 फरवरी से शुरू होने वाले चौथे टेस्ट के नतीजे पर निर्भर करेगा। 30 साल के बुमराह इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में टॉप विकेटटेकर हैं। वे तीन मैचों में सबसे ज्यादा 17 विकेट ले चुके हैं। रिपोर्ट में बताया गया कि टीम इंडिया मंगलवार 20 फरवरी को राजकोट से रांची के लिए उड़ान भरेगी और बुमराह के टीम के साथ यात्रा करने की संभावना नहीं है। वे सोमवार को राजकोट से अहमदाबाद जा सकते हैं। किसी और खिलाड़ी के अगला टेस्ट नहीं खेलने की कोई सूचना नहीं है। हालांकि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) का कोई अधिकृत बयान नहीं आया है।

### बुमराह को आराम क्यों दिया गया

वर्कलोड मैनेजमेंट के तहत बुमराह को आराम देकर आखिरी टेस्ट में तरोताजा रखना है। बुमराह इस सीरीज के तीन मुकाबलों में 17 विकेट लिए हैं। वे तीन मैचों में 80.5 ओवर गेंदबाजी कर चुके हैं। ऐसे में सिलेक्टर्स को लगता है कि उन्हें आराम की जरूरत है।

### सिराज को दूसरे टेस्ट में ब्रेक दिया था

बुमराह की जगह तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को तीसरे मुकाबले में मौका मिल सकता है। उन्हें दूसरे टेस्ट में रेस्ट दिया गया था। वे सीरीज के आखिरी 2 टेस्ट में भारतीय आक्रमण को लीड करेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### अनुष्का सेन ने धोनी के साथ भावुक रिश्ते पर किया चौकाने वाला खुलासा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ग्लोबल पर्सनेलिटी और अभिनेत्री अनुष्का सेन ने भारत के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के साथ अपने रिश्ते के बारे में खुलासा किया है। 21 साल की अनुष्का बीते दिनों ही अपना पहला घर खरीदने के कारण चर्चा में आई थी। रांची की रहने वाली यह मॉडल 'ह्यूमन्स ऑफ बॉम्बे' पॉडकास्ट पर दिखाई दीं, जहां उन्होंने खुलासा किया कि वह धोनी के साथ एक करीबी रिश्ता साझा करती हैं और उन्हें अपना सबसे अच्छा रिलेशनशिप गुरु बताया।

सेन ने खुलासा किया कि वह एक विज्ञापन शूट के दौरान सीएसके ) के कप्तान से मिलीं और रांची से जुड़ गईं। उन्होंने कहा कि ईमानदारी से कहूं तो यह अभी भी एक सपने जैसा लगता है। उनके बारे में सबसे अच्छी बात यह है कि वह सभी के साथ समान आदर के साथ व्यवहार करते हैं। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप कैमरे के पीछे काम कर रहे हैं या अभिनेता हैं।

अनुष्का ने कहा कि मुझे सेट पर पहला दिन याद है। सहायक निर्देशक ने कहा कि क्या आप माही से मिलना चाहते हैं? मुझे ऐसा लगता है हां, यही तो मैं चाहती हूं। वह मेरा पसंदीदा क्रिकेटर है। वह मेरा पसंदीदा व्यक्ति है। हां, मुझे उससे मिलना है। मैं गई और उनसे मिली। उन्होंने कहा- आप कहां से हैं? मैं रांची से हूं। आप भी रांची से हैं न? इसने हमें एक बंधन में बांध दिया।

21 वर्षीया ने कहा कि वे दोनों साल में एक बार मिलते हैं, जहां वह बहुत सारी बातें शेयर करते हैं और जीवन के मुद्दों पर चर्चा करते हैं। उन्होंने यह भी खुलासा किया कि माही ने उन्हें सावधानी से डेट करने के लिए कहा था। उन्होंने मुझे कुछ टिप्स भी दिए।

# यशस्वी बोले- भारत में ट्रेन-बस में चढ़ना भी चैलेंज

## यहीं से चुनौतियों का सामना करना सीखा, टेस्ट क्रिकेट में बेस्ट देना चाहता हूं



**राजकोट (एजेंसी)।** टीम इंडिया ने राजकोट टेस्ट में रविवार को 434 रन से जीत हासिल कर ली है। 557 रन के टारगेट के सामने इंग्लैंड टीम चौथी पारी में 122 रन ही बना सकी। यशस्वी जायसवाल के दोहरे शतक की वजह से भारतीय टीम इंग्लैंड को 557 रन का टारगेट देने में सफल रही। जायसवाल ने 214 रन की पारी में 12 सिक्स लगाए। मैच के बाद यशस्वी ने कहा- मैं टेस्ट क्रिकेट में अपना बेस्ट देना चाहता हूं। मैंने बचपन से ही मेहनत करना सीखा है। भारत में बस, ट्रेन या ऑटो में चढ़ने के लिए भी कड़ी मेहनत करनी पड़ती है। मेरे बचपन से ही यही स्थिति रही है, जिसने मुझे चुनौतियों से लड़ने की आदत डाल दी है।

**रोहित-जडेजा से बहुत कुछ सीखा** – यशस्वी ने कहा- मैं खुद से कहता हूं कि जब मैं सेट हो जाऊं तो अच्छा स्कोर करूं, क्योंकि आप कभी भी आउट हो सकते हैं। सीनियर प्लेयर रोहित शर्मा और रवींद्र जडेजा से मैंने बहुत कुछ सीखा है। रोहित और जडेजा से प्रेरित होकर, मैं सेशन दर सेशन खेलता हूं। डगआउट में मैंने टेस्ट क्रिकेट में अपना 100त्र देने का फैसला किया। जब भी मुझे टेस्ट क्रिकेट में मौका मिलता है तो मेरा टारगेट बेस्ट प्रदर्शन करना होता है। अच्छे फॉर्म का फायदा उठाना और उसे महत्वपूर्ण उपलब्धियों में बदलना जरूरी है।

### टेस्ट क्रिकेट में 5 दिन बने रहना जरूरी - रोहित

भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने मैच के बाद कहा- जब आप टेस्ट क्रिकेट खेलते हैं तो आप इसे दो या तीन दिन में नहीं खेलते। आपको पांच दिन तक गेम में बने रहना है। हम तीसरे दिन अपनी योजनाओं पर अड़े रहे और जब ये चीजें हुईं, तो इस खेल के लिए नंबर 5 पर जडेजा का होना खुशी की बात है, हमने सोचा कि उनके पास इस फॉर्मेट में बहुत अनुभव है, और उन्होंने हाल ही में बहुत सारे रन बनाए हैं। हम साथ ही लेफ्ट-राइट बैटिंग भी चाहते थे। हम जानते हैं कि भारत में बोर्ड पर रन महत्वपूर्ण हैं। हमारे लिए बढ़त भी अहम थी, लेकिन गेंदबाजों ने काफी जज्बा दिखाया और इंग्लैंड के बैटिंग ऑर्डर को टक्कर दी। हम यह नहीं भूल सकते कि हमारे पास अपना सबसे अनुभवी गेंदबाज (अश्विन) भी नहीं था।

# बेन स्टोक्स बोले- अंपायर्स कॉल को हटा देना चाहिए

## डीआरएश पर क्रॉले के आउट पर कहा- हम थर्ड अंपायर के फैसले से आश्चर्यचकित थे



**राजकोट (एजेंसी)।** भारत के खिलाफ तीसरे टेस्ट में हार के बाद इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने डिसीजन रिव्यू सिस्टम (डीआरएस) से अंपायर्स कॉल हटाने की मांग की है। स्टोक्स तीसरे टेस्ट की दूसरी पारी में जैक क्रॉले को एलबीडब्ल्यू आउट दिए जाने के फैसले से निराश थे। इसी वजह से उन्होंने डीआरएस नियम में बदलाव की मांग की है। राजकोट में खेले गए इस मुकाबले को भारतीय टीम ने रिकॉर्ड 434 रनों से जीता और 5 मैचों की सीरीज में 2-1 की बढ़त बना ली है। चौथा मुकाबला रांची में 23 फरवरी से खेला जाएगा। मुझे लगता है कि अंपायर्स कॉल को हटा देना चाहिए मैच के बाद स्टोक्स और इंग्लैंड के कोच ब्रेंडन मैक्कुलम को मैच रेफरी जेफ क्रो से बातचीत करते देखा गया था। स्टोक्स ने कहा, रिप्ले में बॉल साफ तौर पर स्टंप से बाहर जा रही थी। ऐसे में जब अंपायर्स कॉल का फैसला आया तो हम थोड़ा आश्चर्यचकित थे। इसलिए हम हॉक-आई के लोगों से स्पष्टता चाहते थे। इस पर रेफरी ने कहा कि नंबरों के अनुसार बॉल स्टंप हिट कर ही थी, लेकिन प्रोजेक्शन गलत था। मैं इसका मतलब नहीं जानता। ऐसा नहीं है कि इसके लिए किसी को दोष दे रहा हूं। मुझे नहीं पता कि यह सब क्या चल रहा है?

स्टोक्स ने आगे कहा, मुझे लगता है कि अंपायर्स कॉल फैसले को हटा देना चाहिए। अगर गेंद स्टंप से टकरा रही है, तो आउट दे देना चाहिए।

**क्रॉले 11 रन बनाकर आउट हुए** – राजकोट टेस्ट में इंग्लैंड के ओपनर जैक क्रॉले एलबीडब्ल्यू हो गए थे। उन्हें जसप्रीत बुमराह ने 9वें ओवर की दूसरी बॉल पर पवेलियन भेजा। क्रॉले 26 बॉल पर 11 रन बना सके। जब क्रॉले 11 ही रन बनाकर खेल रहे थे, तब बुमराह की बॉल पर एलबीडब्ल्यू की जोरदार अपील हुई। फील्ड अंपायर कुमार धर्मसेना ने क्रॉली को आउट करार दिया था। इसके बाद इंग्लिश ओपनर ने छ्रूरू ले लिया, बॉल-ट्रैकिंग के दौरान दिखा गेंद लेग स्टंप को छूकर जा रही है। इसके बाद अंपायर्स कॉल के कारण उन्हें पवेलियन लौटना पड़ा, जिससे वो काफी नाराज दिखे।

# भारतीय क्रिकेटर फैज फजल ने लिया पेशेवर क्रिकेट से संन्यास



**नागपुर (एजेंसी)।** विदर्भ के पूर्व कप्तान और देश के लिए एकमात्र एकदिवसीय मैच खेलने वाले फैज फजल ने पेशेवर क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। फजल ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट इंस्टाग्राम की पोस्ट में लिखा, 'कल नागपुर के मैदान पर मैं अंतिम बार क्रिकेट खेलने उतरूंगा, जहां 21 वर्ष पहले मेरी प्रथम श्रेणी क्रिकेट की यात्रा शुरु हुई थी। यह एक कभी ना भूलने वाली याद है, जिसे मैं जिंदगी भर याद करता रहूंगा।

उन्होंने कहा, 'विदर्भ और भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करना और उन जर्सियों को पहनना मेरे लिए गौरव का विषय रहा है। मैं अपनी 24 नंबर की जर्सी को काफी मिस करूंगा। एक अध्याय के समाप्त होने पर दूसरा अध्याय आपका इंतजार कर रहा होता है। मैं देखता हूं जिंदगी आगे मुझे कैसे अवसर प्रदान करती है। उल्लेखनीय है कि फैजल ने जिम्बाब्वे के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था। उन्होंने भारत के लिए एकमात्र खेले गये एकदिवसीय मैच में अर्धशतक लगाया था। उन्होंने 17 दिसंबर 2003 को विदर्भ क्रिकेट ग्राउंड पर अपना पहला रणजी मैच खेला था।

रणजी ट्रॉफी पदार्पण मैच में फैज ने 151 रन बनाए थे। उन्होंने कुल 137 प्रथम श्रेणी, 113 रन लिस्ट ए मैच और 66 टी-20 मैच खेले है। उन्होंने 53 प्रथम श्रेणी, 36 लिस्ट ए और 27 टी-20 मुकाबलों में विदर्भ के लिए कप्तान की। वह विदर्भ की ओर से प्रथम श्रेणी और लिस्ट ए क्रिकेट दोनों में ही सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। वह विदर्भ की ओर से 100 से अधिक मैच खेलने वाले इकलौते खिलाड़ी भी हैं। उन्होंने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 24 शतक और 39 अर्धशतकों के साथ 9184 रन बनाये हैं। उन्होंने लिस्ट ए क्रिकेट में 67.91 की औसत से 3641 रन बनाए हैं।

# जय शाह ने किया साफ, देश के लिए खेलने से पहले घरेलू क्रिकेट में खुद को साबित करना होगा



**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) सचिव जय शाह ने केंद्रीय अनुबंधित भारतीय खिलाड़ियों से कहा है कि अगर वे देश के लिए खेलना चाहते हैं तो उन्हें घरेलू क्रिकेट में खुद को 'साबित' करना होगा। शाह ने इस सप्ताह की शुरुआत में खिलाड़ियों को लिखे एक पत्र में कहा कि बोर्ड को इंडियन प्रीमियर लीग की सफलता पर गर्व है लेकिन खिलाड़ियों की घरेलू क्रिकेट के स्थान पर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) को प्राथमिकता देने की 'प्रवृत्ति' हमारी चिंता का कारण है।

उन्होंने लिखा, 'कुछ खिलाड़ियों ने घरेलू क्रिकेट के स्थान पर आईपीएल को प्राथमिकता देनी शुरू दी है। यह एक प्रवृत्ति बनकर उभरने लगी है और यही हमारे लिए चिंता का कारण है। हमने इस तरह की चीजों की अपेक्षा कभी नहीं की थी। घरेलू क्रिकेट हमेशा वह आधार रहा है, जिस पर भारतीय क्रिकेट खड़ा है। हमने कभी भी इस टूर्नामेंट को कम महत्व देने का प्रयास नहीं किया है।

उन्होंने कहा, 'इस बात को समझना बहुत ही आवश्यक है कि घरेलू क्रिकेट भारतीय क्रिकेट की रीढ़ है। यह लगातार कई सालों से भारतीय टीम को नई प्रतिभाएं देता रहा है। भारतीय क्रिकेट के लिए हमारा दृष्टिकोण शुरू से ही स्पष्ट रहा है कि भारत के लिए खेलने के इच्छुक प्रत्येक क्रिकेटर को घरेलू क्रिकेट में खुद को साबित करना होगा। घरेलू टूर्नामेंट में किसी भी खिलाड़ी के द्वारा किए गए प्रदर्शन को चयन प्रक्रिया में काफी महत्व दिया जाता है। अगर कोई खिलाड़ी घरेलू क्रिकेट में भाग नहीं लेता है तो इसके गंभीर प्रभाव होंगे।

उन्होंने कहा, 'यह पत्र किसी भी खिलाड़ी आलोचना नहीं कर रहा है, बल्कि उन मूल्यों की याद दिलाता है जिन्होंने वर्षों से भारतीय क्रिकेट को दिशा दिखाई है। सामूहिक रूप से हम इस बात का ऐलान करते हैं कि हम कहीं से भी घरेलू क्रिकेट के महत्व को कम नहीं करना चाहते या फिर हम इसकी मूल संचरना को कमजोर नहीं करना चाहते। यह हमारी जिम्मेदारी है कि भारतीय क्रिकेट को नई ऊंचाइयों पर लेकर जाने के लिए हमें एक साथ मिल कर काम करना होगा।

उल्लेखनीय है कि हाल ही के दिनों में घरेलू क्रिकेट में हिस्सा नहीं लेने वाले इशान किशन, श्रेयस अय्यर और दीपक चाहर जैसे खिलाड़ियों को लेकर काफी चर्चा हो रही है। बीसीसीआई के अनुबंध के अनुसार श्रेयस अय्यर ग्रेड बी में हैं, वहीं इशान किशन ग्रेड सी में हैं।

# रणजी ट्रॉफी : रेलवे ने त्रिपुरा को हराकर रचा इतिहास

## लेकिन नॉक आउट में जगह बनाने में नाकाम




रणजी ट्रॉफी 2023-24 में रेलवे क्रिकेट टीम ने सोमवार,19 फरवरी को अगरतला के एमबीबी स्टेडियम में अपने अंतिम लीग मैच में त्रिपुरा को हराकर इतिहास रच दिया। रेलवे ने रणजी इतिहास का सबसे सफल रन चेज किया। हालांकि, फिर भी वह नॉकआउट स्टेज में जनग बनाने में नाकाम रही। रेलवे की टीम पहली पारी में विपक्षी टीम के 149 रनों के जवाब में 105 रनों पर ढेर हो गई थी। त्रिपुरा को 44 रनों की बढ़त मिली थी। घरेलू टीम ने दूसरी पारी में 333 रन बनाकर रेलवे के सामने 378 रन का लक्ष्य रखा। तीसरे दिन के सेकेंड हाफ में रेलवे ने लक्ष्य का पीछा करना शुरू किया। रेलवे की शुरुआत खराब रही। उसका शीर्ष क्रम लड़खड़ा गया और तीन विकेट पर 31 रन पर गिर गए। हालांकि, ओपनर बल्लेबाज प्रथम सिंह और मोहम्मद सैफ (106) ने चौथे विकेट के लिए 175 रन की साझेदारी की। इससे रेलवे को लक्ष्य का पीछा करने में मदद मिली।

**रेलवे ने सौराष्ट्र का रिकॉर्ड तोड़ दिया** –प्रथम ने 16 चौके और एक छक्के की मदद से नाबाद 169 रन बनाए। कप्तान उपेन्द्र यादव 27 रन बनाकर नाबाद रहे। रेलवे ने 103 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। रेलवे ने सौराष्ट्र का रिकॉर्ड तोड़ दिया। सौराष्ट्र की टीम 2019-20 में चैंपियन बनी थी। तब उसने उत्तर प्रदेश के खिलाफ 372 रन के लक्ष्य का पीछा किया था। 2008-09 सीजन में सर्विसेज के खिलाफ असम ने 370 रन का लक्ष्य हासिल किया था। वह सूची में तीसरे स्थान पर है।

**रेलवे के सात राउंड के बाद एलीट ग्रुप सी में 24 अंक** – रेलवे के सात राउंड के बाद एलीट ग्रुप सी में 24 अंक होंगे, लेकिन वह नॉकआउट में जगह बनाने से चूक जाएगा।

## 434 रन की रिकॉर्ड जीत पर रोहित शर्मा बोले-

# किसी भी पिच पर टेस्ट जीत सकता है भारत



**राजकोट (एजेंसी)।** कप्तान रोहित शर्मा ने रविवार को यहां सपाट पिच पर इंग्लैंड पर 434 रन की रिकॉर्ड जीत दर्ज करने के बाद कहा कि भारतीय टीम किसी भी पिच पर मैच जीतने की काबिलियत रखती है। भारत ने तीसरे टेस्ट के चौथे दिन रविवार को जीत के लिए 557 रन का लक्ष्य देकर इंग्लैंड को महज 122 रन पर समेटकर पांच मैच की श्रृंखला में 2-1 से बढ़त बना ली।

रोहित ने कहा, 'हमने इस तरह के विकेट पर पहले भी काफी मैच जीते हैं। टर्निंग पिच जहां गेंद टर्न लेती है, हमारी मजबूत बनी हुई हैं। इससे हमें संतुलन मिलता है। उन्होंने कहा, 'हमने कई वर्षों तक नतीजे दिए हैं और हम भविष्य में भी नतीजे हासिल करते रहेंगे। लेकिन हम कुछ निश्चित चीजों पर काबू नहीं रख सकते जैसे हम यह चर्चा नहीं करते कि हमें 'रैंक टर्नर पिच चाहिए या नहीं। हम मैच से दो दिन पहले स्थल पर आते हैं और वैसे भी हम दो दिन में क्या ही कर सकते हैं?

कप्तान ने कहा, 'क्यूरेटर फैसला करते हैं और पिच तैयार करते हैं। हमारे पास किसी भी विकेट पर खेलने और मैच जीतने की ताकत है। हमने जब दक्षिण अफ्रीका में केपटाउट में मैच जीता था तो हर कोई जानता था कि वो कैसा विकेट था। रोहित ने कहा कि भारतीय टीम ने सभी परिस्थितियों से निकलने का तरीका ढूंढ लिया है जो पहले तीन टेस्ट में देखा जा सकता है। उन्होंने कहा, 'पिछले तीन टेस्ट में, अलग अलग तरह की चुनौतियां थीं। पहले टेस्ट में हैदराबाद में गेंद स्पिन कर रही थी और पिच धीमी थी। विशाखापत्तनम में गेंद नीची रह रही थी। जैसे मैच आगे बढ़ा विकेट धीमा हो गया। यहां पहले दिन यह अच्छी रही।

रोहित ने कहा, 'आज हमने देखा कि गेंद टर्न ले रही थी और यह धीमी थी। यह पिचों की प्रकृति में होता है, हमें भारत में इस तरह की पिचें मिलती हैं। लेकिन अगर हमें 'रैंक टर्नर' मिलती हैं तो हम उन पर भी खेलेंगे।

## यूक्रेन के अवदिव्का शहर पर रूस का कब्जा

**मास्को, एजेंसी।**
रूसी रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगु ने कहा कि मास्को ने यूक्रेन के अवदिव्का शहर पर पूर्ण नियंत्रण कर लिया है। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि लेफ्टिनेंट जनरल एंड्री मोर्डविचेव के नेतृत्व में सैनिकों ने यह

### राष्ट्रपति पुतिन ने की सैनिकों की तारीफ



सफलता हासिल की है। अवदिव्का में यूक्रेनी झंडे को हटाकर रूसी झंडा लगा दिया गया है। मई 2023 में बखमुत शहर पर कब्जे के बाद अवदिव्का का पतन रूस के लिए बड़ी उपलब्धि है। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने इसे लेकर सैनिकों की जमकर तारीफ की है। रूसी रक्षा मंत्रालय की ओर से दावा किया गया है कि पिछले 24 घंटों में इस क्षेत्र में यूक्रेन ने 1,500 से अधिक सैनिक खोए हैं। अवदिव्का के पूर्ण नियंत्रण ने रूसी सैनिकों को डोनेट्स्क से अग्रिम पंक्ति को पीछे धकेलने में सफलता दिलाई है, जिससे सेना को यूक्रेनी हमलों से काफी हद तक सुरक्षा मिली है। यूक्रेनी सशस्त्र बल के कमांडर-इन-चीफ आलेक्जेंडर सि?र्स्की ने शनिवार को कहा कि अवदिव्का शहर से सैनिकों की वापसी का आदेश दिया गया है।इस बीच, रूसी रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा है कि शहर को पूरी तरह से खाली कराने और यूक्रेनी सैनिकों को रोकने के उपाय किए जा रहे हैं, जो अवदिव्का कोक और केमिकल प्लांट में जमे हुए हैं। रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि रूस ने लगभग 32 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र अपने कब्जे में ले लिया है। रूसी नुकसान का आंकड़ा नहीं दिया गया है। हालांकि, यूक्रेन का दावा है कि रूस को भी बड़ा नुकसान पहुंचा है।

## पापुआ न्यू गिनी में एक बार फिर भड़की आदिवासी हिंसा, कम से कम 53 लोगों की गोली मारकर हत्या

**मेलबर्न, एजेंसी।**
पापुआ न्यू गिनी में पिछले कुछ महीने से हिंसा की कई घटनाएं देखने को मिल चुकी हैं। हालांकि, सरकार बार-बार दावे करती रही है कि वो लोकतंत्र को मजबूती के साथ स्थापित करेगी, लेकिन जब भी उसकी ओर से कोई कदम उठाया जाता है तो कहीं न कहीं हिंसा की खबर आ जाती है। अब एक बार फिर यहां आदिवासी हिंसा में कम से कम 53 लोगों की गोली मारकर हत्या करने की जानकारी सामने आई है। यह सूचना ऑस्ट्रेलिया मीडिया ने सोमवार को स्थानीय पुलिस के हवाले से दी है।

ऑस्ट्रेलियाई मीडिया ने बताया कि दक्षिण प्रशांत द्वीप राष्ट्र के सुदूर हाइलैंड्स क्षेत्र में एंगा प्रांत में घात लगाकर हमला किया गया था। इससे कम से कम 53 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई लोगों के घायल होने की भी जानकारी है। रॉयल पापुआ न्यू गिनी कांस्टेबुलरी के कार्यवाहक अधीक्षक जॉर्ज ने बताया कि पुलिस को जंगल में भागे घायलों के शव मिले हैं। इसके अलावा, सड़कों और नदी के किनारे से शवों को एकत्र किया गया है। इन शवों को ट्रकों पर लादकर अस्पताल ले जाया गया। अधिकारी अभी भी उन लोगों की गिनती कर रहे हैं, जिन्हें गोली मारी गई और घायल हुए। उन्होंने कहा कि हमारा अनुमान है कि घायलों और मरने वालों की संख्या 60 से 65 हो सकती है। बता दें, पापुआ न्यू गिनी की गिनती विकासशील देशों में होती है। यहां बड़ी संख्या में आदिवासी जातियां भी निवास करती हैं। करीब 800 से अधिक भाषाएं बोली जाती हैं। इससे पहले जनवरी में भी यहां हिंसा भड़की थी, जिसमें 16 लोगों की मौत हुई थी। घटना के बाद प्रधानमंत्री ने देश में इमरजेंसी की घोषणा कर दी थी। इसके साथ-साथ उन्होंने कई सरकारी पुलिसकर्मियों को भी निलंबित कर दिया था।

## संक्षिप्त समाचार

### पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने लॉन्च किए जूते , कीमत 399 डॉलर

**वाशिंगटन , एजेंसी।** पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने न्यूयॉर्क के एक न्यायाधीश द्वारा नागरिक धोखाधड़ी मामले में उन पर और उनकी कंपनियों पर लगभग 355 मिलियन डॉलर का जुर्माना लगाने के एक दिन बाद एक स्नीकर लाइन लॉन्च की है। पूर्व राष्ट्रपति ने फिलाडेल्फिया में स्नीकर कॉन में ट्रम्प स्नीकर्स का अनावरण किया। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार उन्होंने मंच पर सोने के स्नीकर्स की एक जोड़ी रखी, इसकी कीमत एक नई वेबसाइट पर 399 डॉलर थी और इसे नेवर सरेंडर हाई-टॉप स्नीकर नाम दिया गया। 2024 के राष्ट्रपति पद के चुनाव लिए उनके और राष्ट्रपति जो बाइडेन के बीच संभावित मुकाबले में जीओपी नामांकन में अग्रणी ट्रम्प ने कहा कि यह कुछ ऐसा है जिसके बारे में मैं 12-13 साल से बात कर रहा हूं, और मुझे लगता है कि यह एक बड़ी सफलता होने जा रही है। शनिवार की रात तक, 399 डॉलर्स के स्नीकर्स को वेबसाइट पर बिक चुके के रूप में सूचीबद्ध किया गया था। साइट के अनुसार, स्नीकर्स के 1,000 जोड़े खरीद के लिए उपलब्ध थे। वेबसाइट के अनुसार, पूर्व राष्ट्रपति 199 डॉलर में स्नीकर्स के दो संस्करण भी बेच रहे हैं, जिनके किनारों पर टी और 45 है। कोलोन और परफ्यूम प्रत्येक 99 डॉलर पर बिक्री के लिए हैं।

### व्लादिमीर पुतिन का पक्ष लेने पर निक्की हेली ने की डोनाल्ड ट्रंप की आलोचना

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में रिपब्लिकन राष्ट्पति पद की उम्मीदवार निक्की हेली ने रविवार को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का साथ देने के लिए अपने मुख्य प्रतिद्वंद्वी डोनाल्ड ट्रंप की आलोचना की। एबीसी न्यूज को दिए एक साक्षात्कार में हेली ने कहा कि पुतिन ऐसे व्यक्ति नहीं हैं, जिनके साथ अमेरिका दोस्ती कर सके। उन्होंने कहा कि हमें अमेरिकी लोगों को याद दिलाने की जरूरत है कि व्लादिमीर पुतिन हमारे दोस्त नहीं हैं। व्लादिमीर पुतिन अच्छे नहीं हैं। यह वह व्यक्ति नहीं है जिसके साथ हम मित्रता करना चाहते हैं। यह कोई ऐसा व्यक्ति नहीं है जिस पर हम भरोसा कर सकें। उन्होंने कहा कि पिछले सप्ताह कैरोलिना में डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था कि हम पुतिन को प्रोत्साहित करेंगे।

### गाजा में इजरायली हमलों में अब तक लगभग 29 हजार फिलिस्तीनियों की मौत

**गाजा, एजेंसी।** हमास द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि गाजा पट्टी में इजरायली हमले में फिलिस्तीनी मृतकों की संख्या बढ़कर 28,985 हो गई है। शिन्हुआ समाचार एजेंसी को भेजे गए एक प्रेस बयान में, मंत्रालय ने रविवार को कहा कि 7 अक्टूबर, 2023 को इज़रायल-हमास संघर्ष शुरू होने के बाद से तटीय इलाके में 68,883 फिलिस्तीनी घायल हो गए हैं। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, मंत्रालय ने कहा कि इजरायली सेना ने पिछले 24 घंटों के दौरान 127 फिलिस्तीनियों को मार डाला और 205 अन्य को घायल कर दिया। इसमें कहा गया है कि भारी बमबारी और नागरिक सुरक्षा व एम्बुलेंस कर्मचारियों की कमी के बीच कुछ पीड़ित मलबे में दबे हुए हैं।

### अमेरिकी सीनेट द्वारा इज़राइल के लिए 14 अरब डॉलर के सहायता पैकेज को मंजूरी की ईरान ने की निंदा

**तेहरान, एजेंसी।** ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नासिर कनानी ने इजरायल के लिए 14 अरब डॉलर के सहायता पैकेज को मंजूरी देने के लिए अमेरिकी सीनेट की निंदा की है, उन्होंने कहा कि इससे गाजा पट्टी में और अधिक रक्त बहेगा। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, कनानी ने इजरायल को सुरक्षा सहायता के लिए अमेरिकी सीनेट द्वारा 13 फरवरी को दी गई मंजूरी के जवाब में रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि अमेरिकी करदाताओं द्वारा वित्त पोषित अमेरिकी सीनेट के फैसले से पता चलता है कि इजरायली प्रधान मंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और उनकी सरकार को निर्दोष फिलिस्तीनी नागरिकों की हत्या के लिए अमेरिका से प्रति दिन 100 मिलियन डॉलर मिलेंगे। अमेरिकी सीनेट ने विधेयक को 29 के मुकाबले 70 मतों से पारित कर दिया।

### मोरक्को की नौसेना ने अटलांटिक तट से 141 प्रवासियों को बचाया

**रबात, एजेंसी।** मोरक्को की नौसेना ने अटलांटिक तट के पास एक नाव से 141 प्रवासियों को बचाया। मीडिया ने रॉयल मोरक्कन सशस्त्र बलों के एक बयान का हवाला देते हुए यह जानकारी दी। तीन महिलाओं और दो नाबालिगों सहित सभी प्रवासी उप-सहारा अफ्रीकी देशों से थे। रविवार को जारी बयान के अनुसार, प्रतिकूल मौसम की स्थिति के कारण 15 घंटे तक चले ऑपरेशन में उन्हें बचाया गया। के हवाले से कहा गया है कि प्रवासी, जो 10 फरवरी को मॉरिटानिया तट से चले थे, उनका इरादा उत्तर-पश्चिमी अफ्रीका के तट से दूर एक स्पेनिश द्वीपसमूह कैनरी द्वीप तक पहुंचने का था। उनकी नाव दखला बंदरगाह से लगभग 274 किमी दूर फंसी होने के बाद, प्रवासियों ने एक संकट संकेत भेजा, जिसे मोरक्को के अधिकारियों ने पकड़ा। बयान में कहा गया है कि आवश्यक देखभाल के बाद प्रवासियों को रॉयल जेंडरमेरी को सौंप दिया गया। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, मोरक्को की सेना ने 2023 में लगभग 87 हजार प्रवासियों को गिरफ्तार किया।

## नहीं सेट हो रहा जोड़-तोड़ का फॉर्मूला, नवाज-बिलाव की तीसरी बैठक भी बेनतीजा

**इस्लामाबाद, एजेंसी।**
पाकिस्तान के आम चुनाव के नतीजे आए नौ दिन हो गए हैं मगर अभी भी सरकार बनाने को लेकर किसी तरह कोई स्थिति तय नहीं हो पाई है। आम चुनाव के नतीजों में किसी भी पार्टी को बहुमत साबित नहीं हुआ है, इस वजह से वहां गठबंधन की सरकार बनाने की कवायद जारी है। गठबंधन सरकार के लिए सत्ता-बंटवारे के फॉर्मूले को लेकर नवाज शरीफ की पार्टी पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज और बिलावल भुट्टो जरदारी की पार्टी पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के बीच बातचीत बेनतीजा रही। दोनों पक्षों ने हालांकि चर्चा में महत्वपूर्ण प्रगति का दावा किया। एक खबर में यह जानकारी दी गई है। दोनों दलों की संपर्क एवं समन्वय समितियों (सीसीसी) के बीच शनिवार को हुई तीसरी बैठक बेनतीजा रही और दोनों ने सत्ता-बंटवारे के फॉर्मूले को अंतिम रूप देने के लिए सोमवार को एक और बैठक करने का फैसला किया। बैठक के बाद पीएमएल-एन द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि मजबूत लोकतांत्रिक सरकार की आवश्यकता पर बल देते हुए दोनों पक्षों के साथ बातचीत में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। एक संयुक्त बयान में कहा गया है, दोनों पक्षों द्वारा रखे गए प्रस्तावों पर गहन चर्चा की गई, हालांकि पर्याप्त प्रगति हासिल हुई है, लेकिन मौजूदा मामलों को अंतिम रूप देने के लिए और विचार-विमर्श की आवश्यकता है। नवाज शरीफ के नेतृत्व वाली पीएमएल-एन ने शहबाज शरीफ को प्रधानमंत्री पद के लिए नामित किया है। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी द्वारा समर्थित उम्मीदवारों ने नेशनल असेंबली की 265 में से 93 सीट पर जीत हासिल की।

## नए भारतीय दूत ने श्रीलंका के उत्तरी प्रांत का दौरा किया

### ● दोनों देशों के बीच बेहतर कनेक्टिविटी का आह्वान

**कोलंबो, एजेंसी।**
श्रीलंका में भारत के उच्चायुक्त संतोष झा ने पहली बार इस द्विपीय देश के उत्तरी प्रांत की आधिकारिक यात्रा की और दोनों देशों के बीच संपर्क को बेहतर बनने पर जोर दिया। भारतीय उच्चायोग ने रविवार को एक बयान में कहा कि नवनियुक्त भारतीय उच्चायुक्त ने शनिवार को द्वीपीय देश के उत्तर में अपनी तीन दिवसीय पहली यात्रा पूरी की। बयान के मुताबिक झा ने यात्रा के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लिया जो ''द्विपक्षीय साझेदारी की गहरी जड़ें और उत्तरी प्रांत के साथ सामाजिक-आर्थिक और सांस्कृतिक संबंधों को गहरा करने के लिए भारत की दृढ़ प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।



झा ने कांकेसंतुराई (केकेएस) बंदरगाह और तलाईमन्नार पियर का दौरा करने के दौरान संपर्क को बेहतर करने पर जोर दिया। उन्होंने दोनों देशों के बीच नौका सेवाओं को शीघ्र फिर से बहाल करने की आवश्यकता भी बताई। बयान के मुताबिक पलाली हवाई अड्डे के दौरे के दौरान झा ने हवाई अड्डे पर बुनियादी ढांचे के विकास के माध्यम से हवाई संपर्क मजबूत करने की संभावनाओं पर विचार किया। भारत की विमानन कंपनी 'अलायंस एयर ने 2023 में चेन्नई से पलाली के बीच उड़ानो की शुरुआत की थी जिसके बाद श्रीलंका ने इस हवाई अड्डे के रनवे विस्तार के लिए भारत से वित्तीय सहायता मांगी। बयान के मुताबिक, भारत और श्रीलंका के बीच समृद्ध और साझा सांस्कृतिक विरासत को रेखांकित करते हुए उच्चायुक्त ने ऐतिहासिक राम सेतु पर प्रार्थना की।

उन्होंने प्राचीन तिरुकेथीस्वरम मंदिर में भी दर्शन किये जिसका भारत सरकार के अनुदान से जीर्णोद्धार कराया गया है। बयान में कहा गया, '' 70 अरब श्रीलंकाई रुपये से अधिक की सहायता के साथ श्रीलंका के साथ भारत की बहुआयामी विकास सहयोग साझेदारी में उत्तरी प्रांत केंद्र में रहा है। यह यात्रा क्षेत्र के लोगों के प्रति भारत की अटूट प्रतिबद्धता को दोहराने का एक अवसर था। बयान के मुताबिक, उच्चायुक्त ने जाफना में भारतीय शांति रक्षक बल (आईपीकेएफ) के स्मारक पर श्रीलंका में सर्वोच्च बलिदान देने वाले भारत के वीर सपूतों को श्रद्धांजलि दी। झा ने दिसंबर 2023 में श्रीलंका में भारत के उच्चायुक्त के रूप में पदभार ग्रहण किया था।

## अभी और सांसद-विधायक टूटेंगे !

### फरवरी में कांग्रेस, आप और बसपा के नेता कर सकते हैं भाजपा का रुख



**नईदिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस दिग्गज कमलनाथ के भारतीय जनता पार्टी में जाने की अटकलें हैं। हालांकि, इसे लेकर साफतौर पर अब तक कुछ नहीं कहा जा रहा है। इसी बीच खबरें हैं कि फरवरी में कांग्रेस समेत कई दलों के नेता पाला बदलकर भाजपा में जा सकते हैं। फिलहाल, दल बदल पर आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है। कांग्रेस समेत बहुजन समाज पार्टी, आम आदमी पार्टी के कई सांसद और विधायक भाजपा में शामिल होंगे। कहा जा रहा है कि विपक्षी दलों के नेताओं का भाजपा में शामिल होना 29 फरवरी यानी महीने के अंत तक जारी रहेगा। रिपोर्ट के अनुसार, सूत्र ने कहा, सिर्फ सांसद और विधायक ही नहीं, बल्कि हाल ही में चुने हुए विधायक भी भाजपा में शामिल होने के लिए तैयार हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, भाजपा के एक अन्य वरिष्ठ सूत्र ने संकेत दिए हैं कि यूपीए सरकार में केंद्रीय मंत्री रह चुके कांग्रेस के एक नेता ने रुचि दिखा रहे हैं। उन्होंने कहा, हमारी तरफ से अभी बातचीत शुरू नहीं हुई है। अटकलें हैं कि बसपा की लालगंज सांसद संगीता आजाद और आंबेडकर नगर सांसद रीतेश पांडे भाजपा में शामिल हो सकते हैं। खास बात है कि आजाद बसपा के संस्थापक सदस्यों के परिवार से हैं। हाल ही में महाराष्ट्र के तीन बड़े नेताओं ने कांग्रेस का साथ छोड़ा है। इनमें ताजा मामला पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण का है। वह भाजपा में शामिल हुए हैं और पार्टी ने उन्हें महाराष्ट्र से ही राज्यसभा का टिकट भी दिया है। इससे पहले पूर्व केंद्रीय मंत्री मिलिंद देवड़ा, बाबा सिद्दीकी भी कांग्रेस से इस्तीफा दे चुके हैं। एक ओर जहां देवड़ा मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना का हिस्सा बने।

वहीं, सिद्दीकी उपमुख्यमंत्री अजित पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए हैं। देवड़ा को भी शिवसेना ने राज्यसभा का टिकट दिया है।

## मायावती ने एक बार फिर साफ किया लोकसभा चुनाव में किसी भी पार्टी से गठबंधन नहीं करेगी

**लखनऊ, एजेंसी।**
बसपा सुप्रीमो मायावती ने एक बार फिर साफ किया है कि आने वाले लोकसभा चुनाव में उनकी पार्टी किसी से गठबंधन नहीं करने जा रही। बसपा अकेले ही यह चुनाव लड़ेगी। मायावती ने गठबंधन को लेकर लग रही अटकलों को अफवाह करार देते हुए इन पर नाराजगी जताई है। अपने एक्स अकाउंट पर एक पोस्?ट में मायावती ने कहा कि आए दिन गठबंधन को लेकर अफवाह फैलाना यह साबित करता है कि बीएसपी के बिना कुछ पार्टियों की यहां सही से दाल नहीं गलने वाली है।



सोमवार को एक के बाद एक दो पोस्ट में बसपा प्रमुख मायावती ने लिखा- आगामी लोकसभा आमचुनाव बीएसपी द्वारा किसी भी पार्टी से गठबंधन नहीं करने की बार-बार स्पष्ट घोषणा के बावजूद आएदिन गठबंधन सम्बंधी अफवाह फैलाना यह साबित करता है कि बीएसपी के बिना कुछ पार्टियों की यहाँ सही से दाल गलने वाली नहीं है, जबकि बीएसपी को अपने लोगों का हित सर्वोपरि है। मायावती ने कहा कि लोकसभा चुनाव अकेले लड़ने का उनका फैसला बदलने वाला नहीं है। साथ ही कार्यकर्ताओं को चेताया कि वे अफवाहों से सावधान रहें। मायावती ने कहा कि उनकी पार्टी अपने बलबूते पर ही चुनाव लड़ेगी। किसी के साथ गठबंधन नहीं करेगी।

मायावती ने आगे लिखा, अतः सर्वसमाज के ख़ासकर ग़रीबों, शोषितों एवं उपेक्षितों के हित व कल्याण के मद्देनज़र बीएसपी का देश भर में अपने लोगों के तन, मन, धन के सहारे अकेले अपने बलबूते पर लोकसभा आमचुनाव लड़ने का फैसला अटल है। लोग अफवाहों से ज़रूर सावधान रहें। कांग्रेस प्रभारी ने कही थी ये बात बता दें कि हाल में कांग्रेस के यूपी प्रभारी अविनाश पांडे ने कहा था कि बसपा के लिए विपक्षी गठबंधन इंडिया के दरवाजे खुले हैं। अब मायावती को तय करना है कि वह आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा के खिलाफ एकजुट होकर लड़ना चाहती हैं या अकेले अपने दम पर।

## 600 गायों का कत्ल और होम डिलीवरी, अलवर की बीफ मंडी के खुलासे से हड़कंप

**अलवर, एजेंसी।**
राजस्थान के अलवर में बीफ मंडी के खुलासे से हड़कंप मच गया है। बीहड़ में सालों से चल रही बीफ मंडी पर राजस्थान की भजनलाल सरकार ने बड़ा ऐक्शन लिया है। जयपुर रेंज के आईजी ने किशनगढ़बास थाने के 4 पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया है तो एसएचओ समेत 38 को लाइन हाजिर किया गया है। जिन पुलिसकर्मियो को निलंबित किया गया है उनमें एएसआई ज्ञानचंद, बीट कॉन्स्टेबल स्वयं प्रकाश, रविकात और हेड कॉस्टेबल रघुवीर शामिल हैं।



दरअसल, एक अखबार में इस बीफ मंडी की तस्वीरें छपीं तो जयपुर तक हलचल मच गई। खुद आईजी उमेश चंद्र दत्त ने छापेमारी की। इस दौरान 12 बाइक और एक पिकअप बरामद की गई है। गोवंश के अवशेष भी बरामद किए गए हैं और इन्हें परीक्षण के लिए भेजा गया है। बताया जा रहा है कि कई लोगों को हिरासत में लिया गया है। अलवर के किशनगढ़बास थाना क्षेत्र में यह बीफ मंडी चल रही थी। बीहड़ के बीच बसे बिरसंगपुर के पास रूंध गिदवड़ा में दिनदहाड़े गोकशी होती थी। मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया कि यहां हर महीने 600 गायें काटीं जाती थीं। हर दिन बड़ी संख्या में लोग यहां मांस खरीदने पहुंचते थे। वही मेवात के करीब 50 गांवो में होम डिलीवरी भी होती थी। आरोप है कि किशनगढ़बास थाने के पुलिसकर्मियों को मंडी की पूरी खबर थी। लेकिन कोई ऐक्शन नहीं लिया जाता था। अलवर से करीब 60 किलोमीटर दूर इस इलाके में करीब बीफ की बिरयानी भी बेची जाती थी। मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया कि मांस और खाल बेचकर यहां के कुछ लोग महीने में 4 लाख से ज्यादा तक की कमाई कर रहे थे। रूंध गिदवड़ा में पुलिस के ऐक्शन से हड़कंप मच गया है।

## बच्चों का खेल नहीं है राजनीति- सुप्रिया सुले



**मुंबई, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव 2024 से पहले महाराष्ट्र के पवार परिवार में रार जारी है। अटकलें हैं कि पवार परिवार का गढ़ कहे जाने वाले बारामती से शरद पवार के बेटी सुप्रिया सुले के सामने उपमुख्यमंत्री अजित की पत्नी सुनेत्रा चुनाव लड़ सकती हैं। खबर है कि इसे लेकर बारामती सांसद और सीनियर पवार की बेटी सुप्रिया सुले का कहना है कि राजनीति बच्चों का खेल नहीं है।
सुले से जब इन अटकलों के बारे में पूछा गया कि अजित पवार बारामती से अपनी पत्नी को उनके खिलाफ खड़ा कर सकते हैं, तो उन्होंने कहा, मेरे लिए, यह एक वैचारिक लड़ाई है। इसमें कुछ भी व्यक्तिगत नहीं है। (शरद) पवार साहब एक निश्चित विचारधारा के लिए खड़े हुए हैं और हम उसके लिए प्रतिबद्ध हैं। यह पारिवारिक लड़ाई कैसे हो सकती है।
उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में कोई भी कहीं से भी चुनाव लड़ सकता है। उन्होंने कहा, मैंने कल (शनिवार को) कहा था कि अगर उनके पास कोई मजबूत उम्मीदवार है तो मैं उससे बहस करने को तैयार हूं। वे विषय, समय और स्थान तय कर सकते हैं। मैं तैयार हूं।
मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सुले ने कहा, राजनीति में कोई रिश्ते नहीं होते, लेकिन जिम्मेदारियां जरूरी हैं। मैं रिश्ते और अपने काम को नहीं मिलाती हूं। यह विचारधारा की लड़ाई है। लोगों को मेरिट के आधार पर मुझे वोट देना चाहिए। अजित पवार किसी का नाम लिए बिना शरद पवार और सुप्रिया सुले पर पिछले कुछ दिन से तीखा हमला कर रहे हैं। उन्होंने हाल में कहा था कि संसद में भाषणों के लिए पुरस्कार मिलने से विकास कार्य नहीं होते।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129